

# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,मंगलवार 12 मई 2026 ■ ज्येष्ट कृष्ण पक्ष-11 ■ वर्ष -42 ■ अंक-044 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 13 मई 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये

## पेपर लीक के बाद नीट की परीक्षा रद्द

**नई दिल्ली,12 मई।** देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा मानी जाने वाली नीट यू जी-2026 परीक्षा रद्द कर दी गयी है। राजस्थान में कथित पेपर लीक की खबर सामने आने के बाद परीक्षा की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए थे। इस बीच अब नीट की परीक्षा को रद्द किये जाने और दोबारा परीक्षा कराए जाने की जानकारी आयी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच एजेंसियां सक्रिय हो गई हैं और पूरे प्रकरण की जांच अब केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो से कराए जाने की बात सामने आई है। हालांकि अब तक नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से परीक्षा रद्द करने को लेकर कोई आधिकारिक अधिसूचना जारी नहीं की गई है। एजेंसी ने पहले भी पेपर लीक की अफवाहों को खारिज किया था, लेकिन राजस्थान में सामने आए नए घटनाक्रम के बाद विवाद और गहरा गया है। बताया जा रहा है कि 3 मई को आयोजित नीट यूजी-2026 परीक्षा से पहले एक कथित "गेस पेपर" कई राज्यों में वायरल हुआ था। जांच एजेंसियों को शक है कि इस गेस पेपर के 100 से अधिक प्रश्न वास्तविक परीक्षा से



मेल खाते हैं। इसी आधार पर राजस्थान पुलिस की स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने जांच शुरू की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक राजस्थान और उत्तराखंड समेत कई राज्यों में संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी मिलने के बाद कई लोगों को हिरासत में लिया गया है। जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि प्रश्नपत्र परीक्षा से पहले कैसे और किन माध्यमों से प्रसारित हुआ।

**जल्द होगी नई तारीखें घोषित**

इस पूरे घटनाक्रम ने लाखों छात्रों और अभिभावकों की चिंता बढ़ा दी है। देशभर में करीब 20 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने इस परीक्षा में हिस्सा लिया था। अब परीक्षा रद्द होने और दोबारा परीक्षा आयोजित किए जाने की अटकलों के चलते छात्रों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। कई छात्रों का कहना है कि उन्होंने महीनों की तैयारी के बाद परीक्षा दी थी और यदि दोबारा परीक्षा होती है तो इसका मानसिक दबाव उन पर पड़ेगा।

विपक्षी दलों ने भी मामले को लेकर केंद्र सरकार और परीक्षा एजेंसियों पर सवाल उठाए हैं। राहुल गांधी ने इस मुद्दे को उठाते हुए कहा कि बार-बार होने वाली परीक्षा अनियमितताएं छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हैं। गौरतलब है कि इससे पहले भी नीट परीक्षा पेपर लीक के आरोपों को लेकर विवादों में रही है। वर्ष 2024 में भी परीक्षा में अनियमितताओं और कथित पेपर लीक को लेकर मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा था। उस समय सीबीआई जांच में कई गिरफ्तारियां हुई थीं, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने परीक्षा रद्द करने से इनकार कर दिया था और कहा था कि व्यापक स्तर पर गड़बड़ी के पर्याप्त प्रमाण नहीं मिले हैं।

## हिमंता बिस्वा सरमा दूसरी बार बने असम के सीएम

**गुवाहाटी,12 मई।** लगातार दूसरी हिमंता बिस्वा सरमा ने बार असम के सीएम बन गए हैं। गवर्नर लक्ष्मण आचार्य ने उन्हें पद और गोपनियता की शपथ दिलाई। इसके साथ ही हिमंता असम के पहले गैर-कांग्रेसी नेता बन गए हैं जो लगातार दूसरी बार मुख्यमंत्री पद संभाल रहे हैं। शपथ ग्रहण समारोह में पीएम नरेंद्र मोदी, अमित शाह, राजनाथ सिंह समेत कई केंद्रीय मंत्री मौजूद रहे। इन लोगों के अलावे सभी बीजेपी और एनडीए शासित राज्यों के सीएम भी शामिल हुए। गुवाहाटी के खानापारा वेटरनरी कॉलेज ग्राउंड में शपथ ग्रहण कार्यक्रम में हिमंता के अलावा 4 विधायकों रामेश्वर तेली, अतुल बोरा, चरण बोरो और अजंता नेओग ने मंत्री पद की शपथ ली है। इनमें दो बीजेपी और 2 सहयोगी दलों से हैं। बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट के नेता चरण बोरो का नाम भी शामिल है। वे तीसरी बार माजबाट सीट से विधायक बने हैं। पिछले साल अक्टूबर में उन्हें सरमा सरकार में मंत्री बनाया गया था। माना जाता है कि भाजपा और बीपीएफ के गठबंधन को मजबूत करने में उनकी अहम भूमिका रही है। अजंता नियोग मुख्यमंत्री सरमा की पुरानी राजनीतिक सहयोगियों में शामिल हैं। वह लगातार छठी बार गोलाघाट सीट से विधायक चुनी गई हैं। उन्होंने अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत कांग्रेस से



की थी और पूर्व मुख्यमंत्री तरुण गोगोई सरकार में मंत्री भी रहीं. बाद में वह भाजपा में शामिल हो गईं थी अतुल बोरा असम गण परिषद के अध्यक्ष हैं और छात्र राजनीति से उभरकर बड़े नेता बने। असम आंदोलन के दौर से उनकी राजनीति मजबूत हुई. वे भाजपा के नेतृत्व वाली पिछली दोनों सरकारों में कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। रामेश्वर तेली असम के बड़े जनजाति नेताओं में गिने जाते हैं। वे केंद्र सरकार में खाद्य प्रसंस्करण और पेट्रोलियम मंत्रालय में राज्य मंत्री की जिम्मेदारी निभा चुके हैं। बता दें कि असम विधानसभा चुनाव 2026 में बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए ने विपक्ष का सूपड़ा साफ करते हुए 102 सीटों पर जीत हासिल की है। इसमें बीजेपी ने अकेले 82 सीटें जीती हैं, जो बहुमत के आंकड़े से कहीं अधिक है। सहयोगी दल एजीपी और बीपीएफ ने भी 10-10 सीटों पर जीत दर्ज की है। ये राज्य में एनडीए की लगातार तीसरी सरकार है, जिसकी शुरुआत 2016 में सर्बानंद सोनोवाल के नेतृत्व में हुई थी।

### "ऑपरेशन निश्चय" के तहत 378 किलो गांजा जब्त

**रायपुर,12 मई।** रायपुर रेंज पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान "ऑपरेशन निश्चय" के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने महासमुंद, धमतरी और गरियाबंद जिलों में सघन नाकेबंदी और वाहन चेकिंग अभियान चलाकर कुल 378.060 किलोग्राम गांजा जब्त किया है। इस कार्रवाई में 12 अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार जब्त गांजे की अनुमानित कीमत लगभग ₹1 करोड़ 89 लाख 3 हजार रुपये है, जबकि 11 वाहनों सहित कुल जब्त संपत्ति की कीमत लगभग ₹1 करोड़ 98 लाख 5 हजार रुपये आंकी गई है। जांच में सामने आया कि तस्करों ने इस बार गांजा तस्करी के लिए बेहद चतुर तरीका अपनाया था। आरोपी खुद को कपड़ा बेचने वाले फेरीवाले (स्ट्रीट वेंडर) के रूप में पेश कर रहे थे। मोटरसाइकिलों की पिछली सीट पर कपड़ों के ढेर के नीचे विशेष रूप से बनाए गए लोहे के जालीदार गुप्त कम्पार्टमेंट तैयार किए गए थे, जिनमें गांजा छिपाकर ले जाया जा रहा था। पुलिस की सतर्कता के चलते यह पूरा नेटवर्क पकड़ा गया। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि गांजा ओडिशा के बालिगुड़ा और तितरी (रायगढ़ा क्षेत्र) से लाया गया था, जिसे मध्यप्रदेश में खपाने की योजना थी।धमतरी जिले में वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने 131.005 किलोग्राम गांजा बरामद किया। इस कार्रवाई में 2 अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया गया.

### ममता बनर्जी का साथी सुजीत बोस गिरफ्तार

**कोलकाता,12 मई।** पश्चिम बंगाल में सत्ता बदलते ही पूर्ववर्ती ममता सरकार के भ्रष्टाचारी नेताओं पर एक्शन का शुरू हो गया है। बंगाल में आजादी के बाद पहली बार बीजेपी कि सरकार बनते ही पहली गिरफ्तारी ममता बनर्जी सरकार के पूर्व मंत्री सुजीत बोस की हुई है। बंगाल पूर्व मंत्री सुजीत बोस को ईडी ने गिरफ्तार किया है। नगर निगम भर्ती घोटाले में ईडी ने ये कार्रवाई की है। ईडी ने करीब 10 घंटे के पूछताछ के बाद ने पूर्व मंत्री सुजीत बोस को गिरफ्तार कर लिया। जांच में सहयोग न करने और बयान में विसंगतियां पाए जाने के आधार पर बोस को गिरफ्तार किया गया है। टीएमसी के कद्दावर नेताओं में शुमार बोस तीन बार विधायक रह चुके हैं। सुजीत बोस पर 2014-2018 के बीच साउथ दमदम नगर निगम में करीब 150 लोगों की अवैध भर्ती कराने का आरोप है। कहा जाता है कि सुजीत ने इसके बदले पैसे और फ्लैट लिए थे। सुजीत उस वक्त दमदम नगर पालिका के उपाध्यक्ष थे। ईडी ने 10 अक्टूबर 2025 को पश्चिम बंगाल में 13 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इनमें सुजीत बोस और पश्चिम बंगाल के पूर्व अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा मंत्री के दफ्तर भी शामिल थे। इस दौरान जांच एजेंसी ने कई अहम दस्तावेज और 45 लाख रुपये नकद बरामद किए थे। जांच एजेंसी का दावा है कि भर्ती में मदद करने के बदले सुजीत बोस ने कई फ्लैट हासिल किए, जिन्हें ईडी ने अपराध से अर्जित संपत्ति (प्रोसीड्स ऑफ क्राइम) के रूप में चिन्हित किया। इसके अलावा ईडी को उनके नियंत्रण वाले बैंक खातों में भारी मात्रा में नकद जमा होने के सबूत भी मिले हैं। यह मामला बंगाल के विभिन्न नगर निगमों और नगरपालिकाओं में हुई कथित अवैध भर्तियों का है। ईडी ने इस मामले में जांच कलकत्ता हाई कोर्ट के निर्देश पर सीबीआई द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर शुरू की थी।

## प्रदूषण: 25 उद्योगों पर कार्रवाई

**79 लाख रुपये से अधिक का लगाया जुर्माना**

**रायगढ़,12 मई।** रायगढ़ जिले में वायु गुणवत्ता और पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा लगातार सघन निगरानी और प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। मंडल ने स्पष्ट किया है कि जिले की वायु गुणवत्ता सूचकांक 'संतोषजनक' से 'मध्यम' श्रेणी के बीच स्थिर बनी हुई है। पर्यावरणीय मानकों का उल्लंघन करने वाले उद्योगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करते हुए इस वर्ष अब तक 25 उद्योगों पर 79 लाख रुपये से अधिक की पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति राशि अधिरोपित की गई है।

रायगढ़ जिले में वायु गुणवत्ता की सटीक निगरानी के लिए 4 सतत परिवेशीय वायु गुणवत्ता निगरानी प्रणाली स्थापित की गई हैं। ये केंद्र खनन प्रभावित क्षेत्रों—कुंजेमुरा, मिलुपारा (तमनार), छाल (धरमजयगढ़) तथा औद्योगिक क्षेत्र पूंजीपथरा में संचालित हैं। इसके अतिरिक्त, नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के अंतर्गत रायगढ़ शहर और ओ.पी. जिंदल औद्योगिक पार्क क्षेत्र में नियमित रूप से मैन्युअल मॉनिटरिंग भी की जा रही है। मंडल द्वारा पर्यावरणीय मानकों के उल्लंघन के मामलों में जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जा रही है। जनवरी 2026 से मई 2026 तक प्रदूषण मानकों का उल्लंघन करने वाले 8 उद्योगों पर 3 लाख 22 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इसी प्रकार, फ्लाई ऐश प्रबंधन एवं परिवहन संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन नहीं करने वाले 17 उद्योगों पर 76 लाख 20 हजार 255 रुपये की पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित की गई है। इस प्रकार कुल 25 उद्योगों पर 79 लाख रुपये से अधिक की कार्रवाई की गई है। सड़कों पर उड़ने वाली धूल एवं राखड़ की समस्या को नियंत्रित करने के लिए मंडल द्वारा विस्तृत मानक संचालन प्रक्रिया लागू की गई है। इसके तहत कच्चे माल और औद्योगिक उत्पादों के परिवहन के दौरान डस्ट कंट्रोल उपायों का पालन अनिवार्य किया गया है। फ्लाई ऐश के पारदर्शी और वैज्ञानिक निपटान के लिए IWMMS पोर्टल का उपयोग किया जा रहा है, जिसके माध्यम से राखड़ के उठाव से लेकर अंतिम निपटान तक की प्रत्येक गतिविधि की डिजिटल निगरानी की जा रही है। क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के अनुसार रायगढ़ जिले में प्रदूषण स्तर में लगातार वृद्धि होने की आशंकाएं तथ्यों पर आधारित नहीं हैं। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार जिले की वायु गुणवत्ता नियंत्रित और स्थिर बनी हुई है।

मंडल द्वारा उद्योगों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है और पर्यावरणीय मानकों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

## जनगणना में घर, गाड़ी या संपत्ति की जानकारी छिपाई तो होगी तीन साल की जेल, जुर्माना भी लगेगा

**नई दिल्ली,12 मई।** जनगणना में किसी तथ्य को जानबूझकर छिपाने पर जनगणना अधिनियम 1948 की धारा 11 के तहत एक हजार रुपये जुर्माना एवं तीन साल की सजा का प्रावधान है। इस मामले में उत्तरदाता एवं प्रगणक के लिए दंड का एक समान प्रावधान है, जबकि जनगणना में प्राप्त तथ्यों को कोई प्रगणक बाहर साझा करता है तो आरोप साबित होने पर भी दंड का प्रावधान है। जनगणना में सोमवार को पांचवें दिन भी स्वगणना हुई। स्वगणना के दौरान कुछ लोगों के तथ्यों को छिपाने की चर्चा के बीच प्रगणक एवं पर्यवेक्षक भी सतर्क हो गए हैं। उनमें जनगणना अधिनियम के प्रावधानों की बातें हो रही हैं। यदि हाउस लिस्टिंग ब्लॉक में ज्यादा अनियमितता पाई जाएगी तो प्रगणक जिम्मेदार होंगे। वहीं किसी ब्लॉक में रहने वालों की संख्या बहुत कम होगी तो संदेह के आधार पर फिर पुनरीक्षण कराया जा सकता है। गोरखपुर में चार्ज अधिकारी/एसडीएम सदर दीपक गुप्ता ने बताया कि जनगणना में प्रगणक घर-घर जाएंगे और भौतिक सत्यापन करके ही फीडिंग करेंगे। यदि किसी का बड़ा मकान है और उसने कमरे की संख्या कम बता दी है तो जनगणना कर्मी उसकी जांच करेंगे। यदि किसी के घर में दो या तीन कारें हैं और मकान मालिक उसमें एक ही कार को अपना बता रहा है तो हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट सहित अन्य माध्यम से भी जांच की जाएगी। इसे लेकर जिला जनगणना अधिकारी विनीत कुमार सिंह ने बताया कि जनगणना में किसी को चल-अचल संपत्ति छिपाने की आवश्यकता नहीं है। इसके तथ्यों से आयकर एवं अन्य सुविधाओं का कोई सरोकार नहीं है। जनगणना के दौरान किसी विवाद के बाद आरोप साबित होने पर जनगणना अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।वहीं, जनगणना के लिए भरे जाने वाले फॉर्म में कई सवाल और सही विकल्प हैरान कर देने वाले हैं। 34 सवालों में से एक सवाल यह भी है कि आपकी पत्नी कितनी हैं? अगर पत्नी दो होंगी तो डबल फैमिली यानी दो दंपति का विकल्प भरना होगा। अगर एक महिला के दो पति हों तो सिंगल फैमिली यानी एक दंपति माना जाएगा। किसी भी परिवार में दंपति की गणना पत्नी की संख्या से ही निर्धारित होगी। जितनी पत्नियां, उतने ही दंपति। परिवार में दादा-दादी, पिता-माता और पुत्र-बहू हों तो इसका मतलब यह नहीं कि मुखिया वही होगा जो बड़ा होगा। यानी जरूरी नहीं है कि दादा या पिता ही मुखिया हों, कोई भी हो सकता है। परिवार के सदस्य जिसे मुखिया बताएंगे, वही फॉर्म में भरा जाएगा। जनगणना के लिए फॉर्म पूरी स्टडी से तैयार किया गया है।

## मंदिर-मस्जिद, स्कूल के आसपास की शराब दुकानों को बंद करने सीएम विजय का आदेश

**चेन्नई,12 मई।** तमिलनाडु के सीएम बनने के दिन से ही विजय का नायक अवतार जारी है। सीएम विजय ताबड़तोड़ फैसले ले रहें हैं, जो उन्होंने अपने चुनावी घोषणापत्र में वादा किया था। अब एक और बड़ा फैसला लेते हुए सीएम विजय ने मंदिर-मस्जिद, स्कूल और बस स्टैंड के पास खुले शराब दुकानों को बंद करने का आदेश दिया है। विजय सरकार ने 717 शराब दुकानों को 15 दिन के भीतर बंद करने का आदेश जारी किया है। तमिलनाडु को हर साल शराब से करीब 40 हजार करोड़ का रेवन्यू होता है। बता दें कि तमिलनाडु सरकार के अनुसार, राज्य में फिलहाल TASMAC की कुल 4,765 शराब की दुकानें हैं। तमिलनाडु की विजय सरकार ने 717 शराब दुकानों को बंद करने के लिए चुना गया है। इनमें से 276 दुकानें पूजा स्थलों के पास, 186 शिक्षण संस्थानों के पास और 255 बस स्टैंड के पास स्थित है। शराब की दुकानों को बंद करने का यह कदम विजय का पद संभालने के कुछ ही घंटों के भीतर किया गया पहला



बड़ा नीतिगत फैसला है। नई सरकार इस फैसले को एक अहम सामाजिक सुधार उपाय के तौर पर पेश कर रही है। इसका मकसद संवेदनशील सार्वजनिक जगहों पर शराब की दुकानों को लेकर उठ रही चिंताओं को दूर करना है। साल 2023 में एमके स्टालिन की सरकार ने शराब से मौतों के बाद करीब 500 सरकारी शराब की दुकानों को बंद करने का आदेश दिया था। स्टालिन सरकार ने जिन दुकानों को बंद किया था, उनमें धार्मिक स्थलों और स्कूल-कॉलेजों के पास स्थित दुकानें थीं। इसके अलावा जिन लोगों को ऐतराज था कि उनके इलाके से दुकानें हटाई जाएं। उन्हें भी हटाने का फैसला लिया गया था। सिर्फ चेन्नई से 61 दुकानों को बंद करने का फैसला किया गया था। इसके अलावा कांचीपुरम में 31 और मदुरै में 21 दुकानें बंद की गई थी। विजय थलापति ने राहुल गांधी की मौजूदगी में 10 मई को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी।

## मंत्री केदार कश्यप ने कहा - छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी दर घटी

**रायपुर,12 मई।** छत्तीसगढ़ के वन मंत्री केदार कश्यप ने राज्य में बेरोजगारी दर, विकास कार्यों, प्रधानमंत्री की अपील और फॉरेस्ट गार्ड भर्ती परीक्षा को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य में बेरोजगारी दर में कमी आई है और लोगों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। राज्य निर्माण के बाद लोगों के जीवन स्तर में लगातार सुधार हुआ है। सड़क, बिजली और अन्य मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने का काम भाजपा सरकार ने किया है। राज्य के युवाओं का सपना अब पूरा हो रहा है। कांग्रेस द्वारा मंत्रियों के गाड़ियों के काफिले कम करने की मांग पर मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि सरकार की हमेशा कोशिश रहती है कि खर्च कम किया जाए। इस विषय पर सरकार स्तर पर विचार किया जाएगा और जहां आवश्यकता होगी वहीं संसाधनों का उपयोग किया जाएगा।प्रधानमंत्री मोदी द्वारा वैश्विक संकट को लेकर देशवासियों से की गई अपील पर मंत्री कश्यप ने कहा कि हमें प्रधानमंत्री की बातों को गंभीरता से लेने की जरूरत है। आने वाले एक साल तक प्रधानमंत्री की बातों को अपनी दिनचर्या में उतारने की आवश्यकता है। कांग्रेस द्वारा प्रधानमंत्री की अपील पर तंज कसने पर पलटवार करते हुए केदार कश्यप ने कहा कि आरोप लगाना कांग्रेस का दायित्व बन गया है। प्रधानमंत्री ने वैश्विक संकट को देखते हुए देशहित में अपील की है। कांग्रेस शासनकाल पर निशाना साधते हुए मंत्री ने कहा कि उस समय देश को खोखला करने का काम किया गया, जबकि आज भारत हर क्षेत्र में मजबूत हो रहा है। भाजपा द्वारा पोस्टर के माध्यम से कांग्रेस को हिंदू विरोधी बताए जाने के मुद्दे पर वन मंत्री ने कहा कि आजादी के बाद तुष्टिकरण की राजनीति के तहत सनातन धर्म का सम्मान नहीं किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि तत्कालीन राष्ट्रपति को भी मंदिर जाने से रोका गया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता अपने बयानों से तुष्टिकरण की राजनीति को उजागर कर रहे हैं.

**भाला फेंक के पैराओलंपियन सुमित अंतिल की शिकायत पर कोच बर्खास्त**

## खेल में हमारा भविष्य उज्जवल पर बचे विवादों से

**आलेख .. जसवंत क्लॉडियस, वरिष्ठ खेल पत्रकार, टी वी कमेंटेटर, रायपुर,( छ ग .)**

आज स्वस्थ और चुस्त दुरुस्त मनुष्य अपने वर्ग के बराबर के खिलाड़ियों से मुकाबला करते हैं। दूसरी तरफ 100 वर्ष पूर्व शारीरिक रूप से अक्षम चाहे जन्म से हो या दुर्घटना वश ऐसे दिव्यांग खिलाड़ी पूरी तरह सामान्य कद काठी वालों से मुकाबला नहीं कर पाते थे। इस परिस्थिति में खेल की लोकप्रियता और महत्व जीवन में जैसे- जैसे बढ़ती चली गई उसमें अनेक बदलाव होने लगे . खेलकूद की शुरुवात को 7000 वर्ष ईसा पूर्व के आसपास माना जाता है। वास्तव में सैनिकों या तत्कालीन शासकों के बचाव करने वाले रक्षकों द्वारा शरीर का किसी हमले के लिए या अपने राजा, शासक की रक्षा के लिए नियमित रूप से शारीरिक कसरत की जाती थी उसी को खेल की शुरुआत माना जा सकता है। फिर खेल में प्रतिस्पर्धा आरम्भ हुई . प्राचीनकाल में ईसा पूर्व 776 में यूनान ओलंपिया में पहले ओलंपिक खेलों की जानकारी मिलती है। 1844 में अमेरिका और कनाडा के बीच खेले गये एक क्रिकेट मैच को आधुनिक युग का पहला मैच माना जाता है। इसी तरह 1872 में फुटबाल की पहली अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता 1872 में इंग्लैड व स्काटलैंड के बीच हुई। फिर टेनिस में विंबलडन, क्रिकेट में टेस्ट मैच के बाद 1896 में आधुनिक ओलंपिक खेलों की शुरुवात हुई। 1913-17 के प्रथम विश्व युद्ध फिर 1937 से 1945 के बीच दूसरे विश्वयुद्ध हुए। इस तरह के युद्ध से अनेक सैनिक, नागरिक शारीरिक रूप से विकलांग हुए और चिकित्सकों, समाज शास्त्रियों को चिंता इस बात की हुई कि आखिर विकलांग हुए व्यक्तियों के जीवन को किस तरह सामान्य किया जाए? उन्हें तंदुरुस्त रखते हुए, उनके अंदर जीने की चाहत कैसे पैदा की जाए? 1904 सेंट लुईस ओलंपिक खेल में भाग लेने वाले अमेरिकन जॉर्ज आइजर पहले दिव्यांग एथलीट थे फिर हंगरी के ओलिवर हलासी ने 1928-36 तक वॉटर पोलो में भाग लेकर पदक जीता था. लेकिन डॉ. लुडविन गुटमैन नामक न्यूरोलाजिस्ट ने सबसे पहले दिव्यांगों की समस्या को महसूस किया अतः उन्होंने 1948 में सर्वप्रथम स्टोक मैंडेविले गेम्स दिव्यांगों के लिए शुरू की। आखिरकार 1948 लंदन ओलंपिक खेलों में पहली बार दिव्यांगों की तीरंदाजी स्पर्धा हुई। फिर 1960 रोम ओलंपिक से अधिकारिक पैरालिंपिक खेलों का आयोजन हुआ। 1988 सियोल ओलंपिक से यह नियम बन गया कि पैरालिंपिक खेल भी उसी शहर में होंगे जहां ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेल होते हैं।

इधर भारत ने 1968 से तेल अवीव खेलों में भाग लेकर अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग टूर्नामेंट में भाग लेना आरम्भ किया। 1984 से भारत लगातार पैरालंपिक में भाग ले रहा है। परंतु (2016-2024) पिछले एक दशक में भारतीय दिव्यांग खिलाड़ियों ने भारत के लिए अभूतपूर्व प्रदर्शन किया और 2016 रियो ओलंपिक में 4 पदक जीते. 2020 टोक्यो में 5 स्वर्ण सहित 19 पदक जीते। 2024 पेरिस में हमारे पैरा ओलंपियन खिलाड़ियों ने कमाल का प्रदर्शन किया और कुल 29 पदक (07 स्वर्ण,09 रजत,13 कांस्य) जीते । इसमें अवनी लेखरा (निशानेबाजी)और सुमित अंतिल(भाला फेंक) दो ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने लगातार दो पैरालिंपिक में दो स्वर्ण पदक जीते. सुमित अंतिल वर्तमान में पुरुषों की एफ 64 श्रेणी में विश्व और पैरालंपिक चैंपियन हैं। उनकी इस असाधारण उपलब्धि के कारण उन्हें 2022 में पद्मश्री तथा खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। 2015 में एक सड़क दुर्घटना में बाया पैर खोने के बाद उन्होंने भाला फेंक को अपनाया। जिंदगी की राह में ऐसे गंभीर अवसाद को पछाड़ने वाले भारत के वीर के साथ उनके प्रशिक्षक द्रोणाचार्य पुरस्कार प्राप्त नवल सिंह ने जो अमानवीय बर्ताव किया उसको सुमित ने सार्वजनिक किया। वह अत्यंत निंदनीय है। भारत के लिए लगातार दो पैरालिंपिक खेलों में दो स्वर्ण पदक जीतने वाले सुमित अंतिल की शिकायत पर साईं की कार्यवाही की वजह से हमारे देश के अन्य दिव्यांग जनों में खेल में भाग लेने के प्रति लगाव बढ़ाने की दृष्टि से इस आलेख में दिव्यांगों के लिए खेल इतिहास को भी बताया गया है ताकि देश का प्रत्येक दिव्यांग इस जानकारी का लाभ उठाये और राष्ट्रहित में अपना जीवन समर्पित कर सके। कोच नवल सिंह द्वारा सुमित जैसे महान खिलाड़ी को नशे में धुत होकर न सिर्फ उनके साथ गाली गलौच करना बल्कि उनके परिवार के सदस्यों को पीड़ित, प्रताड़ित करना एक दुर्भाग्यजनक घटना है। इसकी शिकायत पर भारत खेल प्राधिकरण (साईं) का नवल सिंह को तत्काल बर्खास्त करने का निर्णय हमारे देश में अन्य खिलाड़ियों तथा प्रशिक्षकों के लिए एक सबक है। खेलकूद जीवन में अनुशासन और समय की पाबंदी सीखाती है। इसके लिए कोच व खिलाड़ी दोनों को ही सजग सतर्क होना चाहिए। हमारे देश में जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और खेल मंत्री मनसुख मांडविया के अगुवाई में खेलकूद का माहौल बनाया जा रहा है। तो फिर ऐसी घटना का प्रकाश में आना निंदनीय है। कोच, खिलाड़ी सहित खेल से जुड़े समस्त लोगों के लिए जरूरी है कि वे ऐसा कोई कार्य ना करें जिससे हमारे देश को खेल से जोड़ने का जो अभियान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रारंभ किया है। उसमें कोई व्यवधान न आए।

# मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान योजना से उपभोक्ताओं को बड़ी राहत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



भिलाई, 12 मई। मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना बिजली उपभोक्ताओं के लिए राहतभरी साबित हो रही है। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी में 8 मई तक 21 हजार 543 सक्रिय उपभोक्ताओं ने योजना का लाभ लेते हुए 1 करोड़ 89 लाख 56 हजार रुपए से अधिक की बकाया राशि जमा की है। जानकारी के अनुसार 31 मार्च 2023 तक दुर्ग क्षेत्र में 30 हजार 666 सक्रिय उपभोक्ता योजना के लिए पात्र पाए गए थे जिन पर कुल 16 करोड़ 97 हजार 546 रुपए का बकाया था। योजना के प्रभावी संचालन से बड़ी संख्या में उपभोक्ता पुराने बिजली बिलों के बोझ से राहत पा रहे हैं। कार्यपालक निदेशक संजय खंडेलवाल ने बताया कि योजना का लाभ केवल सक्रिय ही नहीं बल्कि निष्क्रिय उपभोक्ताओं को भी मिल रहा है। अब तक 30 हजार 458 निष्क्रिय उपभोक्ताओं ने 36 लाख 33 हजार रुपए से अधिक की राशि जमा की है। इन उपभोक्ताओं पर लगभग 18 करोड़ 3 लाख 69 हजार रुपए बकाया थाए जिसमें पात्रता अनुसार शेष राशि माफकर दी गई है। योजना के तहत निष्क्रिय बीपीएल उपभोक्ताओं को मूल राशि पर 75 प्रतिशत तथा घरेलू एवं कृषि उपभोक्ताओं को 50 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। वहीं सभी श्रेणियों में अधिभार सरचार्ज पूरी तरह माफकिया जा रहा है। सक्रिय घरेलू और कृषि उपभोक्ताओं के लिए एकमुश्त भुगतान पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त छूट तथा तीन किस्तों में भुगतान पर 5 प्रतिशत अतिरिक्त छूट का प्रावधान किया गया है। साथ ही 6 किस्तों में भुगतान की सुविधा भी दी गई है। योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ता मोर बिजली ऐप अथवा बिजली कार्यालय में पंजीयन करा सकते हैं।

# दीनदयाल साहू का उपन्यास पीरा विमोचित



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 12 मई। छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग द्वारा आयोजित साहित्यिक कार्यक्रम में डॉ. दीनदयाल साहू के छत्तीसगढ़ी उपन्यास पीरा का विमोचन किया गया। मुख्य अतिथि सुनील सोनी थे। विशेष रूप से अनुज शर्मा, डॉ. रमेन्द्रनाथ मिश्र तथा प्रभात मिश्रा की उपस्थिति रही। इसके अलावा अरुण निगम, श्रीमती शशि दुबे, जोशी बहनें सहित रायपुर एवं अन्य जिलों से आए साहित्यकार और साहित्य प्रेमी कार्यक्रम में शामिल हुए। यह डॉ. साहू की तीसरा प्रकाशित उपन्यास है। उनकी अन्य दो छत्तीसगढ़ी उपन्यास अंतस के पीरा और सोनहा माटी प्रकाशनाधीन हैं। डॉ. साहू की अब तक छत्तीसगढ़ी एवं हिंदी सहित विभिन्न विधाओं में कुल 18 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं।

## एक नजर

### अवैध रूप से शराब बेचने वाला गिरफ्तार



भिलाई, 12 मई (तछसं.)। भिलाई नंदिनी थाना क्षेत्र के अवैध शराब बेचने वाले को पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है नंदिनी पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर अहिवारा क्षेत्र में शराब बेचते पकड़ा गया पूछताछ में युवक ने अपना नाम वार्ड 4 अहिवारा निवासी सज्जन खान उर्फ सजन बताया है उसके पास से पुलिस ने 32 पौवा देशी शराब कीमत 3,200 रुपये आंकी गई है नगदी रकम 500 और बाइक जब्त किया गया है। कार्रवाई में नंदिनी पुलिस का योगदान रहा है।

### नो पार्किंग में खड़े वाहनों का चालान काटा



भिलाई, 11 मई (तछसं.)। भिलाई सूर्या मॉल के आसपास में नो पार्किंग में खड़े वाहनों पर यातायात पुलिस ने कार्रवाई किया है अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( यातायात ) रिचा मिश्रा के निर्देश पर वाहनों के खिलाफ मोहटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई कर ई चालान भेजा गया है यातायात पुलिस द्वारा मौके पर खड़े वाहन चालकों को समझाइश देते हुए निर्धारित पार्किंग स्थल का उपयोग।

### पेयजल संकट को लेकर अनुविभागीय अधिकारी कुरुद को आप ने सौपा ज्ञापन

अंवरी,12 मई। पेयजल संकट को लेकर आज कुरूद में एसडीएम कार्यालय में एसडीएम साहब को ज्ञापन सोपा गया जिसमें ग्राम बगौद में हो रहे, निम्न जल स्तर को सुधारने और फुड पार्क में स्थित इंडस्ट्रीज में अवैध रूप से बोर खनन को लेकर कार्रवाई के लिए मांग की गईजल स्तर में कमी होने व फुड पार्क में इंडस्ट्रीज द्वारा बोर खनन पर रोक लगाने आम आदमी पार्टी कुरुद के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी, कुरुद को ज्ञापन सौंपा गया/ग्राम बगौद में फूड पार्क बना हुआ है वहां पर अलग-अलग इंडस्ट्रीज द्वारा कार्य किया जा रहा है जिन्हें पानी की सप्लाई हेतु पानी टंकी द्वारा जल उपयोग करने हेतु कहा गया है किंतु वर्तमान में वहां इंडस्ट्रीज द्वारा इंडस्ट्रीज के अंदर बोर खनन का कार्य किया जा रहा है जिसमें बगौद ग्राम का जलस्तर बहुत कम हो गया है जानकारी प्राप्त हुई है कि फुड पार्क के अंदर जितने भी इंडस्ट्रीज हैं वह खनन नहीं कर सकते हैं पानी के उपयोग हेतु उन्हें पाइपलाइन दिया गया है।

# भोरमदेव मंदिर परिसर में आयोजित सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री शर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



कवर्धा,12 मई। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा आज भोरमदेव मंदिर परिसर में आयोजित सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने जनप्रतिनिधियों एवं श्रद्धालुओं के साथ गुजरात स्थित सोमनाथ मंदिर से वर्चुअली जुड़े और मंदिर में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई पूजा - अर्चना के साक्षी बने और उनका संबोधन सुना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दौरान सोमनाथ मंदिर के स्वर्णिम इतिहास, विदेशी आक्रांताओं द्वारा किए गए हमलों, मंदिर के पुनर्निर्माण यात्रा, वर्तमान सरकार द्वारा किये जा रहे आस्था के केंद्रों का संरक्षण एवं संवर्धन के संकल्प सहित विभिन्न विषयों पर अपनी बातें देशवासियों से साझा की।इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कबीरधाम के श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह आयोजन भारत की पुरातन संस्कृति और सभ्यता के गौरवपूर्ण स्मरण का अवसर है। उन्होंने कहा कि इतिहास के कई महत्वपूर्ण प्रसंग समय के साथ लोगों की स्मृतियों से ओझल हो जाते हैं, जबकि इन्हीं घटनाओं ने देश की सांस्कृतिक चेतना को आकार दिया है। उन्होंने कहा कि लगभग एक हजार वर्ष पूर्व विदेशी आक्रांताओं ने भारत पर आक्रमण कर सोमनाथ मंदिर के वैभव को ध्वस्त किया और इसकी संपदा को लूटने का प्रयास किया। यह क्रम कई बार चला, लेकिन आज उन आक्रांताओं का नामोनिशान नहीं है, जबकि सोमनाथ मंदिर वैभवशाली स्वरूप में देश के सामने खड़ा है। उन्होंने कहा कि सोमनाथ हमारी संस्कृति और आत्मसम्मान का मानबिंदु है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण और संवर्धन का कार्य हो रहा है। सोमनाथ का पुनर्स्थापित स्वरूप भारत की सांस्कृतिक चेतना और पुनर्जागरण का प्रतीक बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि यह हमें सिखाता है कि भविष्य की ओर बढ़ते हुए इतिहास को स्मृतियों में बनाए रखना आवश्यक है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल,पुलिस जवाबदेही प्राधिकरण सदस्य श्री भगत पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष श्री चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत सदस्य वीरेंद्र साहू,, जनपद उपाध्यक्ष बोड़ला नंद श्रीवास, कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी ओर ग्रामवासी उपस्थित रहे।



## स्टैंडर्ड सस्टेनेंस ट्रैकर पर लार्ज ग्रुप इंटरेक्शन आयोजित

भिलाई, 12 मई। बीएसपी के सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग द्वारा मानव संसाधन विकास केंद्र के सभागार में स्टैंडर्ड सस्टेनेंस ट्रैकर विषय पर लार्ज ग्रुप इंटरेक्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मुख्य महाप्रबंधक देबदत्त सतपथी के मार्गदर्शन में किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाप्रबंधक प्रभारी एस. के. अग्रवाल ने औद्योगिक सुरक्षा में स्टैंडर्ड सस्टेनेंस ट्रैकर की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए सुरक्षा मानकों के सतत अनुपालन एवं प्रभावी मॉनिटरिंग पर जोर दिया। फैकल्टी वक्ता के रूप में उपस्थित महाप्रबंधक जितेन्द्र मोटवानी ने 360 डिग्री डेली ऑब्जर्वेशन एवं कंट्रोल की अवधारणा पर विस्तृत जानकारी साझा की। कार्यक्रम में 32 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का समन्वय सहायक महाप्रबंधक अजय टल्लू द्वारा किया गया।

# लो वोल्टेज से परेशान वार्ड-9 के लोगों ने की विद्युत विभाग से शिकायत



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उतई,12 मई। औंसर भाटापारा वार्ड 9 में पिछले कई महीनों से बनी हुई लो वोल्टेज की गंभीर समस्या को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। परेशान क्षेत्रवासियों ने इस संबंध में विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण अभियंता को शिकायत पत्र सौंपकर समस्या के शीघ्र निराकरण की मांग की है।

ग्रामीणों का कहना है कि शाम एवं रात के समय बिजली का वोल्टेज अत्यंत कम हो जाता है, जिससे पंखे, कूलर, फ्रिज, पानी की मोटर एवं अन्य आवश्यक विद्युत उपकरण सही तरीके से कार्य नहीं कर पा रहे हैं। भीषण गर्मी में लो वोल्टेज के कारण आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि कई बार स्थानीय विद्युत विभाग को मौखिक एवं लिखित शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया। लोगों का आरोप है कि विभाग की लापरवाही के कारण समस्या लगातार बढ़ती जा रही है और महंगे विद्युत उपकरण खराब होने का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि समस्या को प्राथमिकता के आधार पर संज्ञान में लेकर तत्काल जांच कर आवश्यक सुधार कार्य कराया जाए यदि ने ट्रांसफार्मर की आवश्यकता हो तो तत्काल लगाया जाय, ताकि ग्रामवासियों को राहत मिल सके। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वे उच्च स्तर पर सामूहिक शिकायत एवं आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस अवसर पर सरपंच प्रियालता महिपाल सहित प्रकाश भास्कर ,किशन ठाकुर, भीखूराम भारती, तुलसीदास वैष्णव, नागराज कश्यप, विमल गायकवाड़, कुलेश्वर वैष्णव , संजय वर्मा और मोहल्लेवासी उपस्थित थे।

### बिना लाइसेंस संचालित ढाबे से ग्रेवी का नमूना जांच के लिए भेजा गया

महासमुंद, 12 मई। अभिहित अधिकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन महासमुंद श्री उमेश कुमार तथा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पिथौरा के निर्देश पर प्राप्त शिकायत के आधार पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री शंखनाद भोई एवं खाद्य निरीक्षक पिथौरा श्री दिव्यांशु देवांगन द्वारा आज फर्म मेसर्स अवतार ढाबा, एन.एच.-53, टप्पा सेवईया, पिथौरा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान फर्म में कार्यरत कर्मचारियों का मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र एवं जल परीक्षण रिपोर्ट का संधारण नहीं पाया गया। जांच के दौरान यह भी पाया गया कि फर्म द्वारा बिना खाद्य अनुज्ञप्ति एवं पंजीयन के खाद्य कारोबार संचालित किया जा रहा था। इस संबंध में प्रकरण दर्ज कर फर्म संचालक को बिना खाद्य अनुज्ञप्ति एवं पंजीयन के खाद्य कारोबार नहीं करने हेतु नोटिस जारी किया गया है।



### बीएसपी ने बनाया नया रिकॉर्ड, 153 हीट्स की लैडल लाइफ हासिल की

भिलाई, 12 मई। भिलाई इस्पात संयंत्र ने इस्पात उत्पादन के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए सिलिकॉन किल्ड स्टील में 153 हीट्स की स्टील लैडल लाइफ हासिल की है। यह संयंत्र के इतिहास की अब तक की सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि मानी जा रही है। इससे पहले एसएमएस-3 विभाग के नाम 148 हीट्स का रिकॉर्ड दर्ज था। यह उपलब्धि रिफ्रैक्टरी इंजीनियरिंग विभाग, एसएमएस-3 तथा सेल रिफ्रैक्टरी कंपनी लिमिटेड के बेहतर समन्वय और तकनीकी दक्षता का परिणाम है।

## मूर्तिकार अंकुश ने शुरू किया साइकिल अभियान पेट्रोल बचत को बताया सच्चा देशप्रेम



भिलाई, 12 मई। सुप्रसिद्ध मूर्तिकार डॉ. अंकुश देवांगन ने पेट्रोल बचत को लेकर साइकिल अभियान शुरू करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि देशहित को ध्यान में रखते हुए अब वे प्रतिदिन साइकिल से ही ड्यूटी जाएंगे। डॉ. देवांगन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वैश्विक परिस्थितियों एवं ईरान-अमेरिका तनाव के बीच ईंधन बचत की अपील का समर्थन करते हुए कहा कि वर्तमान समय में पेट्रोल की बचत करना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों में संसाधनों की बचत ही सच्चा देश प्रेम है। ज्ञात हो कि डॉ. अंकुश देवांगन भिलाई इस्पात संयंत्र के मेडिकल विभाग स्थित जन्म-मृत्यु कार्यालय में पदस्थ हैं।

# आयुक्त ने बैठक में स्वच्छता सर्वे व अपशिष्ट प्रबंधन के प्रभावी क्रियान्वयन पर दिया जोर



भिलाई, 12 मई। नगर निगम के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने निगम सभागार में स्वच्छता एवं स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम के तहत शहर में कचरे के पृथक्करण, परिवहन एवं निपटान कार्यों को प्राथमिकता के साथ संचालित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में गीला अपशिष्ट, सूखा अपशिष्ट, सैनिटरी अपशिष्ट एवं विशेष देखभाल वाले अपशिष्ट के पृथक संग्रहण और समयबद्ध निपटान पर विशेष जोर दिया गया। आयुक्त ने बल्क वेस्ट जनरेटर, लिगेसी वेस्ट डंप साइट, मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु उपलब्ध अधोसंरचना के अंकेक्षण कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। साथ ही नए एवं पूर्व से संचालित वाहनों में चार-कक्षीय कचरा संग्रहण व्यवस्था सुनिश्चित करने, जन जागरूकता अभियान चलाने, ऑनलाइन शिकायत व्यवस्था को प्रभावी बनाने तथा शिक्षण संस्थाओं की सहभागिता बढ़ाने पर भी चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 का पालन नहीं होने की स्थिति में सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार अर्थदंड का प्रावधान भी किया गया है। आयुक्त ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि घरों से निकलने वाले कचरे को पृथक कर महिला स्व सहायता समूह की दीदियों को दें, ताकि एसएलआरएम सेंटरों का कार्य सुगम हो सके तथा व्यय में कमी लाई जा सके। इससे शहर एवं सड़कों की स्वच्छता को बेहतर बनाया जा सकेगा। उन्होंने स्कूल, अस्पताल एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर स्थित सामुदायिक शौचालयों के उपयोग के बाद स्वच्छता बनाए रखने की भी अपील की। बैठक में मुख्य कार्यालय एवं पांचों जोन के स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीमों को मैदानी स्तर पर कार्य योजना बनाकर अभियान चलाने तथा मुनादी एवं प्रचार-प्रसार के माध्यम से जन जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए गए। बैठक में प्रमुख रूप से ऐशा लहरे, अमरनाथ दुबे, कुलदीप गुप्ता, जावेद अली, तिलेश्वर साहू सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### घुघवा समाधान शिविर में तारकेश्वरी को मिला लर्निंग लाइसेंस

दुर्ग, 12 मई। सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर में लोगों के लिए समाधान का केंद्र बन रहा है। जिन समस्याओं के समाधान के लिए लोगों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ते थे, अब वही सुविधाएं ग्रामीण क्षेत्रों में मिल रही हैं।इसी क्रम में ग्राम पंचायत घुघवा एवं ग्राम पंचायत ढौर में समाधान शिविर में बड़ी संख्या में लोगों को लर्निंग लाइसेंस की सुविधा उपलब्ध कराई गई। पहले लोगों को लर्निंग लाइसेंस बनवाने के लिए बार-बार परिवहन कार्यालय जाना पड़ता था, जिससे समय और पैसे दोनों की बर्बादी होती थी। कई लोगों को लाइसेंस नहीं होने के कारण वाहन चलाते समय पुलिस कार्रवाई का डर भी सताता रहता था। ग्राम पंचायत घुघवा समाधान शिविर में पहुंचे श्रीमती तारकेश्वरी बहादुर ने लर्निंग लाइसेंस प्राप्त होने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अब उन्हें दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

# भेलवा तालाब में सफाई के बाद होगा जलभराव,अधिकारियों ने किया निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



भिलाई, 12 मई। नगर निगम के जोन-1 नेहरू नगर अंतर्गत स्थित भेलवा तालाब में जलभराव कार्य के दौरान पानी निकासी स्थल पर कचरा जमा होने से जल प्रवाह बाधित हो गया है। स्थिति को गंभीरता से लेते हुए निगम अधिकारियों ने स्थल का निरीक्षण कर तालाब की सफाई कराने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों ने बताया कि पानी निकासी वाले स्थान पर कचरा जाम होने के कारण पानी का बहाव प्रभावित हो रहा है। तालाब की समुचित सफाई के लिए पहले पानी की दिशा परिवर्तित कर सफाई कार्य कराया जाएगा, इसके बाद पुनः तालाब में जलभराव का कार्य प्रारंभ किया जाएगा, ताकि भविष्य में जल निकासी संबंधी समस्या उत्पन्न न हो। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने भेलवा तालाब के समीप नवनिर्मित नाला निर्माण कार्य का भी अवलोकन किया। इस दौरान नाला निर्माण की गुणवत्ता एवं जल निकासी व्यवस्था का जायजा लेते हुए संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निगम प्रशासन द्वारा क्षेत्र में जलभराव एवं स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने लगातार कार्य किया जा रहा है, जिससे नागरिकों को बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सके। निरीक्षण के दौरान येशा लहरे, बसंत साहू, रीमा जामुलकर तथा अंकित सक्सेना उपस्थित रहे।

# स्नेह मिलन समारोह में पौधारोपण कर नितिन शर्मा का किया सम्मान


■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



उतई,12 मई। माय भारत के दुर्ग जिले से बिलासपुर स्थानांतरित हुए उप-निदेशक नितिन कुमार शर्मा के सम्मान में रविवार को हितवा संगवारी संगठन डुंडेरा द्वारा संरक्षित वन क्षेत्र में स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान हितवा संगवारी संगठन के अध्यक्ष एवं पर्यावरण प्रेमी रोमशंकर यादव के मार्गदर्शन में नितिन शर्मा ने विधिवत पूजन एवं रक्षासूत्र बांधकर पीपल का पौधारोपण किया। साथ ही उन्हें स्मृति स्वरूप पौधा भी भेंट किया गया। अपने संबोधन में नितिन शर्मा ने कहा कि दुर्ग जिले में बिताया गया कार्यकाल उनके लिए केवल प्रशासनिक जिम्मेदारी नहीं बल्कि एक भावनात्मक एवं प्रेरणादायी यात्रा रही। उन्होंने विशेष रूप से आदित्य भारद्वाज एवं जितेंद्र सोनी के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि दोनों ने हर कार्यक्रम के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में समाजसेवी एवं व्यवसायी विपिन शर्मा, पत्रकार सुरेंद्र शर्मा, लेखराम सोनवानी, देवेंद्र पटेल, ललेश्वरी साहू, फलेंद्र पटेल, प्रशांत साहू, चंचल साहू सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता, युवा प्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# पीएम मोदी के आव्हान पर ऊर्जा संरक्षण के लिए कबीरधाम पुलिस का प्रेरक कदम


■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



कवर्धा,12 मई। कबीरधाम जिले में ऊर्जा संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा एवं स्वस्थ जीवनशैली तथा देश की उन्नति को बढ़ावा देने हेतु पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह द्वारा एक प्रेरणादायक पहल की गई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊर्जा बचत एवं पर्यावरण संरक्षण संबंधी आवाहन से प्रेरित होकर पुलिस अधीक्षक श्री धर्मेंद्र सिंह अपने निवास स्थान से साइकिल पर कार्यालय पहुंचे तथा जिले के समस्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी ऊर्जा की खपत कम करने हेतु अधिक से अधिक साइकिल एवं पैदल चलने के लिए प्रेरित किया।इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में ऊर्जा संरक्षण केवल आवश्यकता ही नहीं बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है। यदि छोटी-छोटी आदतों में बदलाव लाया जाए तो ईंधन की बचत के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपील की कि जिनका निवास कार्यालय के समीप है, वे यथासंभव पैदल कार्यालय आएं तथा अनावश्यक वाहन उपयोग से बचें।पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के समस्त अधिकारी-कर्मचारियों से यह भी आग्रह किया गया कि प्रत्येक सप्ताह कम से कम एक दिन अपने कार्यस्थल तक पहुंचने के लिए साइकिल अथवा पैदल मार्ग का उपयोग अवश्य करें, जिससे ऊर्जा संरक्षण के साथ-साथ स्वास्थ्य लाभ भी प्राप्त हो सके।इस प्रेरणादायक पहल में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं उप पुलिस अधीक्षक संजय ध्रुव सहित कार्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण भी सहभागी बने तथा साइकिल से कार्यालय पहुंचकर ऊर्जा बचत एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।कबीरधाम पुलिस की यह पहल न केवल प्रशासनिक स्तर पर एक सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत करती है, बल्कि आमजन को भी पर्यावरण संरक्षण एवं ऊर्जा बचत के प्रति जागरूक करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास मानी जा रही है।

## मेहुलकांत कक्षा 10वी में 88.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान रहे



अंवरी। मेहुलकांत पिता आई आर साहू जो की शासकीय हाई स्कूल स्कूल चटौद में कक्षा 10वी मे 88.6त प्राप्त कर अपनी कक्षा मे प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने ग्राम करगा एवं माता पिता का नाम रोशन किया। उनकी इस सफलता के लिए विद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त शिक्षक एच आर मरकाम, के पी साहू, श्री कंवर सर ,श्रीमती ए खरे ,श्रीमती पी शुक्ला तथा दादा रुपचंद साहू ,दादीश्रीमती मोहनी साहू, चाचा चाची दीदी भैया नाना उमराव साहू नानी श्रीमती सुशीला साहू एवं समस्त ग्राम वासियों ने बधाई प्रेषित की।

## एक नजर

### जिला जेल के आस-पास का क्षेत्र 'नो ड्रोन फ्लाइंग जोन घोषित

**बलौदाबाजार 12 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** महानिदेशक, जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं, छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार जिला जेल बलौदाबाजार-भाटापारा की सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने तथा अप्रिय घटनाओं को रोकने हेतु जेल के आस-पास क्षेत्र को नो ड्रोन फ्लाइंग जोन घोषित किया गया है जिला जेल बलौदाबाजार-भाटापारा भौगोलिक दृष्टि से उत्तर में शमशान घाट, पूर्व में डी. के.कॉलेज एवं स्टेडियम, दक्षिण में सिंचाई कालोनी तथा पश्चिम में जेल कॉलोनी एवं कृष्णायन कॉलोनी से घिरा हुआ है। इन क्षेत्रों से असामाजिक तत्वों के द्वारा जेल के मुख्य दीवार के ऊपर से जेल के अंदर प्रतिबंधित सामग्री पहुंचाई जा सकती है,जिससे जेल की सुरक्षा प्रभावित हो सकती है।इन सब को दृष्टिगत रखते हुए जेल परिसर की सीमा से 500 मीटर के दायरे में शामिल क्षेत्र को 'नो ड्रोन फ्लाईंग जोन घोषित किया गया है।

### स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों में लॉटरी के माध्यम से प्रवेश 13 से 15 मई तक

**राजनांदगांव 12 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्रवेश हेतु अधिक आवेदन पत्र प्राप्त होने पर 13 मई से 15 मई 2026 तक लॉटरी के माध्यम से सीट आबंटन की कार्रवाई की जाएगी। इसके अंतर्गत 13 मई 2026 को सर्वेश्वर दास नगर पालिक निगम उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय राजनांदगांव, पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय राजनांदगांव, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सुकुलदैहान, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी विद्यालय डोंगरगांव, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय घुमका, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय लाल बहादुर नगर, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय भरेंगांव तथा 14 मई 2026 को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यलाय छुरिया एवं 15 मई 2026 को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय डोंगरगढ़ में प्रवेश हेतु लॉटरी निकाली जाएगी।

### असामाजिक तत्वों के विरुद्ध पुलिस चौकी सुरगी की कार्रवाई

**राजनांदगांव 12 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक महोदया सुश्री अंकिता शर्मा (भा.पु.से.) के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन (भा.पु.से.) के पर्यवेक्षण में अपराध की रोकथाम, नियंत्रण एवं कानून-शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सतत अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम बुचीभरदा निवासी एक बुजुर्ग प्रकाश साहू द्वारा पुलिस चौकी सुरगी में लिखित आवेदन प्रस्तुत कर बताया गया कि उसका बेटा रामेश्वर साहू द्वारा प्रतिदिन परिवारजनों के साथ वाद-विवाद एवं झगड़ा किया जाता है। दिनांक घटना को भी आरोपी द्वारा घर में विवाद कर शांति भंग की स्थिति उत्पन्न की गई। प्राप्त शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच एवं पूछताछ की गई, जिसमें यह पाया गया कि आरोपी रामेश्वर साहू परिजनों के साथ लगातार विवाद कर रहा है, जिससे कानून एवं शांति व्यवस्था भंग होने एवं संज्ञेय अपराध घटित होने की प्रबल संभावना थी। रामेश्वर साहू पिता प्रकाश साहू उम्र 40 वर्ष निवासी बुचीभरदा चौकी सुरगी थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव (छ.ग.) को धारा 170 बीएनएसएस के अंतर्गत गिरफ्तार कर धारा 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत इस्तगाशा तैयार कर माननीय कार्यपालिक मजिस्ट्रेट, राजनांदगांव के समक्ष प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा जेल वारंट जारी किए जाने पर आरोपी को जिला जेल राजनांदगांव दाखिल कराया गया। पुलिस द्वारा भविष्य में भी कानून एवं शांति व्यवस्था भंग करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध इसी प्रकार सख्त एवं वैधानिक कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# सिद्धेश्वर मंदिर में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन

- प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के जीवंत प्रसारण को देखा गया

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार 12 मई।** सोमनाथ मंदिर पर प्रथम आक्रमण के 1000 वर्ष एवं मंदिर पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 11 मई को राष्ट्रव्यापी सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत विकासखंड पलारी के सिद्धेश्वर मंदिर में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार एवं ओंकार जाप के साथ कलेक्टर कुलदीप शर्मा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने सिद्धेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आलेख का वाचन एवं सोमनाथ मंदिर में कार्यक्रम के जीवंत प्रसारण को देखा गया।

इस अवसर पर कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने कहा कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व हमारे गौरवशाली इतिहास, सांस्कृतिक विरासत एवं राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है।आज का दिन बहुत ही गौरव का दिन हैं। 1026 ईस्वी महमूद गजनवी ने सोमनाथ मंदिर में आक्रमण किया लेकिन लोगों की आस्था एकजुटत और सभी के सहयोगफिर खड़ा हो गया लेकिन ऐसा 16 बार हुआ और पुनः खड़ा हुआ। अब उस काल को 1000 वर्ष पूरा करते हुए अब भी गौरव के साथ खड़ा है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप हम सब इसके आज साक्षी हैं।इस ऐतिहासिक धरोहर को सहेज कर हम आने वाली पीढ़ी को जागरूक कर सकते हैं।सिद्धेश्वर मंदिर ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर के साथ ही प्राकृतिक धरोहर भी है।

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष योगेश चंद्राकर ने कहा कि आज के दिन को पूरा देश राष्ट्रीय स्वाभिमान पर्व के रूप में माना रहा हैं। 17 बार इस मंदिर को तोड़ा गया लेकिन लोगों के आस्था और भावना ने इसे झुकने नहीं दिया। पलारी के बालसमुंद जलाशय ऐतिहासिक धरोहर और जीवन रेखा हैं। इस जलाशय का सौदर्यकरण करना जरुरी हैं। यह एक महत्पूर्ण धार्मिक पर्यटन केन्द्र के रूप में सुशोभित हो सकता है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ओपी शर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहु, जनपद अध्यक्ष सविता यादव, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा,जनपद सदस्य नीलिमा कोशले, टिकेश्वरि वर्मा, लता बघेल,एसडीएम दीपक निकुंज सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# महापौर ने शिविर में जाकर नागरिकों से सुशासन तिहार का लाभ लेने की अपील की

- सुशासन तिहार-2026, गौरी नगर शिविर में 132 आवेदन प्राप्त
- आयुक्त शिविर स्थल का जायजा लेकर व्यवस्था देख आवेदको को सहयोग करने दिये निर्देश
- 13 मई को वार्ड नं. 16,17,18, 19 व 23 के लिए ठा.प्यारेलाल स्कूल मेँ शिविर



**राजनांदगांव 11 मई।** शासन के निर्देशानुसार नागरिको की समस्याओं का समाधान करने एवं उन्हें शासन की योजना का लाभ देने आयोजित सुशासन तिहार 2026 के लिए वार्डो में आयोजित समाधान शिविर के तहत आज 3 वार्ड क्रमशः वार्ड नं. 11,12 व 13 के लिये गौरी नगर स्कूल मैदान में शिविर आयोजित किया गया, शिविर में 132 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें मांग के 115 शिकायत के 17 आवेदन प्राप्त हुए। आज के शिविर में महापौर श्री मधुसूदन यादव पहुँच वार्डवासियों से रूबरू हुये और उनके आवेदनो व मांग पर शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। वही निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा शिविर का जायजा लेकर कर्मचारियों से चर्चा कर आवेदको को पोर्टर में ऑनलाईन अपलोड करने के निर्देश दिये। शिविर का शुभारंभ महापौर ने छत्तीसगढ महतारी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलन कर किया। शिविर में महापौर सहित वरिष्ठ पार्षद श्री हफीज खान व श्री शिव वर्मा, पार्षद श्री मनोहर यादव ने लाभार्थियो को वितरण की कडी में पी.एम.स्वनिधि योजना के लाभार्थी पुष्पा यादव को सिलाई व्यवसाय के लिए बैक आफ बड़ौदा का चेक के माध्यम से 15 हजार रूपये का प्रथम किश्त दिया गया।

महापौर श्री यादव ने नागरिको से कहा कि सरकार की मंशा नागरिको के बीच जाकर उनकी समस्या से अवगत होकर उसका समाधान करना तथा शासन की योजना का लाभ देना है। शिविर में छोटी छोटी समस्या जैसे श्रम कार्ड, राशन कार्ड, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, निराश्रित पेंशन जैसे प्रकरणो का शीघ्र निराकरण करना है तथा बड़ी समस्या जैसे रोड, नाली निर्माण, विद्युत खम्भा जैसे समस्या का प्राथमिकता तय कर प्रक्रिया पश्चात निराकरण करना है। उन्होंने कहा कि सभी विभाग के कर्मचारी जिम्मेदारी के साथ आवेदन ले रहे है, और उसे अपलोड कर विभाग वार निराकरण किया जायेगा। आज के शिविर में कुछ मांगे आई है, जिसमें गौरी नगर में स्कूल मरम्मत, डामरीकरण, हाई मास्क लगाने तथा वार्ड नं. 12 मे पाईप लाईन विस्तार के अलावा वार्ड नं. 11 में दुर्गा मंच जीर्णोद्धार जिसका अतिशीघ्र निराकरण किया जायेगा।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने शिविर का जायजा लेकर शिविर मे लगे कर्मचारियों से व्यवस्था के संबंध में जानकारी लेकर कहा कि आवेदकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, उनका आवेदन लेकर उसकी जॉच करे, आवेदको का मोबाईल नम्बर आवेदन में स्पष्ट उल्लेख करावे। उन्होंने कहा कि आनलाईन आवेदन भी लिया जा रहा है, इस संबंध में भी अवगत करावे, जिनके द्वारा समाधान पेटी में आवेदन डाला जा रहा है, उसका शिविर उपरांत विषयवार सूचीबद्ध कर कार्यालय में जमा करे। इसके अलावा सभी विभाग आवेदनों को ऑनलाईन प्रविष्टि कर उसका ऑनलाईन निराकरण करना है, जिससे आवेदक पोर्टर में अपने आवेदन की स्थिति देख सके।

गौरी नगर के वरिष्ठ पार्षद श्री हफीज खान ने कहा कि आज के शिविर में वार्ड के विभिन्न समस्या जैसे डामरीकरण, तालाब सौदर्यीकरण, नजूल पट्टा दिलाने, स्कूल मरम्मत, मैदान में हाईमास्क लगाने, स्वागत द्वार संबंधी आवेदन महापौर एवं आयुक्त को दिया गया है। उन्होंने कहा कि महापौर श्री यादव जी ने हॉईमास्क, डामरीकरण,विद्युत पोल हटाने, स्कूल मरम्मत कराने का आश्वासन दिया है, जिसका हम स्वागत करते है, वार्ड की समस्या का समाधान होनी चाहिए।

वरिष्ठ पार्षद श्री शिव वर्मा ने शिविर में शासन की योजना का जानकारी देते हुए योजना का लाभ लेने एवं अपनी मांग एवं शिकायत संबंधी आवेदन करने की अपील किए। दिनांक 13 मई बुधवार को वार्ड नं. 16, 17, 18, 19 व 23 के लिए ठा.प्यारेलाल सिंह स्कूल में जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया है। शिविर में कार्यपालन अभियंता (संविदा) श्री यू.के.रामटेके सहित विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## मौसमी बीमारी की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग सक्रिय



- पूर्व तैयारी हेतु घर -घर किया गया सर्वे ,बचाव हेतु दी गई जानकारी

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 12 मई।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के संवेदनशील गांव में मौसमी बीमारी एवं महामारियों के रोकथाम एवं बचाव के संबंध में पूर्व तैयारी करते हुए टीम के माध्यम से घर-घर सर्वे किया गया । इसके साथ ही साथ आमजनों को बीमारी से बचाव बाबत विशेष रूप से जागरूक भी किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ,राजेश अवस्थी ने बताया कि सर्वे में सेक्टर सुपरवाइजर, स्वास्थ्य कार्यकर्ता सहित मितानिन भी उपस्थित रहीं। सर्वे में घर भ्रमण के द्वारा किसी पीड़ित व्यक्ति की पहचान करने का प्रयास किया गया । इसके साथ ही जल स्रोतों का भी जायजा लिया गया साथ ही पाइप लाइन लीकेज की पहचान की गई। ब्लीचिंग पाउडर भी पेयजल स्रोत में डाला गया । तुरमा,सलोनी,करमन डीह,रसेड़ा भाटापारा में धुर्राबांधा पथरिया,गोगिया,बेंदरी कसडोल में नगेड़ी बरबसपुर पलारी में जारा,सिसदेवरी,साराडीह, लटेरा,भरवाडीह,बलौदी, पलारी तथा सिमगा में मर्राकोना,सकलोर एवं बिटकुली यह वह गाँव हैं जिन्हें संवेदनशील मान कर सर्वे किया गया । उक्त गांवों में जनचौपाल लगा कर समुदाय को भी किसी महामारी की स्थिति में बचाव हेतु जानकारी दी गई।

# लोगों की समस्याओं पर गंभीरतापूर्वक विचार कर त्वरित निराकरण करें : प्रभारी मंत्री जायसवाल

- वटगन में सीसी रोड एवं कॉलेज में बाउंड्रीवाल निर्माण की स्वीकृति

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 12 मई।** सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत विकासखंड पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत वटगन में सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में जिले के प्रभारी एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम पंचायत वटगन में सीसी रोड निर्माण, कॉलेज में बाउंड्रीवाल निर्माण की स्वीकृति प्रदान की। इसके साथ ही विभिन्न योजना के हितग्राहियों को सामग्री व चेक का वितरण किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि सुशासन तिहार एक ऐसा तिहार हैं जिसमें शासन और प्रशासन जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओ का समाधान कर उन्हें खुशी देने का प्रयास हैं किया जा रहा है. मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय स्वयं पूरे प्रदेश का दौरा कर लोगों के बीच पहुंच रहे हैं और योजनाओं की जमीनी हकीकत पर फीडबैक ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी -कर्मचारी अपने कार्यशैली में लोगों की समस्याओं के समाधान को सर्वोपरि रखें। शिविर में प्राप्त होने वाले आवेदनों पर गंभीरता पूर्वकविचार करते हुए तत्काल निराकरण करें, यहाँ निराकरण नहीं हो पाने वाले आवेदनों को 15 दिन में निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि हमारी सरकार सभी क्षेत्रों में लगातार विकास के कार्य कर रही हैं। प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को दुरुस्त किया जा रहा हैं। 5 नये मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं, चिकित्सकों एवं अन्य स्टॉफकी भी भर्ती शुरू हो गई है।

राजस्व सम्बंधित आवेदनो पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश - प्रभारी मंत्री श्री जायसवाल ने राजस्व सम्बंधित त्रुटि सुधार, बंटवारा, नामांतरण जैसे मामले के आवेदनों के निराकरण को गंभीरता से लेते हुए राजस्व अधिकारियो को निर्देशित किया कि यहां प्राप्त राजस्व सम्बंधित कोई भी आवेदन 15 दिन तक लंबित न हो। लंबित पाए जाने पर सम्बंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने मोर गांव मोर पानी अभियान अंतर्गत लोगों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने कहा कि समाधान शिविर लगाने का उद्देश्य है कि लोगों को कार्यालय का चक्कर न लगाना पड़े और एक छत के नीचे सभी विभागों से सम्बंधित कार्य हो सके। उन्होंने कहा कि लोगों के प्रति अधिकारी कर्मचारियों का व्यवहार शालीन होना चाहिए। जिन आवेदनों का निराकरण यहां हो सकता है उसका तत्काल निराकरण करें जिनका नहीं हो सकता उसे उच्च अधिकारी के पास भेजें। जिन गांव में मुख्य मार्ग से पक्की सडक नहीं हैं वे पीएमज़ीएसवाय अंतर्गत सड़क की मांग कर सकते हैं। इसी तरह अन्य योजनाओं के तहत भी मांग कर सकते है।कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने जिले में सुशासन तिहार आयोजन,मोर गांव, मोर पानी अभियान की जानकारी दी। इस अवसर पर एसपी ओ.पी.शर्मा, पूर्व विधायक डॉ. सनम जांगड़े, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, सविता यादव, जिला अध्यक्ष आनंद यादव, पूर्व जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष योगेश चंद्राकर, राहुल टिकरिहा,नन्द कुमार वर्मा, विजय कोशले, मिथलेश साहु,सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, एसडीएम दीपक निकुंज सहित अन्य जनप्रतिनिधि,अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### महतारी वंदन योजना से बदली हूंगी माड़वी की जिंदगी

**रायपुर,12 मई।** बीहड़ जंगलों और कठिन परिस्थितियों के बीच बसे उसकेवाया गांव की हूंगी माड़वी के लिए जिंदगी कभी आसान नहीं रही। रोज मजदूरी कर परिवार का पेट पालना, बच्चों की जरूरतें पूरी करना और हर दिन नई चुनौतियों से जूझना उनकी दिनचर्या का हिस्सा था। लेकिन अब छत्तीसगढ़ सरकार की महतारी वंदन योजना ने उनके जीवन में उम्मीद की नई रोशनी जगा दी है। सुकमा जिले के ग्राम पंचायत बंडा के आश्रित गांव उसकेवाया की हूंगी माड़वी आज उन हजारों ग्रामीण महिलाओं में शामिल हैं, जिनके लिए महतारी वंदन योजना आर्थिक संबल बन गई है। हर महीने मिलने वाली एक हजार रुपये की सहायता राशि ने उनके परिवार को कठिन समय में बड़ी राहत दी है। हूंगी बताती हैं कि पहले छोटी-छोटी जरूरतों के लिए भी दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता था। अब योजना से मिलने वाली राशि से वे बच्चों के लिए पौष्टिक भोजन, घर का राशन और जरूरी सामान खरीद पा रही हैं। मजदूरी से होने वाली आमदनी के साथ यह सहायता राशि उनके परिवार के जीवनयापन का मजबूत आधार बन गई है। वे कहती हैं कि अब बच्चों के भविष्य को लेकर पहले जैसी चिंता नहीं रहती।

## नगरीय निकायों तथा त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन 2026 के लिए समय सारणी जारी

- त्रिस्तरीय पंचायत अंतर्गत जिले में सरपंच एवं पंच के 62पदों पर होगा उप चुनाव

**बलौदाबाजार 12 मई।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर द्वारा नगरीय निकायों तथा त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन 2026 हेतु समय सारिणी जारी कर दी है। इसमें त्रिस्तरीय पंचायत अंतर्गत जिले में सरपंच एवं पंच केकुल 62पदों पर उप चुनाव होगा। इसमें 4 पद सरपंच एवं 58 पद पंच के शामिल हैं।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी निशा नेताम मड़ावी से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगरीय निकायों और त्रिस्तरीय पंचायतों में उप निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन 11 मई सोमवार को प्रातः 10.30 की जायेगी, स्थानों सीटों के आरक्षण के संबंध में सूचना एवं मतदान केन्द्रों की सूची का प्रकाशन एवं नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की कार्रवाई प्रारंभ हो जायेगा। नाम निर्देशन पत्र??? प्रातः 10.30 बजे से दोपहर 03.00 बजे तक प्राप्त किए जायेंगे। नाम निर्देशन पत्र??? प्राप्त करने की अंतिम तारीख 18 मई सोमवार को दोपहर 03.00 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। नामनिर्देशन पत्रों की संवीक्षा(जांच) 19 मई को प्रातः 10.30 बजे से किया जाएगा। अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 21 मई गुरुवार के दोपहर 03.00 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है तथा निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार करना, प्रकाशन करना और निर्वाचन प्रतीकों का आबंटन किया जाएगा। यदि मतदान आवश्यक हुआ तो नगरीय क्षेत्रों और त्रिस्तरीय पंचायतों में 01 जून सोमवार को मतदान संपन्न कराया जायेगा। नगरीय निकाय क्षेत्रों में मतदान का समय प्रातः 08.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक एवं त्रिस्तरीय पंचायतों में मतदान का समय प्रातः 07.00 बजे से दोपहर 03.00 बजे तक निर्धारित किया गया है। नगरीय निकाय क्षेत्रों में मतगणना 04 जून को प्रातः 09.00 बजे से किया जाएगा तथा मतगणना संपन्न होने के बाद निर्वाचन परिणाम की घोषणा की जायेगी। त्रिस्तरीय पंचायतों में 01 जून सोमवार को मतदान संपन्न होने के बाद मतदान केंद्र पर ही मतगणना की जायेगी और यदि आवश्यक हुआ तो विकास खण्ड मुख्यालय पर 02 जून मंगलवार को प्रातः 09.00 बजे से मतगणना किया जाएगा। पंच, सरपंच, जनपद पंचायत के मामले में विकास खण्ड स्तर पर सारणीकरण एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा 04 जून गुरुवार को प्रातः 09.00 से किया जाएगा।

### साहू मोहल्ला लखोली समिति चुनाव संपन्न

# प्रवीण साहू दूसरी बार बने अध्यक्ष, 94 प्रतिशत मतदान ने बढ़ाया लोकतंत्र का मान

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 12 मई।** साहू मोहल्ला लखोली समिति के चुनाव में इस बार पुरुषों और महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर लोकतांत्रिक परंपरा को मजबूती प्रदान की। पूरे वार्ड में मतदान को लेकर उत्साह, उमंग और हर्षोल्लास का माहौल देखने को मिला। चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई।

समिति का चुनाव रविवार 10 मई को सुबह 9:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक आयोजित किया गया। मतदान समाप्त होने के बाद शाम 3:30 बजे से मतगणना प्रारंभ हुई जिसमें देर शाम परिणाम घोषित किए गए। अध्यक्ष पद के लिए हुए मुकाबले में प्रवीण साहू ने लगातार दूसरी बार जीत हासिल करते हुए अपना नेतृत्व कायम रखा। उन्हें कुल 157 वोट प्राप्त हुए और उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 50 वोटों से पराजित किया। वहीं लखन साहू को 107 वोट, हीरा साहू को 53 वोट तथा संतोष साहू को 50 वोट मिले जिससे तीनों प्रत्याशियों को हार का सामना करना पड़ा। उपाध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में दो प्रत्याशी मैदान में थे। इसमें तरुण साहू ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 211 वोट हासिल किए और 55 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की। उनके प्रतिद्वंद्वी उमेश साहू को 156 वोट मिले। सचिव पद के लिए भी कांटे की टक्कर देखने को मिली। नंदकुमार साहू ने 212 वोट प्राप्त कर 46 वोटों से विजय हासिल की। वहीं दूसरे प्रत्याशी खेमचंद साहू को 166 वोट मिले और उन्हें हार का सामना करना पड़ा। कोषाध्यक्ष पद के चुनाव में शत्रुघ्न साहू गुरुजी ने 200 वोट प्राप्त कर जीत दर्ज की। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी कृष्णा साहू को 24 वोटों से हराया। कृष्णा साहू को कुल 176 वोट प्राप्त हुए। वहीं सहसचिव पद के लिए थानेश्वर साहू एकमात्र दावेदार रहे जिसके चलते उन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। समिति चुनाव में कुल 416 मतदाता थे जिनमें से 390 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस प्रकार कुल 94 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया जो क्षेत्र में लोकतांत्रिक जागरूकता और लोगों की सक्रिय भागीदारी को दर्शाता है। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद विजयी प्रत्याशियों और उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। समर्थकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया और नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी।

### नगरपालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम व उप निर्वाचन के लिए कार्यक्रम जारी

**राजनांदगांव 12 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरपालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम व उप निर्वाचन मई 2026 हेतु समय-अनुसूची (कार्यक्रम) जारी किया गया है। जिसके तहत जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत हेतु 11 मई 2026 पूर्वान्ह 10.30 बजे निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन एवं स्थानों (सीटों) के आरक्षण के संबंध में सूचना का प्रकाशन किया गया। साथ ही रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा मतदान केन्द्रों की सूची का प्रकाशन एवं नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया गया। नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 18 मई 2026 को अपरान्ह 3 बजे तक है। रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 19 मई 2026 को पूर्वान्ह 10.30 बजे से की जाएगी। अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की आखिरी तारीख 21 जून 2026 अपरान्ह 3 बजे तक है तथा अभ्यर्थिता वापसी के बाद रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा निर्वाचन लडने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार करना, प्रकाशन करना और निर्वाचन प्रतीकों का आबंटन किया जाएगा। नगरीय निकाय हेतु 1 जून 2026 को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक आवश्यकता होने पर मतदान किया जाएगा। रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा 4 जून 2026 को सुबह 9 बजे से मतगणना और निर्वाचन परिणामों की घोषणा किया जाएगा।

### ऑपरेशन निश्चय के तहत एनडीपीएस एक्ट के फरार आरोपी गिरफ्तार

**तिल्दा-नेवरा 12 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस ने ऑपरेशन निश्चय के तहत मादक पदार्थों के खिलाफचलाए जा रहे अभियान में बड़ी सफलता हासिल करते हुए एनडीपीएस एक्ट के एक चर्चित मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना तिल्दा-नेवरा में दर्ज अपराध क्रमांक 41/26 धारा 20(बी), 22(सी) एनडीपीएस एक्ट एवं 25 आर्म्स एक्ट के मामले में पुलिस ने बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी खुर्शीद आलम उर्फ सलमान खान को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, 28 जनवरी 2026 को वार्ड क्रमांक 22 सासाहोली स्थित अटल निवास में रेड कार्रवाई की गई थी। इस दौरान महिला आरोपी मधु मिश्रा पति परस मिश्रा, उम्र 30 वर्ष, निवासी सासाहोली को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 73 किलोग्राम गांजा, 790 नग प्रतिबंधित नाइट्रोसन टैबलेट, नगद 1 लाख 87 हजार रुपये, 6 मोबाइल फोन, 1 टैबलेट एवं 3 बटनदार चाकू बरामद किए थे। जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत लगभग 41 लाख 75 हजार रुपये बताई गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी। तकनीकी विश्लेषण एवं पूछताछ के आधार पर उड़ीसा निवासी प्रणब कुमार नाइक और सफीकुल रहमान खान को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मामले की जांच को आगे बढ़ाते हुए बैकवर्ड एवं फॉरवर्ड लिंकेज पर फोकस किया।

# टीवीके सरकार पांच साल चले तो अच्छा है

तमिलनाडु में टीवीके के सीएम के रूप में एक्टर विजय ने रविवार को शपथ ले ली है।शनिवार को उन्होंने राज्यपाल को बताया कि उनके पास १२० विधायकों का समर्थन है और राज्यपाल ने उनको सरकार बनाने के लिए बुला लिया। रविवार को सीएम विजय व उनके मंत्रियों ने शपथ भी ले ली है। इसके बाद स्वाभाविक है यह सवाल उठना कि क्या विजय की सरकार अपने पांच साल पूरे कर पाएगी।देश व राज्यों की राजनीति में तो अब तक का अनुभव यह रहा है कि जितनी भी साझा सरकारें बनीं हैं, उनमें ज्यादातर पांच साल गिर गई हैं या गिरा दी गई हैं।इस मामले में कांग्रेस का रिकार्ड तो बहुत खराब रहा है.वह साझा सरकारों को इसलिए गिरा देती थी कि उसे साबित करना रहता था कि देश हो या राज्य का शासन कांग्रेस को ही करना आता है और बाकी दलों को सरकार चलाना नहीं आता है। कोई सरकार एक दल के समर्थन पर सत्ता में हो तो एक दल के समर्थन वाली सरकार एक दल के किसी कारण से नाराज होने के कारण गिर जाती है। कुछ समय बाद गिरा दी जाती है।तमिलनाडु में विजय की सरकार तो पांच दलों के समर्थन से बनी है। पांच दलों मे एक दो दल भी किसी कारण से नाराज हो गए तो सरकार कभी भी गिर सकती है।पांच दलों मे से कांग्रेस को छोड़ दिया जाए तो कई दल तो ऐसे हैं कि उनको टीवीके से कोई मतलब नहीं है। तमिलनाडु का जनता की भलाई से कोई मतलब नहीं है।वह तो टीवीके का समर्थन इसलिए करने को मजबूर हो गए हैं कि अगर टीवीके की सरकार वह नहीं बनवाएंगे तो भाजपा टीवीके का समर्थन अद्रमुक से करवाकर सत्ता में आ जाएगी। यानी भाजपा टीवीके के साथ मिलकर सरकार न बना ले इसलिए न चाहकर भी कई दलों ने टीवीके का समर्थन किया है। टीवीके की सरकार बनवाई है। कहने को तो कांग्रेस भी यही कह रही है कि भाजपा का सत्ता में आने से रोकने के लिए ही उसने टीवीए का समर्थन किया है लेकिन हकीकत यह है कि कांग्रेस को पहली बार लगा कि यह मौका है तमिलनाडु में अपनी स्थिति को मजबूत करने का क्योंकि द्रमुक के रहते कांग्रेस बीस साल पहले जैसी थी वैसी आज भी है जबकि वह टीवीके साथ जाती है तो नीचे से ऊपर तक सत्ता मे उसकी हिस्सेदारी ज्यादा हो सकती है यानी उसकी स्थिति द्रमुक की तुलना में टीवीके साथ जाने में मजबूत होती है, कहा जा सकता है कि वह कांग्रेस अपनी राजनीतिक फायदे के लिए टीवीके के साथ गई है।यह बात द्रमुक को नागवार गुजरनी ही थी क्योंकि कांग्रेस के सांसद हो या विधायक वह जीते तो द्रमुक के सहयोग के कारण है और कांग्रेस ने मौका मिलते ही द्रमुक को ही ठेंगा दिखा दिया कि तुम्हारे साथ रहने में अब कोई फायदा नहीं है। कांग्रेस का फायदा अभी टीवीके के साथ जाने में है। इसलिए कांग्रेस टीवीके के साथ है और उसकी कोशिश यही होगी कि टीवीके की सरकार ज्यादा समय तक बनी रहे और उसे तमिलनाडु में अपनी स्थिति मजबूत करने का मौका मिल सके। मात्र कांग्रेस के समर्थन से तो टीवीके की सरकार बनी नहीं रह सकती। इसलिए कांग्रेस टीवीके के साथ रहना सरकार के बने रहने की गारंटी नहीं है क्योंकि बाकी दल बाहर समर्थन देने वाले हैं उनका कोई राजनीतिक हित टीवीके से जुड़ा हुआ नहीं है, वह विचारधारा के तौर पर द्रमुक से ही जुड़े हुए हैं इसलिए जिस दिन द्रमुक चाहेगा कि टीवीके की सरकार नहीं रहनी चाहिए, उस दिन बिना शर्त समर्थन देने वाले कोई एक दो दल भी समर्थन वापस ले लेंगे तो सरकार गिर जाएगी। राजनीतिक दल चुनाव के बाद जल्दी फिर से चुनाव भी नहीं चाहते हैं कि क्योंकि फिर चुनाव होने पर क्या पता वह चुनाव जीतेंगे या नहीं इसलिए हर कोई यह चाहता है कि अभी तो सरकार बननी चाहिए ताकि जल्द चुनाव न लड़ना पड़े और यह साबित हो जाए की जनता ने जिस नए राजनीतिक दल पर इतना भरोसा किया है, वह जनता की अपेक्षा को पूरी नही कर पाई।इससे फायदा यह होगा कि जिस जनता को द्रविड़ दलों से मोहभंग हो गया है, वह उसी को अपने लिए ठीक माने यानी तमिलनाडु की राजनीति में वह बदलाव की सोचे नहीं यानी पहले जिस तरह द्रमुक या अद्रमुक की राजनीति चली आ रही थी वही चलती रहे। इसमें भाजपा बाधा बन सकती है क्योंकि भाजपा भी कांग्रेस की तरह चाहती है कि टीवीके सरकार पांच साल चलनी चाहिए ताकि तमिलनाडु की राजनीति बदले और उसमें भाजपा की भी अहम भूमिका हो।

समसामयिक

# बंगाल में मोदी के साष्टांग दंडवत के निहितार्थ

मनोज कुमार अग्रवाल

पीएम नरेंद्र मोदी हर बार कुछ नया करते हैं पहलीबार जब संसद की दहलीज पर शीश नमन किया तो उसकी आवाज़ दूर तक गयी इस बार तो



मोदी बंगाल की जीत और शपथ ग्रहण समारोह में उमड़े जन सैलाब को देख इतना आह्लादित हुए कि मंच पर ही साष्टांग दंडवत कर जनता जनार्दन के दिल में गहराई तक हिलोरें चला गए। कुछ भी कहो मोदी के घोर आलोचक भी मोदी के करिश्माई नेता होने से इंकार नहीं कर सकते हैं। आपको बता दें भारतीय राजनीति के इतिहास में साल 2014 एक ऐसे मोड़ के रूप में दर्ज है, जिसने न केवल केंद्र की सत्ता बदली, बल्कि राज्यों के राजनीतिक नक्शे को भी पूरी तरह से नई परिभाषा दे दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने उन भौगोलिक क्षेत्रों में अपनी पैठ बनाई है, जहां कभी पार्टी का अस्तित्व नगण्य माना जाता था। हाल ही में पश्चिम बंगाल के चुनावी नतीजों ने इस सफर को एक नई ऊंचाई दी है। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस के 15 साल के अभेद्य शासन को समाप्त कर भाजपा ने बंगाल की सत्ता हासिल की है। यह केवल एक राज्य की जीत नहीं है, बल्कि उस लंबी यात्रा का शिखर है, जिसमें भाजपा ने पिछले 12 वर्षों में नौ ऐसे राज्यों में अपना पहला मुख्यमंत्री बनाया है, जहां पहले कभी उसका नेतृत्व नहीं रहा था भाजपा के इस स्वर्णिम काल की नींव 2014 में ही पड़ गई थी। हरियाणा, जिसे पारंपरिक रूप से लाल तिकड़ी और क्षेत्रीय क्षत्रपों का गढ़ माना जाता था, वहां भाजपा ने पहली बार अपने दम पर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई।साल 2016 भाजपा के लिए एक ऐतिहासिक मोड़ साबित हुआ, जब पार्टी ने पूर्वोत्तर भारत के प्रवेश द्वार 'असम' में अपनी पहली सरकार बनाई। सर्बानंद सोनोवाल राज्य के पहले भाजपा मुख्यमंत्री बने। असम की यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण थी क्योंकि इसने पूरे पूर्वोत्तर में भाजपा के लिए रास्ते खोल दिए।असम के बाद अरुणाचल प्रदेश में भाजपा ने एक अलग रणनीति के तहत सत्ता हासिल की। 2016 में बड़े राजनीतिक उलटफेर के बीच पेमा खांडू ने कांग्रेस छोड़ी और अंततः अपने सहयोगियों के साथ भाजपा में शामिल हो गए। इससे राज्य में भाजपा की पहली स्थिर सरकार बनी। इसी तरह 2017 में मणिपुर में भी भाजपा ने क्षेत्रीय दलों जैसे नेशनल पीपुल्स पार्टी और नगा पीपुल्स फ्रंट के साथ मिलकर सरकार बनाई।बिहार की राजनीति में भाजपा हमेशा से एक प्रमुख खिलाड़ी रही है, लेकिन वह लंबे समय तक नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकारों में कनिष्ठ सहयोगी की भूमिका में रही। दो दशकों के इंतजार के बाद 2026 में वह क्षण आया जब नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के बाद भाजपा ने अपना पहला मुख्यमंत्री बनाया। पश्चिम बंगाल की जीत भाजपा की अब तक की सबसे कठिन और महत्वपूर्ण जीत मानी जा रही है। 294 सदस्यीय विधानसभा में 207 सीटें जीतकर भाजपा ने उस राज्य में सरकार बनाई है, जो वैचारिक रूप से पार्टी के लिए सबसे चुनौतीपूर्ण था।परिवर्तनकारी नेता सुवेंदु अधिकारी के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के साथ ही पश्चिम बंगाल की राजनीति में एक नए अध्याय की शुरुआत हो चुकी है। यह केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि उस लंबे राजनीतिक संघर्ष की परिणति है, जिसने बंगाल की जनता के भीतर परिवर्तन, सुशासन और विकास की उम्मीद को मजबूत किया। भारतीय जनता पार्टी के लिए यह क्षण ऐतिहासिक इसलिए भी है, क्योंकि बंगाल को पहली बार भाजपा का मुख्यमंत्री मिला है। आजादी के बाद से यह राज्य कांग्रेस, वाम मोर्चा और तृणमूल कांग्रेस के शासन का साथी रहा, लेकिन अब राज्य की राजनीति में एक नया रंग, नई दिशा और नया विमर्श सामने आया है। भाजपा की जीत को पार्टी 'सोनार बांग्ला' के संकल्प की शुरुआत के रूप में देख रही है। साथ ही सुवेंदु अधिकारी का मुख्यमंत्री पद तक पहुंचना भी अपने आप में बंगाल की राजनीति की असाधारण कहानी है। नगरपालिका के एक पार्षद से शुरू हुआ उनका सफर विधायक, सांसद, मंत्री, विपक्ष के नेता और अब मुख्यमंत्री तक पहुंचा है। यह यात्रा केवल पदों की सीढ़ी चढ़ने की कहानी नहीं, बल्कि जमीन से जुड़े राजनीतिक संघर्ष, संगठन क्षमता और जनाधार का प्रमाण है। पूर्वी मिदनापुर की गलियों से राज्य सत्ता के केंद्र तक पहुंचना उनके राजनीतिक व्यक्तित्व को अलग पहचान देता है। नंदीग्राम आंदोलन ने सुवेंदु अधिकारी को बंगाल की राजनीति में निर्णायक चेहरा बनाया। भूमि अधिग्रहण के खिलाफ हुए उस आंदोलन ने न केवल वाम मोर्चा सरक सरकार की जड़ों को हिलाया, बल्कि बंगाल में सत्ता परिवर्तन की पहली बड़ी पृष्ठभूमि भो तैयार की। सुर्वेदु उस आंदोलन में एक ऐसे संगठक के रूप में उभरे, जो जनता की स्थानीय पीड़ा को राजनीतिक शक्ति में बदलना जानते थे। यही कारण है कि उनका नेतृत्व केवल चुनावी रणनीति का परिणाम नहीं माना जा सकता, बल्कि संघर्ष से निकले नेतृत्व की श्रेणी में रखा जा सकता है। 2021 में नंदीग्राम से ममता बनर्जी को हराकर सुवेंदु अधिकारी ने अपनी राजनीतिक पहचान को और मजबूत किया। उस चुनाव में भाजपा भले सत्ता तक नहीं पहुंच सकी थी, लेकिन नंदीग्राम की जीत ने पार्टी को मनोवैज्ञानिक बढ़त दी। विपक्ष के नेता के रूप में उन्होंने तृणमूल सरकार के खिलाफ लगातार आक्रामक भूमिका निभाई और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच एक दृढ़ नेता की छवि बनाई। यही कारण है कि सत्ता में आने के बाद मुख्यमंत्री पद के लिए उनका नाम स्वाभाविक रूप से सबसे आगे माना गया। भाजपा विधायक दल में उनके नाम पर सर्वसम्मति भी यह बताती है कि पार्टी अब बंगाल में नेतृत्व को लेकर स्पष्टता चाहती है। लंबे समय तक भाजपा को बंगाल में बाहरी शक्ति के रूप में प्रचारित किया जाता रहा, लेकिन सुर्वेद अधिकारी जैसे स्थानीय और जमीनी नेता के मुख्यमंत्री बनने से भाजपा ने इस धारणा को चुनौती दी है। वे बंगाल की भाषा, मिट्टी, संघर्ष और सामाजिक मनोविज्ञान को समझने वाले नेता हैं। यही उनकी सबसे बड़ी राजनीतिक पूंजी है। मिदनापुर से मुख्यमंत्री बनना भी प्रतीकात्मक रूप से महत्वपूर्ण है। बंगाल की सत्ता लंबे समय तक कोलकाता केंद्रित राजनीतिक अभिजात वर्ग के इर्द-गिर्द घूमती रही। अधिकारी का उभार इस व्यवस्था से बाहर के क्षेत्रीय नेतृत्व की स्वीकृति है। मिदनापुर में जश्न का माहौल केवल राजनीतिक खुशी नहीं, बल्कि क्षेत्रीय आत्मसम्मान की अभिव्यक्ति भी है। लोगों को उम्मीद है कि अब राज्य के उपेक्षित क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा में अधिक महत्व मिलेगा। अब सबसे बड़ी चुनौती भाजपा और सुर्वेद सरकार के सामने चुनावी वादों को प्रशासनिक परिणामों में बदलने की है। 'डबल इंजन' सरकार का नारा जनता को तभी सार्थक लगेगा, जब राज्य और केंद्र के बीच बेहतर तालमेल से रोजगार, उद्योग, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर ठोस बदलाव दिखेगा। बंगाल में राजनीतिक हिंसा लंबे समय से गंभीर चिंता का विषय रही है। नई सरकार के लिए पहली कसौटी यही होगी कि वह भयमुक्त राजनीतिक वातावरण बना सके। सबसे पहली चुनौती कानून-व्यवस्था की है। बंगाल में राजनीतिक हिंसा, दलगत टकराव, सिंडिकेट संस्कृति और चुनावी हिंसा लंबे समय से गंभीर मुद्दे रहे हैं। भाजपा ने अपने चुनाव प्रचार में इन्हीं मुद्दों को प्रमुखता से उठाया था। अब जनता देखेगी कि नई सरकार अपराध और राजनीतिक संरक्षण के कथित गठजोड़ पर कितनी सख्ती दिखाती है। कानून का राज तभी स्थापित होगा जब कार्रवाई निष्पक्ष हो, चाहे आरोपी किसी भी दल, समूह या प्रभावशाली वर्ग से जुड़ा हो। दूसरी बड़ी चुनौती प्रशासनिक सुधार की है। बंगाल में वर्षों से सरकारी व्यवस्था पर राजनीतिक हस्तक्षेप के आरोप लगते रहे हैं। यदि नई सरकार सचमुच सुशासन का दावा करती है, तो उसे थाने, ब्लॉक कार्यालय, पंचायत व्यवस्था, नगर प्रशासन और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता लानी होगी। भाजपा के

## आज का राशिफल

मेष राशि- आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। माता के स्वास्थ्य में पहले की अपेक्षा सुधार आयेगा और माताजी आज आपसे डिमांड कर सकती हैं। आज फाइनेंस के मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। किसी ऐसे परिचित से भी मुलाकात होगी जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा।

वृष राशि- आज का दिन आपके लिए खुशियाँ लेकर आया है। आज आपको शुभ समाचार मिलने के योग नजर आ रहे हैं। आज उचित व्यवस्था हो जाने के बावजूद मन में कुछ परेशानी बनी रहेगी, अपना मनोबल मजबूत रखें।

मिथुन राशि-आज का दिन आपके लिए बढिय़ा रहने वाला है। आज बड़ों का सानिध्य मिलेगा और घर में सुख सुविधा संबंधी वस्तुओं की खरीदारी होने की संभावना है। किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति से मुलाकात द्वारा कुछ बेहतरीन जानकारियां हासिल होंगी।

कर्क राशि- आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आज ऑफिस में आपके परफॉरमेंस की तारीफ होगी। आज बिजनेस के रुके हुए काम पूरे करने में सफलता मिल सकती हैं। कुछ अन्य काम की भी शुरुआत करने की योजना बनाई हाई है तो उस पर भी विचार-विमर्श और अमल करने का उचित समय है।

सिंह राशि- आज का दिन व्यस्तता से भरा रहने वाला है। जो लोग स्थान परिवर्तन के लिए इच्छुक हैं, आज उनकी यह इच्छा पूरी होने के योग है। आपकी सकारात्मक सोच से आपके व्यक्तित्व में निखार आएगा। पारिवारिक और सामाजिक गतिविधियों में भी आपका योगदान रहेगा।

कन्या राशि-आज आपका दिन बेहतरीन होने वाला है। आज अचानक आय के नए रास्ते मिलेंगे, जिसका लाभ उठाने में आप सफल होंगे। आज रोज से ज्यादा दौड़-भाग रहेगी व किसी रिश्तेदार या दोस्त की मदद से प्रोत्साहन मिलेगा। जिससे आप परिवार की जिम्मेदारी भी अच्छे से निभा लेंगे।

तुला राशि- आज का दिन आपके लिए बढिय़ा रहने वाला है। आज कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में दूरदर्शिता बनाए रखें जल्दबाजी करना उचित नहीं है। यदि लोन लेने की योजना बनाई है तो उससे संबंधित अभी और अधिक जानकारियां लेने की जरूरत है।

वृश्चिक राशि- आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज व्यापार में लाभ के योग हैं। सार्वजनिक क्षेत्र में आपकी छवि के अनुकूल परिणाम प्राप्त होंगे। आपके बिजनेस में उलझने रहेंगी, लेकिन मेहनत से आप इनको सुलझा लेंगे। किसी भी कार्य में स्वयं के निर्णय को ही प्राथमिकता दें, दूसरों की बातों में आकर अपना नुकसान करने की भूल न करें।

धनु राशि- आज का दिन आपके लिए उत्साहवर्धक रहेगा। आज आप नया बिजनेस शुरू करने की प्लानिंग करेंगे। आज किसी विशेष क्षेत्र में की गई मेहनत का उचित परिणाम प्राप्त होने के आसार हैं। आज दूसरों से भी अपना काम निकलवाने में सफल रहेंगे।

मकर राशि- आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहने वाला है। आज आपकी मेहनत का आपको अच्छा रिजल्ट मिलेगा। जिससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। आज परिवार में भाई-बहनों से मदद लेनी पड़ सकती हैं। विचार न मिलने की वजह से पड़ोसियों अथवा आसपास के लोगों के साथ सामंजस्य बिठाने में कुछ परेशानी हो सकती है।

कुंभ राशि- आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपका मन दान-पुण्य में अधिक लगेगा। आज की दिनचर्या में आप बीते दिनों की तुलना में आप कुछ जादा व्यस्त रहेंगे। लेकिन आपके प्रयासों से व्यवस्था भी सामान्य हो जाएगी। किसी मित्र की मदद द्वारा मुश्किल राह आसान होने से मानसिक संतुष्टि मिलेगी।

मीन राशि- आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। पिछले कुछ समय से चल रहे तनाव से आज राहत आपको मिलेगी। अनुभवी लोगों के सानिध्य से आपको कुछ सकारात्मक अनुभव मिलेंगे। अपने कठिन परिश्रम से आज अपने कार्यक्षेत्र में उद्देश्य को पूर्ण कर लेंगे। और सामाजिक कामों में आपका रुतबा रहेगा। घर में संबंधियों की आवाजाही से खुशनुमा माहौल बनेगा। आपकी आय के साधनों में वृद्धि होगी।

# कमरा नंबर 302

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

उस ओयो होटल की गलियाँ किसी भूलभुलैया जैसी थीं, जहाँ रोशनी भी डरी-सहमी सी अंदर आती थी। बाहर बोर्ड पर वेलकम ऐसे लिखा था जैसे कोई कसाई बकरे को पुचकार रहा हो। रिसेप्शन पर बैठा लड़का स्मार्टफ़ोन में डूबा था, उसे दुनिया के किसी भी अनैतिक कृत्य से परहेज नहीं था, बस आधार कार्ड ओरिजनल होना चाहिए। उसने अपनी पत्नी से झूठ बोला था कि ऑफिस की कोई जरूरी मीटिंग है। घर पर वह सीधी-सादी स्त्री उसके लिए घी के परांठे बना रही होगी, यह जानते हुए भी उसके माथे पर शिकन नहीं थी। वह सीढ़ियाँ चढ़ते हुए खुद को अधूरा-सा महसूस कर रहा था, जो अपनी ऊब को मिटाने के लिए एक स्पेस की तलाश में है। कमरा नंबर 302 का दरवाजा खुला और एयर कंडीशनर की घरघराहट ने उसका स्वागत किया। यहाँ की हवा में एक अजीब सी बासी खुशबू थी—सस्ते परफ्यूम और सिगरेट के धुएं का एक ऐसा कॉकटेल, जो केवल उन कमरों में मिलता है जहाँ लोग अक्सर अपनी नैतिकता उतार कर खूंटी पर टांग देते हैं। कमरे का इंटीरियर शानदार होने का ढोंग कर रहा था। लाल रंग के भारी परदे ऐसे लटके थे मानो किसी बड़े रहस्य को ढकने की नाकाम कोशिश कर रहे हों। बेड पर बिछी सफ़ेद चादर अपनी सफेदी से उसे चिढ़ा रही थी। उसने खिड़की के पास खड़े होकर बाहर देखा। "तुम आ गईं?" उसने शून्य में पूछा। सामने वाले सोफे पर एक धुंधली सी आकृति उसे नजर आई। वह उसकी वही पुरानी प्रेमिका थी, जिससे उसने शादी के बड़े-बड़े वादे किए थे, शारीरिक संबंध बनाए थे और फिर अपनी सामाजिक प्रतिष्ठा की बलि वेदी पर उसे अकेला छोड़ दिया था। "देर कर दी तुमने," सोफे से एक महीन आवाज आई। वह हंसा, "दुनिया को धोखा देना आसान है, पर खुद की इच्छाओं को नहीं। मेरी पत्नी को लगता है मैं एक आदर्श पुरुष हूँ। वह बेचारी तो उस गाय की तरह है जिसे खूंटे से बांध दिया गया है। उसे क्या पता कि मेरा असली वजूद यहाँ, इस बदबूदार कमरे की तन्हाई में तुम्हारे साथ खिलता है।" उसने व्हिस्की का गिलास भरा।

"शादी का वादा करके हर बार तुम मुकर क्यों जाते हो?" उसने सवाल किया। वह बर्फ का टुकड़ा व्हिस्की में डालते हुए बोला, "शादी समझौता है डार्लिंग और इस तरह मिलने का सुख ही अलग है। समाज को धोखा देना मेरी मजबूरी थी और तुम्हें पाना मेरी जरूरत। देखो, आज भी मैं सब छोड़कर तुम्हारे पास आता हूँ।" वह प्रेमिका खिड़की के पास जाकर खड़ी हो गई। उसकी साड़ी का पल्लू हवा में नहीं लहरा रहा था, जबकि पंखा पूरी रफ्तार पर था। पर वह अपनी ही धुन में मगन था। उसे लग रहा था कि वह एक साथ दो जीवन जीकर ईश्वर को मात दे रहा है। उसे लगा, कितना महान है उसका यह प्रेम कि वह अपनी पति वाली छवि को दांव पर लगाकर यहाँ आता है। "पर उस धोखे का क्या जो तुमने समाज के सामने मुझे दिया? जब मैंने तुमसे कहा था कि मैं तुम्हारे बिना नहीं रह पाऊंगी, तो तुमने मेरा नंबर ब्लॉक कर दिया था," उसकी आवाज अब कमरे की दीवारों से टकराकर लौट रही थी। वह झुंझलाया, "धोखा क्या होता है? एक सच को दूसरे सच से बदल देना




स्मार्टनेस कहलाता है डार्लिंग। मेरी पत्नी को सुख मिल रहा है, तुम्हें मेरा वक्त मिल रहा है, और मुझे यह सुकून। इसमें बुरा क्या है?" कमरे की लाइटें अचानक डिम होने लगीं। ओयो होटल की वह चमक-दमक अब डरावनी सी लगने लगी थी। दीवारों पर टंगी पेंटिंग्स मानो उसे घूर रही थीं। उसने महसूस किया कि वह प्रेमिका कुछ ज्यादा ही शांत है। उसने पास जाकर उसका हाथ पकड़ने की कोशिश की, पर हाथ सिर्फ ठंडी हवा को चीरता हुआ निकल गया। "तुम इतनी ठंडी क्यों हो?" उसने पूछा। वह मुस्कुराई, एक ऐसी मुस्कुराहट जिसमें सातों जन्मों का हिसाब लिखा था। उसने गौर किया कि कमरे में उसके अलावा किसी और की परछाईं नहीं बन रही थी। दीवार पर टंगे कैलेंडर की तारीखें ठहर गई थीं। उसे याद आया, ठीक एक साल पहले इसी तारीख को उसने उस लड़की को आखिरी बार रुलाया था, और उसने उसके नाम का सुसाइड नोट लिखकर जान दे दी थी। अचानक रिसेप्शन वाले लड़के ने दरवाजा खटखटाया, "सर, किससे बात कर रहे हैं आप? रूम में तो आप अकेले ही चेक-इन हुए थे।" उसके हाथ से गिलास छूट गया। उसने पीछे मुड़कर देखा, सोफा खाली था। वह कांपने लगा। "लेकिन वह तो यहीं थी... अभी बात कर रही थी मुझसे..." उसने हकलाते हुए कहा। तभी कमरे की छत गायब हो गई और वहाँ अस्पताल की सफेद सीलिंग नजर आने लगी। वह ओयो का कमरा पिघलकर एक अस्पताल के आईसीयू में बदल गया। वह आदमी बेड पर लेटा था, वेंटिलेटर पर। उसके पास उसकी पत्नी बैठी थी, जो साल भर से उसके कोमा से बाहर आने का इंतजार कर रही थी। डॉक्टर ने पास आकर उसकी नब्ज देखी और उसकी पत्नी से कहा, "ये शारीरिक रूप से तो यहाँ हैं, पर इनका मस्तिष्क कहीं और कैद है। यह कोमा नहीं, इनकी अपनी किसी ग्लानि का वो जेलखाना है जहाँ ये हर रोज मरते हैं।" पत्नी रोने लगी, पर वह आदमी अपनी बंद आँखों के पीछे फिर से उसी गलियारे में 'चेक-इन' कर रहा था, जहाँ प्रेमिका फंदा लिए उसका स्वागत कर रही थी।

राजनीति

# राहुल-प्रियंका: देश के प्रति योगदान जीरो फिर भी मीडिया के 'हीरो'

संजय सक्सेना,लखनऊ,

एक समय था जब भारतीय राजनीति में कांग्रेस और नेहरू-गांधी परिवार की जड़ें समान रूप से



काफी मजबूत हुआ करती थीं। लोग तो यहां तक कहते थे कि नेहरू-गांधी परिवार के बिना कांग्रेस अधूरी मानी जाती थी। कांग्रेस ने देश को जितने प्रधानमंत्री दिए, उनमें इस परिवार के तीन सदस्य प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी तक ने कुल मिलाकर कई दशक तक देश पर राज किया। कांग्रेस तब तक उभार पर रही, जब तक पार्टी के भीतर इन तीनों का सिक्का चला, लेकिन इसके बाद सोनिया गांधी के हाथ में कांग्रेस की बागडोर आने के बाद धीरे-धीरे कांग्रेस का बुरा दौर शुरू हो गया। हालांकि यह इतना बुरा भी नहीं था कि कांग्रेस हाशिये पर चली गई हो। 2014 तक वह किसी न किसी तरह सत्ता की सीढ़ियां चढ़ने में कामयाब हो ही जाती थी, परंतु जब से सोनिया गांधी की पकड़ पार्टी पर कमजोर और राहुल गांधी की मजबूत होना शुरू हुई, तब से कांग्रेस का बेहद बुरा दौर आ गया। केंद्र की सत्ता तो कांग्रेस से फिसली ही, राज्य दर राज्य भी कांग्रेस की सरकारें जाती रहीं। हालात यह हो गया कि नेशनल पार्टी का तमगा हासिल किए हुए कांग्रेस क्षेत्रीय दलों की पिछलग्गू बनकर रह गई। यूपी में समाजवादी पार्टी, बिहार में लालू यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल, तमिलनाडु में डीएमके, झारखंड में शिबू सोरेन की झारखंड मुक्ति मोर्चा, महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की शिवसेना और शरद पवार की एनसीपी के साथ कांग्रेस पिछलग्गू बनी हुई है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी के साथ मिलकर कांग्रेस चुनाव लड़ चुकी है। यहां भी अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस को अपनी इच्छानुसार सीटें दी थीं। हाल में सम्पन्न हुए विधानसभा चुनाव में केरल में कांग्रेस मुस्लिम लीग के सहारे सत्ता में आई है।

कांग्रेस का क्षेत्रीय दलों का पिछलग्गू बनने का दौर राहुल गांधी के समय ही शुरू हुआ था। कांग्रेस के खोते जनाधार और गिरते मनोबल को बचाने में जब राहुल गांधी कामयाब होते नहीं दिखे, तो प्रियंका वाड्रा को भी कांग्रेस का ट्रंप कार्ड बताते हुए मैदान में उतार दिया गया, लेकिन उनका भी जादू चल नहीं पाया। भाई-बहन की जोड़ी भी कांग्रेस की तस्वीर नहीं बदल पाई। यह और बात है कि आज भी कांग्रेस को अर्श से फर्श पर ला देने वाले राहुल गांधी की ही पार्टी के भीतर तूती बोलती है। कांग्रेस का छोटे से छोटा और बड़े से बड़ा नेता राहुल-प्रियंका के सामने हाथ बांधे खड़ा रहता है, जबकि राहुल के कई फैसले पार्टी के लिए घातक साबित हो चुके हैं।बहरहाल, यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि आज की तारीख तक राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा गांधी का देश और पार्टी को आगे ले जाने में किसी तरह का कोई खास योगदान नहीं है। पार्टी के लिए इन दोनों ने अभी तक कुछ ऐसा नहीं किया, जिससे कांग्रेस आगे बढ़ती दिख रही हो। इसके उलट कांग्रेस लगातार जनाधार खोती जा रही है। सवाल यह है कि कांग्रेस के पतन के लिये जिम्मेदार राहुल गांधी और प्रियंका को भारतीय मीडिया इतना हाईलाइट क्यों करता है, जबकि देश-विदेश में भारत की छवि दागदार करने, राहुल के देश विरोधी ट्वीट और हिंदू विरोधी छवि के कारण जनता इन्हें लगातार नकारती जा रही है। आश्चर्य होता है कि क्यों मीडिया की दुनिया में राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा का नाम आज भी प्रमुखता से चमकता रहता है। यह सवाल भारतीय राजनीति और मीडिया के गठजोड़ की उस जटिल गुत्थी को खोलता है, जहां वोट की बजाय व्यूअरशिप और एडवर्टाइजमेंट राज करता है। गहराई से विश्लेषण करें तो पता चल जाता है कि कैसे ये दोनों नेहरू-गांधी परिवार के वारिस बनकर राजनीति में बने हुए हैं।

दरअसल, राहुल गांधी की राजनीतिक यात्रा शुरू से ही विवादों और असफलताओं से भरी रही। 2004 में अमेठी से सांसद बने, फिर 2014 और 2019 में हार का सामना करना पड़ा। 2019 लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की बुरी हार के बाद उन्होंने अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। प्रियंका गांधी ने 2019 में महासचिव बनकर पूर्वी उत्तर प्रदेश संभाला, लेकिन 2022 यूपी विधानसभा चुनाव में पार्टी को महज 2 सीटें मिलीं। 2024 लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 99 सीटें जरूर मिलीं, लेकिन यह राहुल या प्रियंका के व्यक्तिगत करिश्मे से कम, गठबंधन और मोदी विरोधी माहौल से ज्यादा जुड़ा रहा। आंकड़े साफ कहते हैं कि 2014 में कांग्रेस के पास 44 लोकसभा सीटें थी, 2019 में 52, लेकिन राज्य स्तर पर हाहाकार मचा रहा। यूपी में 403 सीटों वाली विधानसभा में 2022 में कांग्रेस को केवल 2 सीटें मिलीं, पंजाब में 2022 विधानसभा चुनाव में पार्टी 92 से घटकर 18 सीटों पर पहुंच गई। हिमाचल में भले कांग्रेस जीती, लेकिन गुजरात में 156 में से केवल 1 सीट मिली। ये आंकड़े दिखाते हैं कि इन दोनों का नेतृत्व पार्टी को मजबूत बनाने में नाकाम रहा। जनाधार का सिकुड़ना भी छिपा हुआ नहीं है। 2014 में कांग्रेस का वोट शेयर 19.5 फीसदी था, 2019 में 19.3 फीसदी, जबकि बीजेपी 38 फीसदी से ऊपर कायम रही।फिर भी मीडिया का फोकस इन पर क्यों रहता है? पहला कारण परिवार का ब्रांड है। नेहरू-गांधी परिवार भारतीय राजनीति का सबसे पुराना राजनीतिक वंश माना जाता है। जवाहरलाल नेहरू से इंदिरा और राजीव गांधी तक, यह नाम ही समाचार बन जाता है। मीडिया हाउस जानते हैं कि राहुल गांधी का कोई बयान चाहे 'चौकीदार चोर है' वाला हो या फिर देश को हिंदू आतंकवाद से खतरा बताने वाला तुरंत वायरल हो जाता है। प्रियंका की साड़ी-स्टाइल या भावुक अपील पर टीआरपी बढ़ती है। 2024 चुनाव में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को कई न्यूज चैनलों ने घंटों कवर किया, जबकि बीजेपी के विकसित भारत अभियान को अपेक्षाकृत कम। टीआरपी के आंकड़े बताते हैं कि राहुल के भाषणों पर डिबेट शो की रेटिंग 2-3 पॉइंट तक ऊपर चली जाती है। क्यों? क्योंकि विवाद बिकता है।

राहुल के विदेशी दौरे, अमेरिका और यूके में 'भारत में डेमोक्रेसी खतरे में है' जैसे बयान, अंतरराष्ट्रीय मीडिया भी प्रमुखता से दिखाता है, जिसे भारतीय चैनल भी तुरंत उठाते हैं।दूसरा कारण मीडिया का राजनीतिक एजेंडा माना जाता है। मुख्यधारा मीडिया के एक हिस्से में लेफ्ट-लिबरल विचारधारा का प्रभाव अब भी मजबूत बताया जाता है। कुछ डिजिटल मीडिया प्लेटफॉर्म राहुल-प्रियंका को मोदी के विकल्प के रूप में पेश करते हैं। यही वजह है कि 2023 में मणिपुर हिंसा पर राहुल गांधी के मार्च को कई चैनलों ने लाइव दिखाया, जबकि प्रधानमंत्री मोदी के बयान को कम प्राथमिकता मिली। प्रियंका के महिलाओं के लिए न्याय अभियान को फेमिनिस्ट एंगल से हाइलाइट किया गया। कुल मिलाकर यह राहुल-प्रियंका की राजनीति को जिंदा रखने की रणनीति मानी जाती है। अगर कांग्रेस खत्म हो गई, तो विपक्ष के बिना डिबेट शो कैसे चलेंगे? कई न्यूज चैनलों के पैनल में राहुल गांधी को प्रधानमंत्री पद का दावेदार बताया जाता है, भले जनता उन्हें 2014 और 2019 में नकार चुकी हो।2014 में अमेठी में स्मृति ईरानी से राहुल गांधी की हार, 2019 में रायबरेली में सोनिया गांधी की सीट पर प्रियंका की सक्रियता के बावजूद घटता मार्जिन, और 2024 में राहुल गांधी की वायनाड व रायबरेली दोनों सीटों पर जीत इन सबके बावजूद कांग्रेस 100 का आंकड़ा नहीं छू पाई, जबकि बीजेपी 240 सीटें जीतने में सफल रही।

## एक नजर

### डीआरजी जवान ने की आत्महत्या

**बीजापुर 12 मई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले मुख्यालय से एक दुखद खबर सामने आई है। डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) में पदस्थ एक



जवान ने रात 10 बजे के आसपास सिटी कोतवाली के सामने अज्ञात कारणों के चलते आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि जवान ने अपनी सर्विस रायफ्ल से खुद को गोली मार ली। मिली जानकारी के अनुसार, डीआरजी जवान दिलीप तेलम बाइक पर बैठा हुआ था, इसी दौरान उसने अपनी रायफ्ल कनपटी पर लगाकर गोली चला दी। गोली लगते ही मौके पर अफ्रा-तफ्री मच गई। आसपास मौजूद जवानों और लोगों ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस अधिकारियों को दी। घटना के बाद पुलिस एवं सुरक्षा बल के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फ्लिहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। इस घटना के बाद सुरक्षा बलों में शोक का माहौल है। अधिकारियों का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है, ताकि आत्महत्या के पीछे की वास्तविक वजह सामने आ सके।

### ग्रीष्मकालीन जूडो-कराते शिविर में नियमित अभ्यास कर रहे बच्चे व युवा

**जगदलपुर 12 मई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्रीष्मकालीन जूडो-कराते ऑल बस्तर जिला जूडो संघ एवं गोसुकुरियो कराते दो एसोसिएशन ब्रान्च जगदलपुर द्वारा लगाया गया है प्रशिक्षण शिविर का 11वां दिन ऊर्जा, अनुशासन एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ। शिविर में प्रतिभागी बच्चों एवं युवाओं ने नियमित अभ्यास के माध्यम से आत्मरक्षा की विभिन्न तकनीकों का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे शिविर 10 जून 2026 तक स्थानीय विद्या ज्योति स्कूल ग्राउण्ड, जगदलपुर में समय शाम 5 बजे से 6,15 बजे तक आयोजित की गई है प्रशिक्षकों द्वारा खिलाड़ियों को जूडो एवं कराते की बुनियादी तकनीकों, संतुलन, फ्टिनेस तथा आत्मविश्वास बढ़ाने के गुर सिखाए जा रहे है शिविर में बच्चों ने पूरे मनोयोग से भाग लेते हुए अनुशासन एवं खेल भावना का परिचय दे रहे है आज के प्रशिक्षण सत्र में विशेष रूप से सेल्फ डिफेंस तकनीकों का अभ्यास कराया गया, जिससे प्रतिभागियों में आत्मरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ी। प्रशिक्षकों ने बताया कि इस प्रकार के शिविर बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिविर आयोजकों के प्रशिक्षक अब्दुल मोईन ने अभिभावकों एवं प्रतिभागियों के उत्साह की सराहना करते हुए आगामी दिनों में और बेहतर प्रशिक्षण देने का आश्वासन दिया। शिविर निरंतर सफ्लतापूर्वक संचालित हो रहा है तथा प्रतिभागियों की संख्या में भी उत्साहजनक वृद्धि देखी जा रही है।

### संगम उर्स कमेटी के संयुक्त प्रयास से पूरे रस्मों के साथ 7 जोड़ों का निकाह हुआ



**जगदलपुर 12 मई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बस्तर मुस्लिम डेवलपमेंट सोसायटी एवं संगम उर्स कमेटी की संयुक्त प्रयासों से आज मुस्लिम समाज के 07 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न हुआ,शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य बतौर मुख्य अतिथि इस विवाह समारोह में शामिल होकर नव-विवाहित जोड़ों को उनके वैवाहिक जीवन की कामना कर अपना आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा सामूहिक विवाह का आयोजन न केवल फ्जिूलखर्ची को रोकता है, बल्कि समाज में एकता और भाईचारे का संदेश भी देता है। बस्तर मुस्लिम डेवलपमेंट सोसायटी और संगम उर्स कमेटी का यह प्रयास सराहनीय है।इस कार्यक्रम में पूर्व महापौर जतिन जायसवाल,अनवर खान, पार्षद प्रवीर वार्ड व महामंत्री जाहिद हुसैन,समाज के वरिष्ठ जन, मुस्लिम समाज के सदस्यगण व बड़ी संख्या में शहरवासी उपस्थित थे।

# मनवा पुलिस-मनवा नाटे अभियान के तहत उड़तामल्ला में चलित थाना का आयोजन

**बीजापुर, 12 मई।** जिले के अतिसंवेदनशील और दूरस्थ ग्राम उड़तामल्ला में आज सोमवार को थाना पामेड़ पुलिस द्वारा मनवा पुलिस-मनवा नाटे अभियान के तहत गांव में जन-संवाद और चलित थाना कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पुलिस जवानों ने गांव में लोगों से सीधे बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और सुरक्षा के साथ विकास से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों और पुलिस के बीच आपसी विश्वास को मजबूत करना था। लंबे समय से अंदरूनी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों तक प्रशासन और सुरक्षा व्यवस्था की सकारात्मक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए पुलिस लगातार ऐसे अभियान चला रही है।



उड़तामल्ला में आयोजित इस कार्यक्रम में ग्रामीणों ने खुलकर अपनी बात रखी और पुलिस अधिकारियों ने उनकी समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया। पुलिस टीम ने ग्रामीणों को समझाइश देते हुए कहा कि गांव या जंगल क्षेत्र में किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि दिखाई देने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। साथ ही बच्चों की शिक्षा और बेहतर भविष्य को लेकर भी ग्रामीणों को जागरूक किया गया। अभिभावकों से बच्चों को नियमित स्कूल और आंगनबाड़ी भेजने की अपील की गई।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस जवानों ने बच्चों और ग्रामीणों के बीच जरूरत का सामान वितरित किया। महिलाओं को साड़ियां, ग्रामीणों को चप्पल और छाते दिए गए, वहीं बच्चों को खेल सामग्री, कॉपी-पेन, चॉकलेट और बिस्किट बांटे गए। क्रिकेट और वॉलीबॉल किट मिलने से बच्चों की खुशी देखते ही बन रही थी। ग्रामीणों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस का इस तरह गांव तक पहुंचना उनके भीतर सुरक्षा और भरोसे की भावना पैदा करता है। बीजापुर पुलिस का कहना है कि आने वाले समय में भी ऐसे कार्यक्रमों के जरिए दूरस्थ इलाकों में आम जनता और पुलिस के बीच संवाद और विश्वास को लगातार मजबूत किया जाएगा।

# पालिका की लापरवाही से अधखुली नाली में गिरकर गऊ माता की मौत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 12 मई।** नगर की खुली नालियों में गिरकर पशुओं की मौत एवं घायल होने की घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। नगर पालिका प्रशासन की लापरवाही एवं बदइंजामी के चलते खुली नालियों में आए दिन पशु गिर रहे हैं। जिला मुख्यालय में नगर पालिका की लचर भ्रष्ट व्यवस्था का शिकार निरीह बेजुबान पशु हो रहे हैं। खुली नालियां नगर पालिका प्रशासन एवं जवाबदेह जनप्रतिनिधियों की कमियों एवं गलतियों की ओर इशारा कर बता रहा है कि आपकी कार्यप्रणाली सही नहीं है। ऐसे हालात पालिका की कमजोरी एवं कार्य के प्रति उदासीनता को बयां करता है।

नगर के वार्ड क्रमांक 13 में ओम किराना स्टोर्स के पास अधखुली नाली में बीती शाम एक गाय गिर गई। नाली में गिरे हुए पशु को कोई देख नहीं पाया



जिसके चलते रात भर पशु नालियों में ही फंसा रह गया दम घुट जाने से पशु की मौत हो गई। सुबह जब लोगों ने नाली में गिरी हुई गौवंश को देखा तो पालिका को सूचना दी गई जिसके बाद सफाई टीम मौके पर पहुंची और मृत पशु को नाली से बाहर निकाला गया। खुली नालियों में गौवंशों के गिरने की कई और भी घटनाएं हो चुकी है। बावजूद नगर पालिका की आंख नहीं खुल रही। खुली नालियों में ढक्कन लगवाने गंभीरता नहीं दिखाया जा रहा। जिन नालों में ढक्कन लगाए भी गए हैं वे बेहद घटिया और कमजोर गुणवत्ता के बनाए गए हैं। ठेकेदारों द्वारा ढक्कन बनाने के बाद उसे क्यूरिंग अर्थात उसे पानी नहीं पिलाया नहीं पिलाया जाता जिसके वजह से ढक्कन कमजोर होकर जल्द टूट जाते हैं। जिस नाले में पशु की गिरकर मौत हुई है उस नाले में ढक्कन लगे हैं मगर ज्यादातर ढक्कन घटिया निर्माण के चलते टूट चुके हैं। अब यही टूटे हुए ढक्कन गौवंशों के लिए काल बन रही है। वार्डवासियों का कहना है कि नालियों के ढक्कन बहुत ही घटिया क्वालिटी के बनाए गए हैं आधे नाले में ढक्कन लगा है आधे खुले पड़े हैं। नए पालिका परिषद का गठन हुए डेढ़ साल बीतने को हैं मगर अब तक खुले नालियों में ढक्कन लगाने का काम नहीं किया गया है। जिन स्थानों में नालियों के ढक्कन टूट गए हैं उसे भी नहीं बनाया गया है। वार्ड पार्षद भी खुले नालियों में ढक्कन लगाने में कोई रूचि नहीं दिखा रहे। नतीजतन पालिका की भ्रष्ट कार्यप्रणाली का खामियाया निरीह बेजुबान पशुओं को अपनी जान देकर चुकाना पड़ रहा है।

## बस्तर में उप निर्वाचन की अधिसूचना के साथ धारा-163 व संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम लागू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर,12 मई।** बस्तर जिले में नगरीय निकाय एवं पंचायत उप निर्वाचन की अधिसूचना के मद्देनजर सुरक्षा और कानून-व्यवस्था सुनिश्चित किया जा रहा है। जिसके तहत आगामी नगरपालिक निगम जगदलपुर के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 16, इंदिरा गांधी वार्ड में होने वाले उप-निर्वाचन 2026 की संवेदनशीलता को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट आकाश छिकारा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। यह निर्णय चुनाव प्रचार के दौरान होने वाली राजनीतिक रैलियों, जुलूसों और आम सभाओं में संभावित विवादों को रोकने तथा सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लिया गया है।

जारी आदेश के अनुसार अब निर्वाचन क्षेत्र के भीतर किसी भी सार्वजनिक स्थान, जुलूस या सभा में धारदार हथियार, लाठी, बल्लम, तलवार या अन्य किसी भी प्रकार के घातक अस्त्रों का प्रदर्शन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। जिला मजिस्ट्रेट ने स्पष्ट किया है कि चुनाव के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के समर्थकों के बीच आलोचना या मतभेद के फ्लस्वरूप शांति भंग होने की प्रबल संभावना रहती है, जिससे जनजीवन और लोक संपत्ति को खतरा हो सकता है। इसी खतरे के निवारण और मतदाताओं को एक भयमुक्त वातावरण प्रदान करने के लिए उक्त धारा के प्रावधानों को तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। हालांकि इस प्रतिबंध से उन शासकीय सेवकों को छूट दी गई है जो अपने कर्तव्यों के निर्वहन हेतु शस्त्र धारण करने के लिए अधिकृत हैं, साथ ही उन नागरिकों को भी राहत दी गई है जो धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार अनिवार्य रूप से शस्त्र धारण करते हैं। और उल्लंघन करने वालों पर त्वरित वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

इस चुनावी प्रक्रिया के दौरान संपत्तियों को विरूपित होने से बचाने के लिए छत्तीसगढ़ संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम 1994 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक विशेष कार्ययोजना लागू की गई है। कलेक्टर के आदेशानुसार किसी भी शासकीय या अशासकीय भवन, बिजली के खंभों, टेलीफोन के टावरों या अन्य सार्वजनिक ढांचों पर बिना अनुमति के नारे लिखना, पोस्टर चिपकाना या झंडे लगाना अब एक दंडनीय अपराध की श्रेणी में आएगा। यदि कोई व्यक्ति या राजनीतिक दल इन नियमों का उल्लंघन करता पाया जाता है, तो उस पर एक हजार रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है और संबंधित अधिनियम की धाराओं के तहत कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी।

वहीं निजी संपत्तियों के उपयोग को लेकर भी प्रशासन ने कड़े दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जिसके तहत कोई भी प्रत्याशी या राजनीतिक दल किसी व्यक्ति की निजी संपत्ति का उपयोग चुनाव प्रचार के लिए तभी कर पाएगा, जब उसके पास संपत्ति स्वामी की स्पष्ट लिखित सहमति होगी। बिना लिखित अनुमति के निजी मकानों पर झंडे या पोस्टर लगाना विरूपण माना जाएगा और शिकायत मिलने पर पुलिस द्वारा त्वरित जांच कर सक्षम न्यायालय में चालान पेश किया जाएगा।

# सरोना वन परिक्षेत्र में ग्रामीण पर तेंदुए ने किया हमला,गांव में दहशत

**कांकेर, 12 मई।** जिले के सरोना वन परिक्षेत्र में एक ग्रामीण पर वन्य प्राणी तेंदुए ने हमला कर दिया। यह घटना तब हुई जब ग्रामीण अपने खेत के बोर में नहा रहा था। इस हमले के बाद से पूरे गांव में दहशत का माहौल है। घायल ग्रामीण सगराम नेताम की हालत अभी ठीक बताई जा रही है। उन्हें तत्काल प्राथमिक उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बासनवाही लाया गया। डॉक्टरों ने उनकी चोटों का इलाज किया और उन्हें निगरानी में रखा है। ग्रामीण अब अपने खेतों में अकेले जाने से भी डर रहे हैं, खासकर शाम के समय और अंधेरा होने के बाद।

मिली जानकारी के अनुसार कांकेर जिले के बांगाबारी नयापारा गांव निवासी सगराम नेताम अपने खेत के बोर में नहाने गए थे। इसी दौरान अचानक एक तेंदुए ने



उन पर जानलेवा हमला कर दिया। अपने ऊपर हुए अचानक हमले में ग्रामीण सगराम ने मदद के लिए जोर से चीख-पुकार की। उनकी आवाज सुनकर पास ही में काम कर रहे अन्य ग्रामीण तुरंत मौके पर आ पहुंचे। ग्रामीणों को अपनी ओर आता देख तेंदुआ मौके से भाग निकला। घायल सगराम को आस-पास के लोगों ने तुरंत पास के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। ग्रामीणों ने बताया कि इस इलाके में वन्यजीवों की आवाजाही होती रहती है। हालांकि इस तरह का सीधा हमला चिंताजनक है। ग्रामीणों में अब अपने खेतों में काम करने को लेकर डर बैठ गया है।

वन विभाग को इस घटना की सूचना दे दी गई है। विभाग ने ग्रामीणों को सतर्क रहने की अपील की है। उन्हें रात के समय अकेले बाहर नहीं निकलने और समूह में रहने की सलाह दी गई है। वन विभाग ने तेंदुए को पकड़ने और क्षेत्र में ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया है। विभाग ने गश्त बढ़ाने और वन्यजीवों की गतिविधियों पर नजर रखने की बात कही है।

### एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन 15 मई को,

**कांकेर 12 मई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र कोड़ेजुंगा कांकेर में 15 मई को सुबह 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक ''एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा, जिसमें निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा 1598 रिक्तियों के आधार पर भर्ती की जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी श्री बी.आर. ठाकुर ने बताया कि उक्त रोजगार मेला में सिक्युरिटी गार्ड के 100 पद, सिक्युरिटी सुपरवाइजर के 50 पद, फ्ल्डि ऑफ्सिर के 05 एवं 50, मार्केटिंग एक्सक्युटीभ के 02, लेबर के 350, कलेक्शन ऑफ्सिर के 10, इन्शुरेंस एडवाईजर के 25, हेल्फ्र के 04 एवं सेल्स एक्सक्युटीभ के 02 पदों पर भर्ती की जाएगी।इच्छुक आवेदक उक्त रोजगार मेला में उपस्थित होकर या ई-रोजगार के पोर्टल पर भी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्राप्त आवेदनों के आधार पर नियोक्ता द्वारा प्राथमिक चयन कर साक्षात्कार लिया जाएगा, जिसकी सूचना पृथक से दूरभाष के माध्यम से आवेदक को दी जाएगी।

### अवैध शराब के साथ एक आरोपित गिरफ्तार

**दन्तेवाड़ा, 12 मई।** जिले के गीदम पुलिस को मुखबिर से मिली सूचना पर मुर्गा बाजार के पास छापेमारी कर एक व्यक्ति को अवैध शराब बेचते रंगे हाथों पकड़ा गया । आरोपी कन्हैया लाल यादव (निवासी गीदम) के कब्जे से 35 बोतल ग्रैंड कोलंबिया स्पेशल व्हिस्की ) और 10 कैन कांगरो 10000 स्ट्रांग बीयर (650 एमएल) तथा नगद 620 रुपये बरामद किए गए। जप्त अवैध शराब की अनुमानित बाजार मूल्य 6,200 रुपये आंकी गई है। पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन, एसडीओपी बारसूर गोविंद दीवान और थाना प्रभारी निरीक्षक अमित बेरिया की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### कमिश्नर ने अति विशिष्ट व्यक्तियों के जगदलपुर प्रवास को लेकर दिए निर्देश

**जगदलपुर, 12 मई।** बस्तर जिला मुख्यालय जगदलपुर में आगामी दिनों में अति विशिष्ट व्यक्तियों के प्रवास के मद्देनजर आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर कमिश्नर बस्तर डोमन सिंह ने कलेक्टोरेट के प्रेरणा सभाकक्ष में बस्तर संभाग के प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक ली और सभी तैयारियां एवं आवश्यक व्यवस्थाओं को समय पूर्व सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन, डीएफ्ओ उत्तम गुप्ता, अपर कलेक्टर सीपी बघेल एवं ऋषिकेश तिवारी, नगर निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा और अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में बस्तर संभाग के अन्य जिलों के अधिकारी वर्चुअल तौर पर जुड़े रहे। लेकिन यह स्पष्ट नही किया गया कि आगामी दिनों में अति विशिष्ट व्यक्तियों में कौन-कौन जगदलपुर प्रवास पर आने वाले हैं।

### नक्सलियों के छुपाकर रखी गई मशीन,नक्सल सामग्री बरामद

**बीजापुर, 12 मई।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के थाना गंगालूर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डोडीतुमनार पटेलपारा पहाड़ी इलाके से नक्सलियों द्वारा पूर्व में छुपाकर रखे गये विस्फोटक तैयार करने के मशीन एवं अन्य नक्सल सामग्री बड़ी मात्रा में सुरक्षाबलों ने आज सोमवार को बरामद किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि डोडीतुमनार के जंगल-पहाड़ी क्षेत्र में नक्सली गतिविधियां संचालित होती रही है, तथा वहां भारी मात्रा में नक्सल सामग्री छिपाकर रखी गई है। सूचना के आधार पर पुलिस सहायता केंद्र पीडिया और थाना गंगालूर की संयुक्त पुलिस टीम ने इलाके में सघन सर्चिंग अभियान चलाया।सर्चिंग के दौरान जवानों को जमीन के भीतर बनाया गया एक संदिग्ध बंकर मिला। डिमाइनिंग और सुरक्षा जांच के बाद बंकर को खोला गया, जहां से बड़ी मात्रा में नक्सली डंप बरामद किया गया है। बरामद नक्सल सामग्री में होंडा कंपनी के दो जनरेटर, दो लेथ मशीन, एक इन्वर्टर, चार बड़ी बैटरियां, एक छोटी बैटरी, आठ सोलर प्लेट, एक मोटर, एक वेल्डिंग मशीन, एक ड्रिल मशीन, एक देशी बीजीएल लॉन्चर, 29 बीजीएल सेल, लगभग 50 मीटर कॉर्डेक्स वायर और दो प्लास्टिक ड्रम शामिल हैं।

## पांच लाख की इनामी बीजापुर की महिला नक्सली ने किया आत्मसमर्पण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 12 मई।** छत्तीसगढ़ और आंध्रप्रदेश की सीमा पर लंबे समय से सक्रिय डीकेएसजेडसी कैडर की पांच लाख रुपये की इनामी महिला नक्सली पोडियम लक्ष्मी बीजापुर के उसूर निवासी ने आंध्रप्रदेश के अल्लुरी सीताराम राजू जिले में पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण के दौरान अधिकारियों ने उसे पुनर्वास सहायता राशि भी प्रदाय किया । अधिकारियों का मानना है कि माओवादी संगठन के कमजोर पड़ने और पुनर्वास योजनाओं के प्रभाव से कई सदस्य अब मुख्यधारा में लौटने के लिए आगे आ रहे हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पोडियम लक्ष्मी माओवादी संगठन की दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी (डीकेएसजेडसी) की सदस्य रही है। वह लंबे समय से छत्तीसगढ़ और आंध्र प्रदेश की सीमा से लगे क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभा रही थी। वहीं माओवादी संगठन की कई गतिविधियों में शामिल रही थी और सीमावर्ती इलाकों में उसकी सक्रिय भागीदारी मानी जाती थी।

# बस्तर में मनाया गया सोमनाथ स्वाभिमान पर्व, प्रधानमंत्री के विजन पर हुई चर्चा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 12 मई।** बस्तर रियासत की पुरानी राजधानी नगर पंचायत बस्तर में स्थित प्राचीन शिव मंदिर का प्रांगण उस समय भक्ति और राष्ट्रवाद के अनूठे संगम का साक्षी बना, जब यहां 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर सोमनाथ मंदिर के उस अदम्य स्वाभिमान की गाथा भी गूंजी, जो सदियों के संघर्ष के बाद आज अपने पूर्ण वैभव के साथ खड़ा है। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वेदवती कश्यप ने अपने उद्बोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सोमनाथ में 11 पवित्र तीर्थों के जल से किए गए अभिषेक का उल्लेख करते हुए इसे भारतीय संस्कृति के पुनरुत्थान का प्रतीक बताया।




जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कश्यप ने मंदिर के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज से लगभग एक हजार वर्ष पूर्व सोमनाथ मंदिर को जिस तरह नष्ट कर लूटपाट की गई थी, वह भारतीय इतिहास का एक काला अध्याय था। उसके बाद भी कई बार आक्रमणकारियों ने इस सनातन केंद्र को क्षति पहुंचाई, लेकिन हर बार महादेव के प्रति अटूट आस्था ने इसे वापस खड़ा कर दिया। उन्होंने याद दिलाया कि अंतिम बार 1951 में इस मंदिर के पुनर्निर्माण का महान कार्य संपन्न हुआ था और आज, एक हजार वर्ष पूर्व हुई उस भीषण लूटपाट के पश्चात मंदिर के इसी अटूट स्वाभिमान और पुनर्निर्माण की याद में 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' का आयोजन पूरे देश में गौरव के साथ किया जा रहा है।

इस उत्सव में जनपद पंचायत अध्यक्ष संतोष बघेल में भी सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती शकुंतला कश्यप सहित अन्य जनप्रतिनिधि और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन व अपर कलेक्टर ऋषिकेश तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

भक्ति की इस धारा को कलात्मक ऊंचाई देते हुए कलाकार निधि रावल और तरंग डांस एकेडमी की नन्हीं बालिकाओं ने कत्थक शैली में शिव तांडव की ऐसी ओजपूर्ण प्रस्तुति दी, जिसने उपस्थित जनसमूह में ऊर्जा का संचार कर दिया। वहीं गायत्री मानस परिवार बस्तर के शिव भजनों ने वातावरण को पूरी तरह आध्यात्मिक बना दिया। बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं और भक्तों ने इस ऐतिहासिक संदर्भ वाले पर्व में हिस्सा लेकर अपनी सांस्कृतिक जड़ों के प्रति गर्व व्यक्त किया।

## प्रतिबंधित नशीली कैप्सूल के साथ दो आरोपित गिरफ्तार

**जगदलपुर, 11 मई।** बस्तर पुलिस ने नशे के कारोबार पर कार्रवाई करते हुए बोधघाट थाना क्षेत्र से प्रतिबंधित नशीली कैप्सूल बेचने की तैयारी में बैठे दो आरोपियों दीप सिंह उर्फराजा (27 वर्ष) निवासी हाटकचोरा अनुकूल देव वार्ड और मोहित बघेल (23 वर्ष) निवासी अनुकूल देव वार्ड, जगदलपुर को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से बड़ी मात्रा में अवैध नशीली कैप्सूल और नगद रकम बरामद की गई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफएनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्यवाही उपरांत आज सोमवार को रिमांड़ पर रवान किया गया है।

बोधघाट पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि हाटकचोरा स्थित बतख गोदाम चौक के पास दो युवक प्रतिबंधित नशीली कैप्सूल लेकर ग्राहक का इंतजार कर रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी और दोनों संदेहियों दीप सिंह उर्फराजा (27 वर्ष) निवासी हाटकचोरा अनुकूल देव वार्ड और मोहित बघेल (23 वर्ष) निवासी अनुकूल देव वार्ड, जगदलपुर को घेराबंदी कर पकड़कर तलाशी के दौरान आरोपियों के पास रखे पॉलीथिन से प्रतिबंधित नशीली कैप्सूल क्ष्ठ्ठद्द1श्ठु स्थ्र्इह्य क्ष्यह्वह्य ञ्ह्ड्डद्धड्डह्यस्त्रश्च्य ।।ष्य के 53 पत्ते, कुल 424 नग बरामद किए गए, जिनकी अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 1 लाख 69 हजार 600 रुपये आंकी गई है। साथ ही 430 रुपये नगद भी जब्त किए गए। बस्तर पुलिस द्वारा जिले में नशे के कारोबार और असामाजिक तत्वों के खिलाफलगातार अभियान चलाया जा रहा है।

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व:अटूट आस्था और सांस्कृतिक गौरव का महोत्सव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**रायगढ़, 12 मई।** गुजरात स्थित सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में देशभर में "सोमनाथ स्वाभिमान पर्व" मनाया गया। इसी क्रम में रायगढ़ के बाबा धाम कोसमनारा में भी आज सोमनाथ स्वाभिमान पर्व "अटूट आस्था के 1000 वर्ष" का भव्य आयोजन किया गया। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन मिनट-टू-मिनट्स निर्धारित रूपरेखा के अनुसार सुव्यवस्थित ढंग से किया गया। आयोजन में श्रद्धा, संस्कृति और सनातन परंपरा का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात छत्तीसगढ़ राज्य गीत प्रस्तुत किया गया। कैदीमुड़ा की मां मानकेसरी महिला समूह द्वारा प्रस्तुत शिव भजन एवं भक्तिमय गीतों ने पूरे वातावरण को शिवमय बना दिया।

आयोजन स्थल पर सोमनाथ थीम पर आकर्षक रंगोली बनाई गई, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। इसके बाद सोमनाथ संवाद का आयोजन किया गया, जिसमें भारत की सांस्कृतिक विरासत, सनातन परंपरा तथा मंदिरों के ऐतिहासिक महत्व पर विचार साझा किए गए। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह, नगर निगम महापौर श्री जीवर्धन चौहान, सभापति श्री डिग्री लाल साहू, श्री महेश साहू, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्री राम श्याम डनसेना सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्राम के सरपंच, जिला पंचायत सीईओ श्री अभिजीत बबन पठारे, जनपद पंचायत सीईओ संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व भारत की अटूट आस्था, सांस्कृतिक चेतना और सनातन परंपरा के गौरव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सोमनाथ मंदिर भारतीय संस्कृति, श्रद्धा और राष्ट्रीय स्वाभिमान का प्रमुख केंद्र रहा है तथा समय-समय पर इसके पुनर्निर्माण और संरक्षण के माध्यम से देश की सांस्कृतिक चेतना को सशक्त करने का कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर के आस्था केंद्रों एवं सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण और विकास का कार्य निरंतर किया जा रहा है। अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण, काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों के विकास कार्य इसके उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि रायगढ़ का बाबा धाम भविष्य में देश का प्रमुख आस्था एवं पर्यटन केंद्र बनेगा। रायगढ़ के पहाड़ मंदिर परिसर में 51 फीट ऊंची बजरंगबली प्रतिमा की स्थापना की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही क्षेत्र के प्राचीन मंदिरों एवं रियासतकालीन धरोहरों के संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण का कार्य भी किया जाएगा, ताकि आने वाली पीढ़ियां अपनी सांस्कृतिक विरासत से जुड़ी रहें।नगर निगम महापौर श्री जीवर्धन चौहान ने कहा कि सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने का यह अवसर पूरे भारत के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा और आस्था केंद्रों के संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। बाबा धाम कोसमनारा में वर्षों से साधना में लीन संत बाबा सत्यनारायण श्रद्धालुओं के लिए प्रेरणा और आस्था के केंद्र हैं। सभापति श्री डिग्री लाल साहू ने भारतीय संस्कृति एवं धार्मिक धरोहरों के संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा गुजरात स्थित सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने पर दिए गए संबोधन का सीधा प्रसारण श्रद्धालुओं को दिखाया गया। इस अवसर पर सोमनाथ मंदिर के शिखर पर 11 पवित्र तीर्थों के जल से जलाभिषेक का विशेष दृश्य प्रसारित किया गया। साथ ही भारतीय वायु सेना की प्रसिद्ध सूर्य किरण एरोबेटिक टीम द्वारा प्रस्तुत एयर शो का लाइव प्रसारण भी उपस्थित जनसमूह ने उत्साहपूर्वक देखा।

## एक नजर

### पीएम आवास ने बदली चन्द्रभानू बेहरा के परिवार की जिंदगी



**रायगढ़, 12 मई।** विकासखंड मुख्यालय लैलूंगा से लगभग 4 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत कुंजारा में रहने वाले श्री चन्द्रभानू बेहरा के लिए बारिश का मौसम चिंता और परेशानी लेकर आता था। वर्षों से उनका परिवार एक जर्जर कच्चे मकान में जीवन गुजार रहा था। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण पक्का मकान बनाना उनके लिए केवल एक सपना बनकर रह गया था। लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना ने उनके जीवन की तस्वीर बदल दी। वर्ष 2024-25 में योजना के अंतर्गत उनका चयन हुआ और शासन से मिली 1 लाख 20 हजार रुपये की सहायता राशि तथा मनरेगा के तहत 10 दिवस के रोजगार ने उनके सपनों को हकीकत में बदल दिया। मेहनत और उम्मीद के साथ धीरे-धीरे उनका पक्का मकान तैयार हुआ और अब पूरा परिवार सुरक्षित एवं सम्मानजनक वातावरण में जीवन यापन कर रहा है।नए पक्के घर में प्रवेश करते ही चन्द्रभानू बेहरा के परिवार की जिंदगी में नई खुशियां आ गईं। अब बच्चों को पढ़ाई के लिए बेहतर माहौल मिल रहा है और परिवार को बारिश या अन्य मौसम की परेशानियों का डर नहीं सताता। घर में शौचालय, बिजली, स्वच्छ पेयजल और प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गैस कनेक्शन जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होने से उनका जीवन स्तर पहले से काफी बेहतर हो गया है। चन्द्रभानू बेहरा भावुक होकर बताते हैं कि कभी उन्होंने सोचा भी नहीं था कि उनका परिवार पक्के घर में रहेगा। उन्होंने शासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना उनके लिए नई उम्मीद और सम्मान लेकर आई है।

### प्रयास विद्यालय प्रवेश परीक्षा 3705 ने दी



**रायगढ़, 12 मई ।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत संचालित प्रयास आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2026 का आयोजन रविवार 10 मई को रायगढ़ जिले के 11 परीक्षा केंद्रों में सफलतापूर्वक एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। परीक्षा में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और जिला प्रशासन द्वारा सभी केंद्रों में सुरक्षा, पेयजल, बैठक व्यवस्था एवं अनुशासन की बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं।प्रवेश परीक्षा के लिए जिलेभर से कुल 3705 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया था, जिनमें 1365 बालक एवं 2340 बालिकाएं शामिल थीं। परीक्षा में कुल 2931 विद्यार्थी उपस्थित रहे। इनमें 1011 बालक एवं 1920 बालिकाएं शामिल रहीं। जिले का कुल उपस्थिति प्रतिशत 79.11 दर्ज किया गया, जबकि बालिकाओं की उपस्थिति 82.05 प्रतिशत रही, जो छात्राओं की बढ़ती जागरूकता और भागीदारी को दर्शाता है।प्रयास आवासीय विद्यालय योजना प्रदेश के आर्थिक रूप से कमजोर एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने की एक महत्वाकांक्षी पहल है। वर्ष 2010 में रायपुर से प्रारंभ हुई यह योजना वर्तमान में रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, अंबिकापुर एवं जगदलपुर सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में संचालित हो रही है। प्रदेश में वर्तमान समय में कुल 17 प्रयास संस्थाएं संचालित हैं, जिनमें लगभग 7120 सीटें स्वीकृत हैं और 6064 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं।

### रायगढ़ जिले में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ

**रायगढ़, 12 मई ।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2026 की घोषणा के साथ ही रायगढ़ जिले के संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन में निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। निर्वाचन कार्यक्रम जारी होने के साथ ही संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग, संपत्ति विरूपण, जुलूस, प्रचार-प्रसार एवं कानून व्यवस्था को लेकर विभिन्न प्रतिबंधात्मक आदेश लागू कर दिए गए हैं।राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी समय-सारणी के अनुसार निर्वाचन की सूचना, आरक्षण संबंधी जानकारी एवं मतदान केंद्रों की सूची का प्रकाशन 11 मई 2026 को किया गया। नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 18 मई 2026 निर्धारित की गई है, जबकि नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 19 मई 2026 को होगी। अभ्यर्थिता वापसी एवं निर्वाचन प्रतीकों के आबंटन की प्रक्रिया 21 मई 2026 को पूर्ण की जाएगी।

## सुशासन तिहार से दिव्यांगजनों के जीवन में आई उम्मीद की नई रोशनी



**रायगढ़, 12 मई।** शासन की योजनाएं तब सार्थक मानी जाती हैं, जब उनका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहजता और संवेदनशीलता के साथ पहुंचे। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में आयोजित सुशासन तिहार इसी जनकल्याणकारी सोच को साकार कर रहा है। यह अभियान केवल समस्याओं के निराकरण तक सीमित नहीं है, बल्कि जरूरतमंद लोगों के जीवन में विश्वास, सम्मान और आत्मनिर्भरता की नई ऊर्जा भरने का माध्यम भी बन रहा है। विकासखंड घरघोड़ा के ग्राम पंचायत घरघोड़ी में आयोजित सुशासन शिविर इसका जीवंत उदाहरण बना, जहां दिव्यांग हितग्राहियों एवं वरिष्ठ नागरिकों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते हुए उन्हें मौके पर ही सहायक उपकरण प्रदान किए गए ग्राम घरघोड़ा निवासी संतोषी ठाकुर लंबे समय से शारीरिक असुविधा के कारण दैनिक जीवन में कठिनाइयों का सामना कर रही थीं। सामान्य आवागमन भी उनके लिए चुनौती बन चुका था। सुशासन शिविर में आवेदन प्रस्तुत करने के बाद समाज कल्याण विभाग द्वारा उन्हें व्हील चेयर उपलब्ध कराई गई। इसी प्रकार बेलडीपा घरघोड़ा निवासी फूल सिंह राठिया एवं मंथीर दास को सेटेबल वॉकिंग स्टिक प्रदान की गई। हितग्राहियों ने भावुक होकर कहा कि शासन की यह पहल उनके लिए केवल सहायता नहीं, बल्कि सम्मानपूर्वक और आत्मनिर्भर जीवन जीने की नई शक्ति है। इस अवसर पर श्री अरुणधर दीवान, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, अनुविभागीय अधिकारी घरघोड़ा, तहसीलदार घरघोड़ा तथा जनपद पंचायत घरघोड़ा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों ने समाज कल्याण विभाग की संवेदनशील और त्वरित कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि सुशासन तिहार शासन और जनता के बीच विश्वास को मजबूत करने वाला प्रभावी जनअभियान बन चुका है।

## बैठक में 104 करोड़ से अधिक के 392 विकास कार्यों को मिली मंजूरी




**रायगढ़, 12 मई।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी की अध्यक्षता तथा सांसद, राज्यसभा सांसद, विधायक एवं जनप्रतिनिधियों की विशेष उपस्थिति में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) शासी परिषद की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में वर्ष 2025-26 के लिए खनिज प्रभावित क्षेत्रों के विकास से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा करते हुए 104 करोड़ 7 लाख रुपए से अधिक की लागत के 392 विकास कार्यों का अनुमोदन किया गया। बैठक में पिछले 30 अक्टूबर को आयोजित शासी परिषद की बैठक में स्वीकृत 150 करोड़ रुपए के कार्यों की विभागवार समीक्षा भी की गई तथा कार्यों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक में लोकसभा सांसद श्री राधेश्याम राठिया, राज्यसभा सांसद श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह, धरमजयगढ़ विधायक श्री लालजीत सिंह राठिया एवं लैलूंगा विधायक श्रीमती विद्यावती सिदार, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिखा रविन्द्र गबेल द्वारा अपने-अपने क्षेत्र विशेषकर वनांचल क्षेत्रों में जर्जर स्कूल भवनों, आश्रम-छात्रावासों, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं स्वास्थ्य संस्थानों की वास्तविक स्थितियों पर भी चर्चा करते हुए जनप्रतिनिधियों द्वारा नवीन भवन निर्माण तथा मरम्मत योग्य भवनों के सुधार कार्यों को वार्षिक कार्ययोजना में शामिल करने का सुझाव दिया गया, जिसे चर्चा उपरांत अनुमोदन सूची में शामिल किया गया। साथ ही जनप्रतिनिधियों के महत्वपूर्ण सुझाव को कार्यवाही विवरण में लेने के लिए निर्देशित भी किया गया।बैठक में राज्य शासन की गाइडलाइन के अनुरूप प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष उत्खनन प्रभावित क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, कौशल विकास, स्वच्छता, कृषि, महिला एवं बाल विकास, मानव संसाधन, ऊर्जा तथा भौतिक अधोसंरचना से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देने पर विशेष जोर दिया गया। प्रत्यक्ष उत्खनन प्रभावित क्षेत्रों में लैलूंगा, धरमजयगढ़, घरघोड़ा, तमनार एवं छाल क्षेत्र शामिल हैं, जहां बुनियादी सुविधाओं के विस्तार हेतु अनेक महत्वपूर्ण प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई।कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने कुछ भवनों की तकनीकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया। बैठक के दौरान कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने डीएमएफ से संचालित निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश देते हुए कहा कि खनिज प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों का लाभ सीधे आम लोगों तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने एजेंडा अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वीकृत कार्यों की सेक्टरवार समीक्षा भी की।बैठक में परियोजना प्रबंधन इकाई, गौण खनिज से प्राप्त डीएमएफ राशि, अक्षय निधि, आगामी पांच वर्षों में संभावित प्राप्त राशि के आधार पर पंचवर्षीय परिप्रेक्ष्य योजना तथा वार्षिक कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई।

## जनदर्शन में सुनी आमजनों की समस्याएं,त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 12 मई ।** जिला कलेक्टोरेट परिसर में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में आज जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों ने अपनी समस्याएं, मांगें एवं शिकायतें प्रशासन के समक्ष रखीं। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार आयोजित जनदर्शन में अपर कलेक्टर श्री रवि राही ने आमजनों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को नियमानुसार त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जनदर्शन में पहुंचे ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के लोगों ने राजस्व, स्वास्थ्य, आवास, सड़क निर्माण, अतिक्रमण, आर्थिक सहायता सहित विभिन्न विषयों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। अपर कलेक्टर श्री रवि राही ने प्रत्येक आवेदक से आत्मीयता के साथ चर्चा कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।ग्राम बरमूडा निवासी डोलनारायण पटेल ने अपनी भूमि संबंधी किसान ऋण पुस्तिका उपलब्ध कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। इस पर संबंधित राजस्व अधिकारियों को प्रकरण का परीक्षण कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार राजापारा रायगढ़ की सुरेखा देवांगन ने अपने पति के उपचार हेतु शासन की स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ दिलाने की मांग रखी, जिस पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। मौहापाली निवासी आशा यादव ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। अपर कलेक्टर ने संबंधित विभाग को पात्रता का परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। वहीं टेढ़ासेमर निवासी राजेश ने प्राकृतिक आपदा से हुई मृत्यु पर आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत कराने के लिए आवेदन दिया, जिस पर राजस्व विभाग को प्रकरण का परीक्षण कर शीघ्र सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।जनदर्शन में श्री शौकीलाल नेताम ने चंद्रशेखरपुर अंबेडकर चौक से घरघोड़ा चौक छाल तक सड़क निर्माण कराने की मांग रखी। इस पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को स्थल परीक्षण कर प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार रायगढ़ निवासी संध्या भगत ने शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया, जिस पर राजस्व विभाग को नियमानुसार जांच एवं कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा जनदर्शन में पेंशन, राशन कार्ड, पेयजल, विद्युत, भूमि सीमांकन, नामांतरण तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं से संबंधित अनेक आवेदन प्राप्त हुए।

## वार्ड क्रमांक-22 चक्रधर नगर बंगलापारा में खुलेगी नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान

रायगढ़, 12 मई । नगर निगम रायगढ़ अंतर्गत वार्ड क्रमांक 22 चक्रधर नगर बंगलापारा में युक्तियुक्तकरण के तहत नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान प्रारंभ किए जाने तथा दुकान एजेंसी नियुक्ति के लिए इच्छुक संस्थाओं से 20 मई तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व में वार्ड क्रमांक 25 कौहाकुण्डा में नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान खोले जाने संबंधी प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई थी। उक्त विज्ञप्ति में वार्ड क्रमांक एवं स्थान संबंधी लिपिकीय त्रुटि पाए जाने पर संशोधन करते हुए अब नगर निगम रायगढ़ अंतर्गत वार्ड क्रमांक 22 चक्रधर नगर बंगलापारा में नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान खोले जाने की कार्रवाई की जा रही है।इसके लिए इच्छुक स्थानीय नगरीय निकाय, महिला स्व सहायता समूह, प्राथमिक कृषि साख समितियां, अन्य सहकारी समितियां तथा वन सुरक्षा समितियों से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक संस्थाएं अपने पंजीयन प्रमाण पत्र एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों सहित आवेदन पत्र कार्यालयीन समयावधि में 20 मई 2026 तक संबंधित कार्यालय में प्रस्तुत कर सकती हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

## सुशासन तिहार के आवेदनों के त्वरित निराकरण के निर्देश

**धमतरी, 12 मई ।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया कि सुशासन तिहार के तहत आयोजित शिविरों में प्राप्त जनआवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक में अब तक आयोजित शिविरों में प्राप्त एवं निराकृत आवेदनों की विभागवार समीक्षा की गई तथा लंबित प्रकरणों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को मैदानी क्षेत्रों में सतत भ्रमण कर पेयजल संकटग्रस्त ग्रामों में समुचित पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां भी पेयजल समस्या, हैंडपंप खराबी, विद्युत आपूर्ति बाधित होने अथवा अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित शिकायतें प्राप्त हों, उनका तत्काल निराकरण किया जाए। उन्होंने हैंडपंपों की नियमित मरम्मत, जल स्त्रोतों की सतत निगरानी तथा आवश्यकतानुसार वैकल्पिक पेयजल व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए। बैठक में कलेक्टर ने क्रेडा अधिकारियों को विशेष रूप से डुबान क्षेत्र में खराब पड़े सौर ऊर्जा पंपों की मरम्मत कराने तथा वारंटी अवधि वाले पंपों को शीघ्र दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। वहीं कार्यपालन अभियंता विद्युत को ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में लो-वोल्टेज तथा विद्युत अप-डाउन की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित करने कहा।कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने चना खरीदी, खाद एवं बीज की उपलब्धता की जानकारी ली। कृषि अधिकारी ने बताया कि जिले में लक्ष्य से अधिक चना खरीदी की जा चुकी है। कलेक्टर ने किसानों को समय पर खाद-बीज उपलब्ध कराने तथा खरीफ सीजन की तैयारियां समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों को और अधिक सुदृढ़ बनाने हेतु विभिन्न अधिकारियों द्वारा गोद ली गई ।

## घरघोड़ी जनसमस्या निवारण शिविर में 900 से अधिक आवेदन मिले

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 12 मई।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप शासन की योजनाओं एवं प्रशासनिक सेवाओं को गांव-गांव तक पहुंचाकर आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं संवेदनशील समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में सुशासन तिहार 2026 का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में घरघोड़ा विकासखण्ड के ग्राम घरघोड़ी में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में ग्रामीणों की बड़ी भागीदारी देखने को मिली, जहां 20 ग्राम पंचायतों से 900 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में कई समस्याओं का मौके पर ही निराकरण कर लोगों को राहत प्रदान की गई।

शिविर में विभिन्न विभागों के जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशासनिक टीम ने आमजनों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने राजस्व, राशन कार्ड, पेंशन, प्रधानमंत्री आवास, पेयजल, विद्युत, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। प्राप्त आवेदनों में से अनेक मामलों का निराकरण मौके पर ही कर दिया गया, जबकि शेष आवेदनों को नियमानुसार प्रक्रिया में लेकर शीघ्र निराकरण का भरोसा दिलाया गया।शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने ग्रामीणों को योजनाओं की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया एवं मिलने वाले लाभों के संबंध में विस्तार से अवगत कराया। जनप्रतिनिधियों ने भी आमजनों से शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की। सुशासन तिहार के तहत आयोजित इस शिविर में विभिन्न योजनाओं से संबंधित हितग्राहियों को सामग्री एवं लाभ भी वितरित किए गए। सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, कृषि तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं के हितग्राहियों को प्रमाण पत्र एवं आवश्यक सामग्री प्रदान की गई। अरूणधर दीवान एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने एक ही मंच पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों की मौजूदगी एवं त्वरित सुनवाई की व्यवस्था की सराहना करते हुए इसे शासन की जनहितैषी पहल बताया।

## देर रात अज्ञात हमलावरों ने 3 युवकों पर किया हमला,1 की मौत,2 घायल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दुर्ग, 12 मई।** दुर्ग सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के देर रात हुई खूनी वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई राजीव नगर निवासी जितेश ठाकुर (20 साल ) की अज्ञात आरोपियों ने हत्या कर दी, जबकि राहुल ठाकुर और नेहरु ठाकुर गंभीर रुप से घायल हो गए। दोनों घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है और उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना देर रात करीब 2 बजे केजू राइस मिल के पास हुई। बताया जा रहा है कि कुछ अज्ञात हमलावरों ने तीनों युवकों पर हमला कर दिया। हमले में जितेश ठाकुर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि राहुल और नेहरु गंभीर रूप से घायल हो गए दुर्ग सिटी कोतवाली ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की क्राइम ब्रांच दुर्ग की टीम भी आरोपियों की तलाश में जुट गई है पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है तथा स्थानीय लोगों से पूछताछ कर रही है पुलिस सूत्रों के मुताबिक मामले में कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। फिलहाल हत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही पूरे मामले की स्थिति स्पष्ट हो पाएगी

## ठेले से चाट-गुपचुप खाने के बाद 25 लोग बीमार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दुर्ग, 12 मई।** दुर्ग जिले के पाटन ब्लॉक के ग्राम बेलौदी में साप्ताहिक बाजार में ठेले से चाट-गुपचुप खाने के बाद करीब 25 लोग उल्टी-दस्त की चपेट में आ गए अचानक बड़ी संख्या में लोगों की तबीयत बिगड़ने की सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया स्वास्थ्य विभाग की टीम तत्काल सक्रिय हुई और गांव पहुंचकर लोगों की जांच शुरू की बेलोदी गांव में कल साप्ताहिक बाजार भरा था जहां ग्रामीण इलाके के लोगों ने बाजार में खरीदारी की इसके बाद कुछ लोगों ने चाट और गुपचुप के ठेले से चाट और गुपचुप का सेवन भी किया लेकिन देर रात होते-होते सभी को पेट दर्द की शिकायत के साथ-साथ उल्टी और दस्त भी होने लगे इसके बाद सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे लेकिन धीरे-धीरे कर जब उल्टी दस्त के पीड़ितों की संख्या 25 पहुंच गई अब जिला प्रशासन को इसकी सूचना दी गई प्रशासन हरकत में आया और फॉरेन लोगों का इलाज किया गया मितानिनों की टीम ने गांव पहुंचकर हाउस-टू-हाउस सर्वे शुरू किया टीम ने मरीजों की पहचान कर तत्काल उपचार उपलब्ध कराया गंभीर स्थिति वाले मरीजों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गाड़ाडीह एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन रेफर किया गया है स्वास्थ्य विभाग की तत्परता से स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है

## एक नजर

### सड़क पर खड़े ट्रक में जा घुसे बाइक सवार की दर्दनाक मौत



**मोहला 12 मई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** खड़गांव तहसील क्षेत्र में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीते दो दिनों के भीतर क्षेत्र में एक्सीडेंट से दो लोगों की मौत हो चुकी है, जिससे इलाके में शोक और चिंता का माहौल है। जानकारी के अनुसार, खड़गांव माइनिंग क्षेत्र में कार्यरत मजदूर 30 वर्षीय सेवाराम कोरेटी की सोमवार को दर्दनाक सड़क हादसे में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि सेवाराम गोदावरी माइंस से काम खत्म कर अपने गांव कामकासुर लौट रहे थे। इसी दौरान नेशनल हाईवे 930 पर बंजारी मंदिर खड़गांव के पास सड़क में ब्रेकडाउन होकर खड़ी ट्रक से उनकी बाइक जा टकराई। सूत्रों के मुताबिक ट्रक अलापल्ली से दुर्ग की ओर जा रही थी, जो पिछले दो दिनों से खराब हालत में सड़क किनारे खड़ी थी। सुबह करीब 11:30 बजे घर लौटते समय सेवाराम अचानक ट्रक के पीछे जा भिड़े। टक्कर इतनी भीषण थी कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई।खड़ी ट्रक के आगे पीछे किसी भी तरीके का स्टॉपर नहीं लगा था, न ही कोई पेड़ की डाल रखी गई ताकि दूर से देखकर चालक अपनी वाहन को धीमा करे। घटना की सूचना मिलते ही खड़गांव पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। बता दे कि रविवार को जक्के - पदभर्री पुलिया नीचे गिर कर माइंस कर्मी की मौत हो गई थी। लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं से क्षेत्र के लोगों में आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि हाईवे पर लंबे समय तक खराब वाहनों का खड़ा रहना हादसों को न्योता दे रहा है। जरूरत है खराब गाड़ी के आगे पीछे स्टॉपर लगा हो।

### नगरपालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम व उप निर्वाचन मई 2026 के लिए कार्यक्रम जारी

**राजनांदगांव 12 मई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरपालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम व उप निर्वाचन मई 2026 हेतु समय-अनुसूची (कार्यक्रम) जारी किया गया है। जिसके तहत जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत हेतु 11 मई 2026 पूर्वान्ह 10.30 बजे निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन एवं स्थानों (सीटों) के आरक्षण के संबंध में सूचना का प्रकाशन किया गया। साथ ही रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा मतदान केन्द्रों की सूची का प्रकाशन एवं नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया गया। नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 18 मई 2026 को अपरान्ह 3 बजे तक है। रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 19 मई 2026 को पूर्वान्ह 10.30 बजे से की जाएगी। अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की आखिरी तारीख 21 जून 2026 अपरान्ह 3 बजे तक है तथा अभ्यर्थिता वापसी के बाद रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा निर्वाचन लडने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार करना, प्रकाशन करना और निर्वाचन प्रतीकों का आबंटन किया जाएगा। नगरीय निकाय हेतु 1 जून 2026 को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक आवश्यकता होने पर मतदान किया जाएगा। रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा 4 जून 2026 को सुबह 9 बजे से मतगणना और निर्वाचन परिणामों की घोषणा किया जाएगा। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन अंतर्गत 1 जून 2026 को सुबह 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक आवश्यकता होने पर मतदान किया जाएगा तथा मतदान के पश्चात मतदान केन्द्र पर की जाने वाली मतगणना की जाएगी। आवश्यकता होने पर खण्ड मुख्यालय पर की जाने वाली मतगणना 2 जून 2026 को सुबह 9 बजे से की जाएगी। पंच, सरपंच, जनपद पंचायत के मामले में खण्ड स्तर पर सारणीकरण एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा 4 जून 2026 को सुबह 9 बजे से की जाएगी। नगर पालिका आम निर्वाचन 2026 अंतर्गत राजनांदगांव जिले में नगर पंचायत घुमका के 15 वार्डों में पार्षद पद हेतु निर्वाचन किया जाएगा।

# तिल्दा नेवरा ब्लॉक में बड़े-बड़े विकास कार्यों में तेजी

**सड़क स्वास्थ्य पेयजल शिक्षा पर महत्वपूर्ण ध्यान**

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 12 मई।** छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व उच्च शिक्षा विभाग के कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा के नेतृत्व में तिल्दा ब्लॉक में पिछले समय में विभिन्न विकास कार्यों को गति मिली है। क्षेत्र में शिक्षा, सड़क, पेयजल, पंचायत विकास, स्वास्थ्य और जनसुविधाओं से जुड़े कार्यों पर विशेष ध्यान दिया गया है। उपलब्ध सार्वजनिक जानकारियों और स्थानीय गतिविधियों के आधार पर प्रमुख विकास कार्यों का ब्यौरा इस प्रकार है–

#### शिक्षा क्षेत्र में विकास



शासकीय स्कूलों में अतिरिक्त कक्ष निर्माण और मरम्मत कार्य। कई विद्यालयों में प्रार्थना शेड, बाउंड्रीवाल और पेयजल व्यवस्था का विस्तार। ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में फर्नीचर एवं आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता बढ़ाने के प्रयास। छात्र-छात्राओं के लिए बेहतर अध्ययन वातावरण तैयार करने पर जोर।

#### सड़क एवं अधोसंरचना विकास

तिल्दा ब्लॉक के विभिन्न गांवों को जोड़ने वाली सड़कों के निर्माण एवं मरम्मत कार्य। ग्रामीण संपर्क मार्गों का डामरीकरण और पुल-पुलिया निर्माण। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सीसी रोड और नाली निर्माण कार्यों को स्वीकृति। यातायात सुविधा सुधारने के लिए मुख्य मार्गों के उन्नयन की पहल।

#### पेयजल एवं जल संसाधन

पेयजल संकट वाले क्षेत्रों में पाइपलाइन विस्तार और टैंकर व्यवस्था को मजबूत करने के प्रयास। जल आपूर्ति व्यवस्था के सुधार हेतु संबंधित विभागों को निर्देश। एनीकेट एवं जल संरचनाओं के संरक्षण और मरम्मत पर ध्यान। ग्रामीण क्षेत्रों में हैंडपंप मरम्मत एवं नए बोर कार्यों की स्वीकृति।

#### पंचायत एवं ग्रामीण विकास

सुशासन तिहार और समाधान शिविरों के माध्यम से ग्रामीण समस्याओं का निराकरण। प्रधानमंत्री आवास योजना और ग्रामीण विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी। पंचायत स्तर पर मांग पत्रों के निराकरण और जनसुनवाई शिविरों का आयोजन। महिला स्व-सहायता समूहों और ग्रामीण रोजगार गतिविधियों को प्रोत्साहन।

#### स्वास्थ्य एवं जनकल्याण

स्वास्थ्य शिविरों और टीकाकरण कार्यक्रमों को बढ़ावा। आंगनबाड़ी और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की सुविधाओं में सुधार। जरूरतमंद हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने पर जोर।

#### सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियां

विभिन्न सामाजिक संगठनों और धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजनों में सहभागिता। नागरिक सम्मान समारोह और जनसंपर्क कार्यक्रमों के माध्यम से क्षेत्रीय जुड़ाव मजबूत करना। स्थानीय विकास कार्यों के निरीक्षण और अधिकारियों के साथ नियमित समीक्षा बैठकें।

#### प्रशासनिक सक्रियता

विभागीय अधिकारियों को समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश। जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए शिविर आधारित व्यवस्था। राजस्व, पंचायत और नगरीय निकायों के कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग। तिल्दा ब्लॉक में विकास कार्यों को लेकर मंत्री टंक राम वर्मा की सक्रियता को स्थानीय स्तर पर सड़क, शिक्षा और ग्रामीण अधोसंरचना विकास से जोड़कर देखा जा रहा है। क्षेत्र में चल रहे कई कार्य अभी प्रगति पर हैं, जिनके पूर्ण होने के बाद नागरिक सुविधाओं में और सुधार की अपेक्षा की जा रही है।

**पेरमापारा के प्राचीन शिव मंदिर में आयोजित**

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में भारतीय संस्कृति व आध्यात्मिक परंपरा के संरक्षण का संदेश दिया

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता






**बीजापुर 12 मई।** जिले के भैरमगढ़ ब्लॉक में प्राचीन शिव मंदिर में भव्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। भारत की सांस्कृतिक एकता, धार्मिक गौरव और सनातन आस्था के प्रतीक सोमनाथ स्वाभिमान पर्व 2026 के तहत पेरमापारा में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, शिवभक्तों एवं ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर भगवान शिव की आराधना की तथा भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक परंपराओं के संरक्षण का संदेश दिया।

उल्लेखनीय है कि गुजरात के प्रभास पाटन स्थित ऐतिहासिक सोमनाथ मंदिर पर महमूद गजनवी द्वारा किए गए प्रथम आक्रमण के 1000 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में देशभर में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन किया जा रहा है। 8 से 11 जनवरी तक आयोजित होने वाला यह पर्व भारत की सांस्कृतिक दृढ़ता, आत्मगौरव और पुनर्जागरण का प्रतीक माना जा रहा है। सोमनाथ मंदिर 12 पवित्र ज्योतिर्लिंगों में प्रथम ज्योतिर्लिंग के रूप में प्रतिष्ठित है, जिसका उल्लेख शिवपुराण, स्कंदपुराण, श्रीमद्भागवत तथा ऋग्वेद जैसे प्राचीन ग्रंथों में मिलता है। यह वही पावन स्थल है, जहां से भगवान श्रीकृष्ण ने निजधाम प्रस्थान किया था।

राष्ट्रीय पुनरुत्थान का प्रतीक है सोमनाथ मंदिर- कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने बताया कि वर्तमान सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण स्वतंत्रता के बाद राष्ट्रीय पुनर्जागरण के प्रतीक के रूप में किया गया था। देश के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने वर्ष 1947 में इसके पुनर्निर्माण की पहल की थी, जबकि 11 मई 1951 को तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न कराई थी। महान चिंतक स्वामी विवेकानंद ने भी सोमनाथ को भारत की अमर सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक बताया था।

कार्यक्रम में श्रद्धालु भजन, पूजा-अर्चना और शिव आराधना में लीन नजर आए। मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। आयोजन के माध्यम से भारतीय संस्कृति, धर्म और आस्था को संरक्षित रखने का संदेश दिया गया। आयोजन में क्षेत्र के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों के साथ स्थानीय प्रशासन के एसडीएम, तहसीलदार, जनपद पंचायत सीईओ, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में भक्त गण मौजूद रहे।

# जर्जर पुलिया से नीचे गिरने से बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत



**मोहला 12 मई।** सरकार की उदासीनता से जा रही लोगों की जान , जिन क्षेत्र से खनिज न्यास मद की प्राप्ति हो रही वो छेत्र आज भी पुल - पुलिया जैसे मूलभूत सुविधाओं के लिए अछूता है। जिला मोहला मानपुर अं चौकी में खड़गांव के माइनिंग क्षेत्र जक्के में वर्षों से जर्जर पड़ी पुलिया एक बार फिर जानलेवा साबित हुई। रविवार शाम खरदी बाजार से वापस लौट रहे कोहका निवासी बृजलाल बोगा की क्षतिग्रस्त पुलिया में बाइक सहित नीचे गिरने से मौत हो गई।घटना लगभग शाम 7 बजे की है घटना के बाद इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है।बताया जा रहा है कि बृजलाल बोगा रविवार रात बाजार से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान पदभर्री -जक्के के बीच स्थित क्षतिग्रस्त पुलिया पार करते समय उनकी बाइक अनियंत्रित होकर नीचे जा गिरी। हादसा इतना गंभीर था कि मौके पर ही उनकी मौत हो गई। बाइक भी पुलिया के नीचे क्षतिग्रस्त हालत में पड़ी मिली। मृतक रात भर से पुलिया के नीचे रहा सुबह ग्रामीणों ने देखा जिसकी सूचना खड़गांव थाना में दी गई। ग्रामीणों का कहना है कि यह पुलिया लंबे समय से टूटी और खतरनाक स्थिति में है। हर वर्ष यहां दुर्घटनाएं होती रहती हैं और कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। बावजूद इसके अब तक पुलिया निर्माण या मरम्मत को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि कई बार शासन-प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को इस समस्या से अवगत कराया गया। उच्च अधिकारियों और नेताओं ने मौके का निरीक्षण भी किया, लेकिन आज तक पुलिया निर्माण नहीं हो पाया है।

जक्के पंचायत सरपंच अजीत बोगा ने बताया कि रात के अंधेरे में क्षतिग्रस्त पुलिया से बाइक उछल कर नीचे गिर गई जिसके वजह से मौके पर मृतक की मौत हो गई है। पूर्व में वन विभाग के माध्यम से पुलिया का निर्माण हुआ था। क्षतिग्रस्त होने के बाद अनेकों बार प्रशासन को आवेदन दिया गया था। जक्के - पदभर्री पुलिया के बारे में डी एम एफ बैठक में बात रखी गई थी प्रशासन ने जानकारी दी कि पुलिया की स्वीकृति हो चुकी है। बारिश के बाद निर्माण चालू होगी।घटना के बाद ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। लोगों ने जल्द से जल्द पुलिया निर्माण कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते पुलिया की मरम्मत या नया निर्माण कराया गया होता, तो आज एक व्यक्ति की जान बच सकती थी।

# विश्व रेडक्रॉस दिवस राज्य स्तरीय कार्यक्रम में जिले का उत्कृष्ट प्रदर्शन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 12 मई।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सहभागिता हेतु भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी जिला शाखा बीजापुर की टीम उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुई। यह दल कलेक्टर एवं जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सह सचिव के मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देश कार्यक्रम में भाग लिया।




उल्लेखनीय है कि विश्व रेडक्रॉस दिवस प्रति वर्ष 8 मई को रेडक्रॉस आंदोलन के संस्थापक हेनरी ड्यूनेट की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। रेडक्रॉस संस्था मानवता, सेवा, निष्पक्षता एवं करुणा के सिद्धांतों पर कार्य करते हुए आपदा स्वास्थ्य एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देती है। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रेडक्रॉस चेयरमैन तोमन साहू ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में वाइस चेयरमैन रूपेश पाणिग्रही एवं कोषाध्यक्ष संजय पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रदेश के सभी जिलों से राज्य प्रतिनिधि, जिला रेडक्रॉस अधिकारी, काउंसलर शिक्षक तथा जूनियर एवं यूथ रेडक्रॉस के विद्यार्थी बड़ी संख्या में शामिल हुए दल में जिले की विभिन्न जूनियर रेडक्रॉस इकाइयों से चयनित 30 प्रतिभागी शामिल हुए जिसमें 15 बालक एवं पन्द्रह बालिकाएं, प्रतिभागियों के साथ पुरुष काउंसलर आदित्य ठाकुर यदुनाथ कश्यप, पंचराम कुजूर, महिला काउंसलर लक्ष्मी ठाकुर, एंजेलिना दास, शारदा तोड़ेम भागीदारी ली।

# पुलिस ने खुलेआम शराब पी रहे लोगों के खिलाफ की कार्रवाई

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 12 मई।** पुलिस अधीक्षक महोदया सुश्री अंकिता शर्मा (भा0पु0से0) के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन, नगर पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अलेक्जेंण्डर किरो के पर्यवेक्षण में अपराधों के रोकथाम व नियंत्रण तथा काननू व शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु नशे के खिलाफचलाए जा रहे सतत अभियान कार्यवाही के तहत थाना प्रभारी सोमनी निरीक्षक अरूण कुमार नामदेव के नेतृत्व में थाना सोमनी पुलिस की टीम गठित कर दिनांक 10.05.2026 के रात्रि में मनगटा क्षेत्र अंतर्गत स्थित रिसॉर्ट में औचक छापेमारी कार्यवाही किया गया कार्यवाही दौरान ग्राम झूराडबरी मेपल रिसॉर्ट के पास आम जगह में शराब पी रहे- (01) अभिषेक पाण्डे पिता अरविन्द कुमार पाण्डे उम्र 25 साल निवासी 57 डी रूआबांधा सेक्टर भिलाई थाना नेवई जिला दुर्ग छ0ग0 (02) अंकुश कुमार पिता अरूण उम्र 20 साल निवासी आदर्श नगर ओवरब्रिज के निचे थाना डोंगरगढ जिला राजनांदगांव एवं 04 युवती के विरूद्ध 36(च) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया एवं वाद विवाद कर रहे अभिषेक पाण्डे को प्रतिबंधित करने धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर माननीय एसडीएम न्यायालय राजनांदगांव के समक्ष पेश किया गया। इसी तारतम्य में ग्राम देवादा वीरजी द ढाबा के संचालक दलप्रीत सिंह पिता कुलवंत सिंह उम्र 40 साल निवासी विरजी ढाबा ग्राम देवादा थाना सोमनी जिला राजनांदगांव छ0ग0 द्वारा अपने ढाबा शराब सेवन करने की सुविधा उपलब्ध कराते पाए जाने पर धारा 36(सी) आबकारी एक्ट की कार्यवाही किया गया तथा प्रतिबंधित करने धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर माननीय एसडीएम न्यायालय राजनांदगांव के समक्ष पेश किया गया।

**पर्यावरण स्वीकृति बाबत् आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार ने ई.आई.ए. अधिसूचना 2006 के अंतर्गत अपने ईसी पहचान पत्र नंबर- EC26A1005CG5566448N Dated 10.05.2026 द्वारा हमारी कंपनी को अपने प्रस्तावित उद्योग के स्थापना एवं संचालन हेतु ग्राम-जोरातराई, तहसील एवं जिला-राजनांदगांव (छग.) में प्रस्तावित परियोजना स्पंज आयरन, सब्मर्ज्ड आर्क फर्नेस (फेरो एलॉयज/पिग आयरन उत्पादन के लिए), कैप्टिव पावर प्लांट (डब्ल्यूएचआरबी एण्ड एएफबीसी) एवं फ्लाई ऐश ब्रिक्स प्लांट की स्थापना एवं संचालन हेतु पर्यावरण स्वीकृति प्रदाय की गई है। जिसकी प्रति पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की वेबसाईट (www.parivesh.nic.in.) तथा प्रतिलिपि छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, क्षेत्रीय कार्यालय भिलाई, दुर्ग तथा मुख्यालय अटल नगर नवा रायपुर में भी अवलोकन हेतु उपलब्ध है।

**स्थानः- राजनांदगांव (छग.)**
**दिनांकः- 11.05.2026**

**मेसर्स एसडीआरएम मेटालिक्स प्रायवेट लिमिटेड**
ग्राम-जोरातराई, तहसील एवं जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

### स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों में लॉटरी के माध्यम से प्रवेश 13 से 15 मई तक

**राजनांदगांव 12 मई।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्रवेश हेतु अधिक आवेदन पत्र प्राप्त होने पर 13 मई से 15 मई 2026 तक लॉटरी के माध्यम से सीट आबंटन की कार्रवाई की जाएगी। इसके अंतर्गत 13 मई 2026 को सर्वेश्वर दास नगर पालिक निगम उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय राजनांदगांव, पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय राजनांदगांव, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सुकुलदैहान, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी विद्यालय डोंगरगांव आदि में प्रवेश हेतु लॉटरी निकाली जाएगी।

**न्यायालय तहसीलदार छुरा, जिला-गरियाबंद (छ.ग.)**

रा.प्र.क./ /ब-121/वर्ष 2025 26

**//उद्घोषणा//**

ग्राम एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्याम सुन्दर वल्द स्व. श्री अनुजराम यादव जाति रावत ग्राम हरदी प.ह.नं. 11 रा.नि.मं. छुरा तहसील-छुरा, जिला-गरियाबंद (छ.ग.) ने अपने दादा स्व. श्री सखाराम यादव के मृत्यु प्रमाण पत्र 01 वर्ष की अवधि के अंदर पंजीयन नहीं कराने के कारण विलंबित मृत्यु का पंजीयन किये जाने हेतु उप-पंजीयक (मृत्यु) को आदेशित करने बाबत् (मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 की धारा 13 (3) एवं छ.ग. मृत्यु रजि. नियम 2001 के नियम 9 (3) के प्रयोजन हेतु) शपथ पत्र में अनुपलब्धता प्रमाण सहित प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति/संस्था/शासकीय/अर्द्ध-शासकीय निकाय या अन्य संस्था को किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 22/05/2026 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार का कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 08/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद-मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**छुरा**

**न्यायालय तहसीलदार छुरा, जिला-गरियाबंद (छ.ग.)**

रा.प्र.क./ /ब-121/वर्ष 2025 26

**//उद्घोषणा//**

ग्राम एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बरातू वल्द स्व. श्री पतिराम यादव जाति रावत ग्राम डागनबांय प.ह.नं. 11 रा.नि.मं. छुरा तहसील-छुरा, जिला-गरियाबंद (छ.ग.) ने अपने पिता स्व. श्री पतिराम यादव के मृत्यु प्रमाण पत्र 01 वर्ष की अवधि के अंदर पंजीयन नहीं कराने के कारण विलंबित मृत्यु का पंजीयन किये जाने हेतु उप-पंजीयक (मृत्यु) को आदेशित करने बाबत् (मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 की धारा 13 (3) एवं छ.ग. जन्म/मृत्यु रजि. नियम 2001 के नियम 9 (3) के प्रयोजन हेतु) शपथ पत्र में अनुपलब्धता प्रमाण सहित प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति/संस्था/शासकीय/अर्द्ध-शासकीय निकाय या अन्य संस्था को किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 22/05/2026 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार का कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 08/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद-मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**छुरा**

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मंडल बिलासपुर**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**
**Portal : http://eproc.cgstate.gov.in**

छत्तीसगढ़ शासन लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर में निम्नलिखित कार्य नवीन ई-पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदार **सरल क्र. 01 हेतु दिनांक 22.05.2026, सरल क्रं. 2 से 5 हेतु दिनांक 28.05.2026** तक निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | नि.आ.सू.क्र. /दिनांक | कार्य का नाम | लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 23 | जिला रायगढ़ के कलेक्टोरेट भवन के आंतरिक एवं बाह्य रंगरोगन कार्य। द्वितीय आमंत्रण। संभाग रायगढ़। **मद संख्या 67-2059-1481** | **50.00** |
| 2 | 24 | हाईस्कूल भवन परदेशीकापा, भालूखोंदरा, दाऊकापा एवं करनकापा का विशेष मरम्मत कार्य। **प्रथम आमंत्रण। मुंगेली संभाग मुंगेली। मद संख्या - 67-2059-3383** | **75.12** |
| 3 | 25 | जिला जांजगीर चांपा के झिलमिली से नहर पार होते हुए भैंसो तक मार्ग लं. 0.70 किमी निर्माण कार्य। **प्रथम आमंत्रण। चांपा संभाग चांपा। मद संख्या 64-5054-9002** | **88.39** |
| 4 | 26 | जिला गौरेला पेण्ड्रा मरवाही के व्यवहार न्यायालय परिसर के लिये अस्पताल मुख्यद्वार पर गार्ड रूम एवं बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य। **प्रथम आमंत्रण। पेण्ड्रा संभाग पेण्ड्रा। मद संख्या 67-4059-2450** | **77.53** |
| 5 | 27 | शासकीय किरोड़ीमल स्नाकोत्तर महाविद्यालय रायगढ़ के छात्रावास भवन में रेनोवेशन कार्य। **प्रथम आमंत्रण। रायगढ़ संभाग रायगढ़। मद संख्या 67-4202-5086** | **131.45** |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखें जा सकते है।

**अधीक्षण अभियंता**
**लो.नि.वि., बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर**

जी-262700638/11

**कार्यालय नगर पंचायत गीदम, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)**
**दूरभाष एवं फैक्स 07856-244910 Email-cmogeedam@gmail.com**

क्रमांक /369/रा./न.पं./दु. नीलामी/2026-27 | गीदम, दिनांक 09/05/2026

**//दुकान आबंटन हेतु घोष संशोधित नीलामी सूचना//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि परिषद् की बैठक दिनांक 24.03.2026 संकल्प क्रमांक 03 में लिए गए निर्णय अनुसार नगर पंचायत गीदम क्षेत्रान्तर्गत वार्ड क्रं. 01 डॉ राजेन्द्र प्रसाद वार्ड में नवनिर्मित 16 व्यवसायिक परिसर के दुकानों की नीलामी कराया जाना है, जिस हेतु नीलामी दिनांक 26.05.2026 को समय अपरान्ह 12.00 बजे निर्धारित है।

अतः इच्छुक व्यक्ति/फर्म निर्धारित संशोधित नीलामी दिनांक के दो दिवस पूर्व नीलामी आवेदन शुल्क 200. 00 रू. नगद एवं अमानत राशि TDR के माध्यम से मुख्य नगरपालिका अधिकारी के नाम से जमा कर नियत तिथि एवं समय पर आवेदन जमा कर नीलामी में भाग ले सकते हैं, दुकानों की आरक्षण की स्थिति निम्नानुसार है:-

| क्र. | दुकान क्र./आरक्षित श्रेणी | दुकानों की सं. | दुकान की साईज (मी.) में | निर्धारित मूल्य | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| | **भूतल** | | | | |
| 01 | 01-अनारक्षित, | 01 | 5.00×3.45 = 17.25 SQM | 573325 | 57350 |
| 02 | 02 - महिला वर्ग, 03-अनारक्षित, 04 अ.ज.जा, 05- अनारक्षित, 06-शिक्षित बेरोजगार | 05 | 5.00×3.50 = 17.50 SQM | 581635 | 58200 |
| 03 | 07 अनारक्षित | 01 | 4.95×3.55 = 17.57 SQM | 584044 | 58410 |
| 04 | 08 अ.पि.व. | 01 | 4.98×3.65 = 18.77 SQM | 604135 | 60420 |
| | **प्रथम तल** | | | | |
| 05 | 09 महिला वर्ग 10 अ.पि. व. 11- अ.ज.जा | 03 | 5.00×3.50 = 17.50 SQM | 502885 | 50300 |
| 06 | 12- अनारक्षित | 01 | 5.30×3.35 = 17.65 SQM | 507195 | 50720 |
| 07 | 13 - अनारक्षित | 01 | 5.00×3.60 = 18.00 SQM | 517252 | 51730 |
| 08 | 14 अनु. जाति | 01 | 4.97×3.50 = 17.39 SQM | 499868 | 49990 |
| 09 | 15- अनारक्षित | 01 | 4.98×3.55 = 17.67 SQM | 508029 | 50810 |
| 10 | 16- अ.ज.जा | 01 | 3.95×5.60 SQM = 22.12 | 531621 | 53170 |

नियम एवं शर्तें अन्य जानकारी यथावथ रहेगी।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत गीदम**

## एक नजर

### पुलिस कमिश्नरी के सौ दिन पूरे, शुक्ला को बधाई



**रायपुर, 12 मई।** राजधानी में पुलिस कमिश्नरी व्यवस्था के आज सौ दिन पूरे होने पर पूर्व पार्षद व स्टेशन रोड व्यापारी संघ के अध्यक्ष रमेश आहूजा ने प्रथम पुलिस कमिश्नर संजीव शुक्ला को बधाई दी है। आहूजा ने शुक्ला को गुलदस्ता भेंट कर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इन सौ दिनों में शुक्ला के कार्यकाल में न केवल सभी तरह के अपराधों में कमी आई है। बल्कि अपराधियों में भी पुलिस के प्रति खौफ पैदा हुआ है। कानून-व्यवस्था का राज कायम हुआ है। थाना स्तर पर भी अपराधों में नियंत्रण हुआ है। आम जनता को राहत मिली है। इतना ही नहीं ट्रैफिक व्यवस्था में भी सुधार नजर आ रहा है। शुक्ला के कार्यकाल में आम जनता का विश्वास पुलिस के प्रति बढ़ा है। पुलिस कमिश्नरेट व्यवस्था से पुलिस की कार्यप्रणाली में बदलाव नजर आ रहा है। आहूजा ने कहा कि प्रथम पुलिस कमिश्नर संजीव शुक्ला ने राजधानी में शानदार पुलिसिंग कायम की है।

### भारत विरोधी गतिविधियों पर तत्काल कार्रवाई हो : चौलेश्वर

**रायपुर, 12 मई।** केरल में कथित झंडा विवाद पर किसान नेता डॉ. चौलेश्वर चंद्राकर ने कांग्रेस नेतृत्व को घेरते हुए सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी स्थान पर भारत विरोधी गतिविधियां होती हैं तो उस पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से इस विषय पर स्पष्ट रुख सामने रखने की मांग की है। केरल में कथित झंडा विवाद पर बढ़ी राजनीतिक गर्मी शहीद भगत सिंह की पोस्टर फ्लेक्स को बेदर्दी से फाड़ा जा रहा है यह चिंतनीय विषय है द्य देश को आजादी दिलाने वाली पार्टी कांग्रेस के कार्यकर्ता खुले आम गुंडागर्दी करे यह शोभा नहीं देता 140 पुरानी पार्टी की हालत दिन ब दिन खस्ता होते जा रही है। डॉ. चौलेश्वर चंद्राकर ने कहा कि केरल भारत की प्राचीन सांस्कृतिक और आध्यात्मिक भूमि रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ स्थानों पर जीत के जश्न के दौरान कथित रूप से पाकिस्तान जैसा दिखाई देने वाला झंडा लहराया गया, जिससे लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने कहा कि यदि यह कार्य कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा किया गया है तो संबंधित राजनीतिक दलों को सार्वजनिक रूप से इसकी निंदा करनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि देश की जनता यह जानना चाहती है कि राष्ट्रीय दलों का रुख राष्ट्रहित के मुद्दों पर स्पष्ट क्यों नहीं दिखाई देता। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व से मांग की कि वे इस विवाद पर अपना पक्ष रखें और यदि कोई कार्यकर्ता दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफकार्रवाई करें।



### कमर्शियल गैस की कमी के कारण उद्योग बंद होने की कगार पर : कांग्रेस

**रायपुर, 12 मई।** प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेन्द्र वर्मा ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार की लापरवाही के कारण गलत नीतियों के कारण छत्तीसगढ़ में उद्योगों के सामने संकट आ गया है। छत्तीसगढ़ में लौह उद्योगों के लिये बड़ी संख्या में कमर्शियल एलपीजी की आवश्यकता होती है ताकि लोहे को काटा जा सके। पिछले 2 महीने से उद्योगों को कार्मिशियल सिलेंडर उद्योगों को नही मिल रहा है। उद्योगों में तालाबंदी की नौबत आ गई है। हजारो श्रमिक का रोजगार छीन रहा है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेन्द्र वर्मा ने कहा कि सरकार के द्वारा अभी तक उद्योगों को राहत देने कोई ठोस प्रयास नही किया गया। न उद्योग मंत्री न ही मुख्यमंत्री के इस मामले में बयान नही आया है। गैस की कमी के कारण उद्योगों के सामने, तथा मजदूरों के सामने अपने अतिस्तत्व को बचाने की गंभीर स्थिति पैदा हुयी है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेन्द्र वर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी मांग करती है सरकार तत्काल कार्मिशयल गैस सिलेण्डर उपल्बध कराये इस दिशा में केन्द्र सरकार से बात किया जाना चाहिये क्योकि न सिर्फउद्योगों को जिंदा रखने का मामला है बल्कि इन उद्योगो से जुड़े हजारो मजदूरों के रोजी रोटी का मामला है। यह छत्तीसगढ़ के औद्योगिक विकास का

# पीएम की अपील देशवासियों के जख्मों पर नमक डालने जैसा : बैज



**रायपुर, 12 मई।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की कल देशवासियों से की गयी अपील ने देशवासियों के जख्मों पर नमक डालने का काम किया है। पिछले 2 माह से डीजल, पेट्रोल, गैस के संकट से जूझ रही तथा महंगाई की मार झेल रहे लोगों से प्रधानमंत्री ने कहा कि

मोदी कह रहे कि किसान उर्वरकों का उपयोग कम करे जबकि देश में पिछले सात साल से उर्वरकों की कमी है। प्रधानमंत्री उर्वरक की व्यवस्था करने के बजाय बार-बार किसानों से यूरिया की खपत कम करने की अपील करते रहे है। किसानों की आय दुगुनी करने का वादा था लेकिन उर्वरक नहीं मिलने तथा महंगा उर्वरक खरीदने के कारण किसान कर्जदार हो रहे, उत्पादकता घट रही। हमारे छत्तीसगढ़ में 15 लाख मीट्रिक टन उर्वरकों की आवश्यकता है लेकिन राज्य सरकार अभी तक 51 हजार मीट्रिक टन उर्वरक ही सोसायटियों तक पहुंचा पायी है। कुल जरूरत का मात्र 30 फीसदी अभी भी 70 फीसदी उर्वरक सोसायटियों तक नहीं पहुंचा है। देश के पहले ऐसे प्रधानमंत्री है जो राष्ट्र की उत्पादकता को कम करने पर तुले हुए है।

मोदी कह रहे कि वर्क फार्म होम करिए, काम पर मत जाइए, मोदी जी के इस सलाह से फील्ड में काम करने वाले, गली कूचे में घूमकर सामान बेचने वाले, फेरी लगाने वाले क्या करेंगे? देश के पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू ने कहा था आराम हराम है। मोदी कह रहे काम मत करो घर में बैठो। महंगाई के कारण वैसे ही किचन का बजट बिगड़ा हुआ। मोदी कह रहे तेल मत खाओ, जबकि मोदी राज में किचन का बजट बिगड़ा हुआ है। खाद्य सामाग्री के दाम इतने बढ़े हुए है कि तेल क्या गृहणियां हर चीज के बजट में कटौती कर रही है। 2013 में जब देश में कांग्रेस की सरकार थी, तब भारत में सोने की कीमत 28500 से 29600 रू. प्रति ग्राम था। आज 2026 में आज सोने का भाव 152130 रू. प्रति 10 ग्राम है। 12 सालों में मोदी राज महंगाई बेतहाशा बढ़ने का अंदाजा सोने की कीमत से लगाया जा सकता है कि सोना 50 गुना महंगा हुआ है।

# हमर अस्पताल में बड़ी मात्रा में कालातीत दवाइयां : विकास



**रायपुर, 12 मई।** पूर्व संसदीय सचिव एवं छाया सांसद विकास उपाध्याय ने राजधानी रायपुर के गुढ़ियारी स्थित हमर अस्पताल में एक्सपायरी दवा के मामले में छापेमारी की। उपाध्याय ने कहा कि साय सरकार में एक्सपायरी दवा का खेल चल रहा है जिसका छोटा रूप रायपुर गुढ़ियारी स्थित हमर अस्पताल में एक्सपायरी एवं निकट एक्सपायरी डेट वाली दवाइयों की सप्लाई और खरीदी से जुड़े गंभीर मामले को लेकर निरीक्षण एवं जांच आज किये गये जहां पर अस्पताल में बड़ी मात्रा में संदिग्ध दवाइयों का जखीरा मिला है और वहीं सीजीएमएससी के वेयरहाउस में भी एक्सपायरी दवाओं का जखीरा मिला है। विकास उपाध्याय ने कहा कि यह तो राजधानी का एक छोटा सा हिस्सा है जहाँ एक्सपायरी दवा मिली है यदि इस मामले की कठोरता से जाँच होगी तो इसके अलावा राजधानी सहित छत्तीसगढ़ में ऐसे मामले जरूर मिलेंगे।

उपाध्याय ने कहा कि यदि ऐसी दवाई नवजात शिशुओं को जो उनके पोषण दुरूस्त करने के लिये दिये जाते हैं उसे खिलाई जायेगी तो उन बच्चों पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा ये तो सभी समझ सकते हैं। उपाध्याय ने इस मामले में सीधे-सीधे बीजेपी सरकार की संलिप्तता को जनता के समक्ष लाकर रख दिया है क्योंकि इससे पूर्व भी बीजेपी के संरक्षण में सीजीएमएससी द्वारा सप्लाई की गई कैल्शियम की 6500 से 7000 यूनिट दवाईयाँ खराब मिली थीं और अस्पतालों में सप्लाई किये गये मेडिकल किट जैसे दस्ताना, सिरिंज, सर्जिकल ब्लेड और अन्य कई सामग्री खराब स्थिति में मिले थे। उपाध्याय ने कहा कि बड़ी कंपनियों में भाजपा के नेताओं और उनके परिवार के लोग शामिल हैं तथा बड़ी कंपनियों से सांठ-गांठ कर उनको फायदा पहुँचाने जानबूझकर सीजीएमएससी ऐसी एजेंसियों को टेंडर दे रही है।

विकास उपाध्याय ने कहा कि आज ही वे सीजीएमएससी के साथ दोषी कंपनियों, एजेंसियों के ऊपर एफआईआर दर्ज करायेंगे। उपाध्याय ने राजधानी सहित प्रदेश भर के सभी शासकीय स्वास्थ्य केन्द्र, उप स्वास्थ्य केन्द्र, अस्पतालों में दवाईयों के जाँच परख करने की मांग उठाई है। उपाध्याय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में बीजेपी की साय सरकार लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रही है, बीजेपी नेता एजेंसियों के माध्यम से अपने परिवार को लाभ पहुँचाने एक्सपायरी और कम अवधि वाली दवाओं का खेल छत्तीसगढ़ की भोली-भाली जनता से खेल रही है और छत्तीसगढ़ में मरीजों, महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों की जान को जोखिम में डाल रहे हैं सरकार को छत्तीसगढ़ के नागरिकों की तनिक भी चिंता फिक्र नहीं है।

# संविधान जागरूकता पर व्याख्यान 13 जून को



**रायपुर, 12 मई।** वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन एवं सर्व युवा ब्राह्मण परिषद के सोशल एक्टीविटी ग्रुप की बैठक हुई। अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द ओझा एवं महिला अध्यक्ष नमिता शर्मा द्वारा की गयी. इस बैठक में समाज को संविधान के प्रावधानों से अवगत कराने एवं जागरूक करने हेतु सर्वसम्मति से लखनऊ के प्रसिद्ध अधिवक्ता - संविधान विशेषज्ञ पंकज कुमार त्रिपाठी का व्याख्यान 13 जून को वृन्दावन हाल में शाम 5.00 बजे से आयोजित करने का निर्णय किया गया. इस आयोजन में सोशल एक्टीविटी ग्रुप के समस्त सदस्यों को उनके समाजिक योगदान हेतु सम्मानित किया जाएगा. बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने समाज को संविधान की जानकारी को आज की आवश्यकता बताया और जागरूकता कार्यक्रम पर विचार प्रकट किये. बैठक में विशेष रूप से राष्ट्रीय महासचिव सुरेश मिश्रा, प्रदेश महासचिव डॉ सुनील कुमार ओझा, सलाहकार गिरजाशंकर दीक्षित, महिला महासचिव सुमन मिश्रा, महिला उपाध्यक्ष बबीता मिश्रा, सांस्कृतिक सचिव प्रीति मिश्रा, अर्चना तिवारी, अनिता राव, अभिषेक त्रिपाठी, अनिमा शर्मा, वीणा ठाकुर, सुरभि शर्मा, श्रीकांत अवस्थी, बेमेतरा अध्यक्ष कनकलता मिश्रा एवं कार्यक्रम संयोजक वाय. के. मिश्रा आदि उपस्थित रहे. इस कार्यक्रम का संचालन अरविन्द ओझा एवं आभार प्रदर्शन सुमन मिश्रा द्वारा किया गया.

### प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान 20 को

रायपुर। अखंड ब्रह्मण समाज सेवा समिति छत्तीसगढ़ द्वारा पदमा अशोक तिवारी स्मृति प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन 20 जून को वृन्दावन हॉल सिविल लाइन्स में किया जाएगा। उपरोक्त कार्यक्रम में सत्र 2026 में 10वीं एवं 12वीं (सभी बोर्ड) में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले ब्राह्मण समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा।

### हाथी के हमले में जान गंवाने वाले ग्रामीणों के परिजनों को त्वरित राहत

**रायपुर, 12 मई।** महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के निर्देशों पर जिला प्रशासन और वन विभाग ने तत्परता दिखाते हुए सूरजपुर जिला के कल्याणपुर में हाथी हमले के शिकार हुए हितग्राहियों के परिजनों को मुआवजा राशि का वितरण कर दिया है। मंत्री श्रीमती राजवाड़े घटना पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया था कि पीड़ित परिवारों को बिना किसी विलंब के सहायता राशि उपलब्ध कराई जाए।

# मोदी की सोना नहीं खरीदने की अपील के समर्थन में उतरा छग सराफा एसोसिएशन

**रायपुर, 12 मई।** छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल सोनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लोगों से एक वर्ष तक सोना नहीं खरीदने की अपील का समर्थन करते हुए कहा है कि सराफा व्यापारियों को इस मुद्दे पर घबराने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि यह कदम दीर्घकाल में देश की अर्थव्यवस्था और सराफा व्यापार दोनों को मजबूती प्रदान कर सकता है।

कमल सोनी ने कहा कि पिछले दो वर्षों से वैश्विक युद्ध, अंतरराष्ट्रीय आर्थिक अस्थिरता और बाजार में बढ़ती अनिश्चितताओं के कारण सोने की कीमतों में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। इसका सीधा असर सराफा कारोबार पर पड़ा है। उन्होंने कहा कि सामान्य आभूषण व्यापार लगभग सीमित होकर केवल बुलियन आधारित लेन-देन तक सिमट गया है, जिससे छोटे और मध्यम व्यापारियों को भारी आर्थिक दबाव झेलना पड़ा। उन्होंने कहा कि लगातार मूल्य अस्थिरता के कारण व्यापारियों को नुकसान और कारोबार में मंदी का सामना करना पड़ा, लेकिन प्रधानमंत्री की यह अपील भविष्य में व्यापक आर्थिक गतिविधियों को गति देने में सहायक सिद्ध हो सकती है। उनके अनुसार यह समय सराफा बाजार को केवल सोना खरीदने-बेचने तक सीमित रखने के बजाय उसे सेवा क्षेत्र आधारित मॉडल में विकसित करने का है। कमल सोनी ने कहा कि यदि सोने के आयात में कमी आती है तो इससे देश का विदेशी मुद्रा भंडार सुरक्षित रहेगा और रुपये की स्थिति मजबूत होगी। इसका अप्रत्यक्ष लाभ विभिन्न क्षेत्रों के छोटे उद्योगों और व्यापारिक गतिविधियों को मिलेगा। उन्होंने इसे राष्ट्रहित में व्यापारियों की महत्वपूर्ण भागीदारी बताया।

उन्होंने घरेलू स्तर पर निष्क्रिय पड़े सोने को ÷डेड कैपिटल÷ बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की सोच का उद्देश्य अर्थव्यवस्था में धन का प्रवाह बढ़ाना है। यदि लोग बैंकों, उद्योगों और उत्पादक क्षेत्रों में निवेश बढ़ाएंगे, तो इससे रोजगार सृजन के साथ आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी। कमल सोनी ने उपभोक्ताओं को बड़े कॉर्पोरेट ज्वेलरी ब्रांड्स की आक्रामक मार्केटिंग से सावधान रहने की सलाह भी दी। उन्होंने दावा किया कि ऐसे व्यापार मॉडल से बड़ी मात्रा में पूंजी देश से बाहर चली जाती है, जबकि स्थानीय सराफा व्यापार और पारंपरिक कारीगरों को अपेक्षित लाभ नहीं मिल पाता। इस दौरान उन्होंने लंबे समय से लंबित 'स्वर्ण शिल्प कला बोर्ड' के गठन की मांग भी दोहराई।

# ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के क्रियान्वयन के लिए कलेक्टरों को शासन का पत्र

**रायपुर. 12 मई।** राज्य शासन ने सभी कलेक्टरों को केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा अधिसूचित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 का क्रियान्वयन सभी नगरीय निकायों में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने मंत्रालय से परिपत्र जारी कर कलेक्टरों को स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के अन्तर्गत परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए गठित जिला स्तरीय समिति के अध्यक्ष होने के नाते इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा है।

नगरीय प्रशासन विभाग ने कलेक्टरों को अपने जिले के सभी नगर निगमों के आयुक्तों तथा नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों व अन्य संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की वर्तमान स्थिति के सूक्ष्म आकलन के निर्देश दिए हैं। सभी निकायों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन सुविधाओं जैसे मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (स्क्र्न), कंपोस्टिंग फैसिलिटी, अपशिष्ट प्रसंस्करण एवं पुनर्चक्रण इकाईयाँ, ट्रांसफर स्टेशन, सैनिटरी लैंडफिल तथा लिगेसी वेस्ट डम्प-साइट्स का स्थल निरीक्षण एवं ऑडिट करते हुए उनकी कार्यप्रणाली, तकनीकी और पर्यावरणीय स्थिति के परीक्षण के लिए भी निर्देशित किया गया है।

विभाग ने कलेक्टरों को नगरीय निकायों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन कार्य के लिए स्वीकृत सभी परियोजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए निकायों में क्रियान्वित परियोजनाओं के जियो-टैग्ड फोटोग्राफ्स हर महीने ई-मेल के माध्यम से मंगाकर परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक में जियो-टैग्ड फोटोग्राफ्स का परीक्षण करने को कहा है। इन परियोजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही बाधाओं का चिन्हांकन कर उनके समयबद्ध निराकरण के निर्देश कलेक्टरों को दिए गए हैं।

नगरीय प्रशासन विभाग ने निकायों में उत्सर्जित हो रहे ठोस अपशिष्ट के संग्रहण, परिवहन एवं प्रसंस्करण की अद्यतन स्थिति, दर्शनीय स्वच्छता, जलाशयों की सफाई, बैकलेन की स्वच्छता, नालियों एवं नालों की नियमित सफाई तथा निर्माण एवं विध्वंस (ष्ट×ष्ठ) अपशिष्ट के प्रसंस्करण की नियमित समीक्षा के निर्देश दिए हैं। विभाग ने इन कार्यों की सतत निगरानी के लिए निकायों द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के स्वच्छतम पोर्टल पर स्वीकृत परियोजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति एवं स्वच्छता गतिविधियों से संबंधित प्रविष्टियों की भी जिला स्तर पर नियमित समीक्षा करने को कहा है। विभाग द्वारा इन कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कलेक्टरों को अपेक्षित कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है।

### ऑपरेशन निश्चय : 378 किलो गांजा जब्त 12 अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

**रायपुर, 12 मई।** रायपुर रेंज पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन निश्चय के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने महासमुंद, धमतरी और गरियाबंद जिलों में सघन नाकेबंदी और वाहन चेकिंग अभियान चलाकर कुल 378.060 किलोग्राम गांजा जब्त किया है। इस कार्रवाई में 12 अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार जब्त गांजे की अनुमानित कीमत लगभग ?1 करोड़ 89 लाख 3 हजार रुपये है, जबकि 11 वाहनों सहित कुल जब्त संपत्ति की कीमत लगभग ?1 करोड़ 98 लाख 5 हजार रुपये आंकी गई है। जांच में सामने आया कि तस्करों ने इस बार गांजा तस्करी के लिए बेहद चतुर तरीका अपनाया था। आरोपी खुद को कपड़ा बेचने वाले फेरीवाले (स्ट्रीट वेंडर) के रूप में पेश कर रहे थे। मोटरसाइकिलों की पिछली सीट पर कपड़ों के ढेर के नीचे विशेष रूप से बनाए गए लोहे के जालीदार गुप्त कम्पार्टमेंट तैयार किए गए थे, जिनमें गांजा छिपाकर ले जाया जा रहा था। पुलिस की सतर्कता के चलते यह पूरा नेटवर्क पकड़ा गया। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि गांजा ओडिशा के बालिगुड़ा और तितरी (रायगढ़ा क्षेत्र) से लाया गया था, जिसे मध्यप्रदेश में खपाने की योजना थी। महासमुंद जिले में थाना बसना और कोमाखान पुलिस की संयुक्त कार्रवाई सबसे बड़ी रही। इस मामले में मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और उत्तरप्रदेश के 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

# एडलवाइज लाइफ इंश्योरेंस ने मनाया मदर्स-डे




**रायपुर 12 मई।** एडलवाइज लाइफइंश्योरेंस कंपनी रायपुर स्थित शंकर नगर शाखा में मदर्स डे सेलिब्रेट किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से एडलवाइज लाइफइंश्योरेंस कंपनी के रीजनल हेड अभिषेक श्रीवास्तव उपस्थित रहे। मदर्स डे पर उपस्थित सभी लोगों ने अपनी मां के संस्मरण को बताया कुछ ने अपने संस्मरण बताते हुए बहुत भावुक हो गए, लगभग सभी की आंखें नम हो गई थी। आज की शाम को यादगार बनाने के लिए समाचार जगत में अपनी विशेष पहचान स्थापित करने वाली मातृ शक्ति को सम्मानित करने हेतु रेणु नंदी, सैयद सलमा, वंदना पटले, अनुराधा गुप्ता, सुजाता शाह के अतिरिक्त मुख्य रूप से अलका शर्मा, पुजा शर्मा, नमिता शर्मा, के साथ और भी मातृ शक्ति को सम्मानित किया गया साथ ही प्रीति निगम और योगेश साहू द्वारा मां पर आधारित गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर एडलवाइज लाइफ इंश्योरेंस के मनीष जैन, राजकुमारी, आशु तिवारी, शमीम बानो, रोहिणी, सनीत कुमार आदि उपस्थित रहे।

# माँ गोदावरी आनंदवन आश्रम में स्वास्थ्य जांच शिविर



**रायपुर 12 मई।** माँ गोदावरी आंनद के ट्रस्टी कल्पना योगेश तिवारी ने बताया कि समय समय पर सहयोगी स्वास्थ्य सेवा संस्थानों के द्वारा मेडिकल चेकप का कैम्प लगाया जाता है और माँ गोदावरी आंनद वन आश्रम में रहने वाले सभी वरिष्ठ बुजुर्गों जनो की स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखा जाता है। और माँ गोदावरी आंनद वन में भी 24 घंटे मेडीकल की टीम चिकित्सा सेवा में तैनात रहते है और आज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हीरापुर के सहयोग से वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आश्रम में निवासरत बुजुर्गों के स्वास्थ्य की विस्तृत जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर के अंतर्गत बुजुर्गों की नेत्र जांच, टीबी जांच एवं एक्स-रे जांच की गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा सभी वरिष्ठ नागरिकों की स्वास्थ्य स्थिति का परीक्षण कर आवश्यक सावधानियों एवं नियमित देखभाल के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही जरूरतमंद बुजुर्गों को आगे के उपचार हेतु आवश्यक सलाह भी प्रदान की गई। शिविर के दौरान चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों ने बुजुर्गों से आत्मीय संवाद करते हुए उनके स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा बेहतर स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए नियमित जांच, संतुलित आहार एवं समय पर उपचार की आवश्यकता बताई।

**निर्णय** — घोटालों, घाटे और राजनीतिक कब्जे पर केंद्र का बड़ा वार, कर्मचारियों को तकनीकी ट्रेनिंग देने की तैयारी

# अब अफसर नहीं, नीति चलाएगी छत्तीसगढ़ की सहकारिता

**रायपुर, 12 मई।** छत्तीसगढ़ की सहकारिता व्यवस्था को लेकर केंद्र सरकार ने बड़ा निर्णय लिया है। वर्षों से भ्रष्टाचार, राजनीतिक कब्जे, फर्जी ऑडिट और घाटे से जूझ रहे सहकारिता विभाग को अब नई नीति के जरिए चलाने की तैयारी है। केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह के निर्देश के बाद केंद्र सरकार ने राज्य को करीब 40 पेज का विस्तृत ड्राफ्ट भेजा है। इस नीति को नाम दिया गया है सहकार से समृद्धि। सरकार का दावा है कि इससे गांव की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

**गांव तक पहुंचेगी सहकारिता:** नई नीति के तहत पंचायतवार, जिलेवार और ब्लॉकवार सहकारी समितियों का पूरा डेटा तैयार किया जाएगा। सरकार ने साफ निर्देश दिए हैं कि जहां समितियां बंद पड़ी हैं, उन्हें सक्रिय किया जाए और जहां एक भी समिति नहीं है, वहां नई समितियां बनाई जाएं। पैक्स, मत्स्य समिति, दुग्ध समिति और बहुउद्देश्यीय समितियों को एक बड़े नेटवर्क से जोड़ने की तैयारी है। सरकार का मकसद सिर्फ समितियां बनाना नहीं, बल्कि उन्हें गांव के ÷मल्टी सर्विस सेंटर÷ में बदलना है। यानी किसान को खाद, बीज, बैंकिंग, जनऔषधि, ई-डिस्ट्रिक्ट सेवा और सरकारी योजनाओं की सुविधा एक ही जगह मिले।

**पैक्स को बनाया जाएगा गांव का मिनी सचिवालय:** राज्य सरकार अब पैक्स को मल्टी परपज पैक्स के रूप में विकसित करने की तैयारी कर रही है। इसका मतलब है कि धान खरीदी केंद्र तक सीमित पैक्स अब गांव के आर्थिक केंद्र बनेंगे। सरकार का मानना है कि इससे किसानों और मजदूरों का समय और पैसा दोनों बचेंगे। दरअसल, अभी तक अधिकांश पैक्स सिर्फ धान खरीदी और खाद वितरण तक सीमित हैं। कई जगहों पर भवन हैं लेकिन गतिविधियां नहीं। कई समितियां सिर्फ चुनाव और राजनीतिक नियुक्तियों का अड्डा बनकर रह गई हैं।

### खरीफ से पहले ऑडिट का अल्टीमेटम

सरकार ने आगामी खरीफसीजन को देखते हुए सभी समितियों के पुराने कामकाज का ऑडिट अनिवार्य करने के निर्देश दिए हैं। यह फैसला इसलिए अहम माना जा रहा है क्योंकि हर साल धान खरीदी के दौरान फर्जीवाड़े, भुगतान विवाद और गड़बड़ियों के मामले सामने आते रहे हैं। राज्य में इस समय 2058 सहकारी समितियां और 2739 धान उपार्जन केंद्र संचालित हैं। कई समितियों के रिकॉर्ड वर्षों से अपडेट नहीं हुए। ऐसे में सरकार अब पुराने खातों और लंबित मामलों की जांच करवाने की तैयारी में है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26